राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 144
लखनऊ, रविवार 12 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विकास व निर्माण कार्यों की गति बढ़ाई जाय : केशव 03

संस्थाओं का कमजोर होना पूरे राष्ट्र के लिए नुकसानदेह : धनखड़ 12


# सत्य को धुंधला करके कोई नहीं रख सकता : योगी

**संबोधन**

- अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री


**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता है। सत्य एक दिन उजागर होगा। देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है। प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता एवं संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान एवं उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है। विश्वास है कि हम सब इस पथ के अनुगामी बनेंगे।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम जन्मभूमि परिसर के निकट अंगद टीले पर किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंहल को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रतिष्ठा-द्वादशी के रूप में त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत औसतन प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं का आगमन अयोध्या धाम में हो रहा है। आज अयोध्या जिस रूप में है, वह किसी से छिपी नहीं है। वर्ष 2014-2017 के पहले अयोध्या को बमुश्किल तीन-चार घंटे बिजली मिलती थी। राम की पैड़ी में सरयू जी का जल सड़ता रहता था। हजारों वर्ष पहले लंका पर विजय प्राप्त करने के उपरांत भगवान पुष्पक विमान से अयोध्या पधारे थे। हजारों वर्ष बाद भी अयोध्या में एयरपोर्ट नहीं था, लेकिन आज अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। अयोध्या की सड़कें त्रेतायुग का स्मरण करा रही हैं। सरयू मैया के घाट अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। राम की पैड़ी में अब सरयू जी का जल सड़ता नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 जनवरी से प्रयागराज की धरती पर महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है। अयोध्या जैसी भव्य सुविधा प्रयागराज में प्राप्त होने वाली है। प्रयागराज महाकुम्भ भव्यता-दिव्यता, आस्था व आधुनिकता के संगम के रूप में देखने को मिल रहा है।

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर योगी ने की आरती



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला का अभिषेक और महाआरती का कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। रामलला के दरबार को फूलों से सजाया गया है। आज रामलला को दिल्ली से आई सोने-चांदी के तारों से कढ़ाई की गयी पीतांबरी को धारण कराया गया। भव्य श्रृंगार के बाद दोपहर 12:20 बजे भगवान की भव्य आरती हुई। इसके बाद भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। प्रतिष्ठा द्वादशी पर शुरू हुआ यह उत्सव लगातार तीन दिन तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रामलला के उत्सव में शामिल हुए। वे महाआरती के बाद सीधे हेलीपैड से राम मंदिर पहुंच कर रामलला के उत्सव में सम्मिलित हुए। आदित्यनाथ ने रामलला के चरणों में शीश झुकाया व रामलला की उतारी आरती। मुख्यमंत्री ने विधिवत दर्शन-पूजन के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से आशीर्वाद लिया।

## अयोध्या का रामलला मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर : प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और आध्यात्म की महान धरोहर है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

## संगम स्नान कराने प्रदेश के सभी जिलों से चलेंगी बसें

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संगम स्नान के लिए प्रदेश के सभी जिलों से बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ को लेकर यूपी रोडवेज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूरे महाकुंभ अवधि के लिए सभी जनपदों से प्रयागराज के लिए बसों का संचालन किया जाए, साथ ही बसों के संचालन से संबंधित समय सारणी का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्नान पर्वों के अतिरिक्त भी पूरी महाकुंभ अवधि में सभी जनपदों से बसों का संचालन प्रयागराज के लिये होना चाहिए। श्रद्धालुओं को यात्रा में कोई समस्या न हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों का सेवन किसी भी बस चालक-परिचालक द्वारा नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही, प्राइवेट बसों के लिए यह सुनिश्चित किया जाये कि न तो निश्चित किराया से ज्यादा किराया लिया जाये न ही निश्चित क्षमता से अधिक ओवरलोडिंग हो।

# इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान




**एजेंसी, मुंबई।**

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इंग्लैंड के खिलाफ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

चोट से उबरने के बाद टीम इंडिया में उनकी यह वापसी करीब 14 महीने बाद हुयी है। यह सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाली है। बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने शनिवार को टीम की घोषणा की, जिसमें सूर्यकुमार यादव कप्तान और अक्षर पटेल उप-कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। शमी के शामिल होने से भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण को धार मिलेगी। टीम में अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की मौजूदगी इसे और भी पैना बनायेगी। अपने अनुभव और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता के लिए माने जाने वाले शमी की वापसी से गेंदबाजी लाइनअप में गहराई और नेतृत्व बढ़ने की उम्मीद है। घोषित टीम अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण है। संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि बल्लेबाजी लाइनअप में तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा के साथ-साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अक्षर को शामिल किया गया हैं। भारत के स्पिन आक्रमण का नेतृत्व वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई और वाशिंगटन सुंदर करेंगे। रिंकू सिंह और नितीश कुमार रेड्डी जैसे खिलाड़ियों का समावेश भविष्य के लिए युवा प्रतिभाओं को तैयार करने पर टीम के फोकस को उजागर करता है।

अब तक शानदार फार्म में चल रहे जसप्रीत बुमराह को टी20 सीरीज में आराम दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ पांचवें टेस्ट में बुमराह को पीठ में खिंचाव की समस्या हुयी थी और वह कुछ समय मैदान से बाहर भी रहे थे। ऋषभ पंत को भी टी20 सीरीज के लिये भारतीय दल में जगह नहीं मिली है।

**घोषणा**

- मोहम्मद शमी की हुई वापसी
- सूर्यकुमार यादव को मिली कप्तानी की जिम्मेदारी
- उपकप्तानी अक्षर पटेल को सौंपी

**टीम इस प्रकार है**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

भारत 22 जनवरी से दो फ़रवरी के बीच कोलकाता, चेन्नई, राजकोट, पुणे और मुंबई में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ पांच टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की मेज़बानी करेगा जिसके बाद तीन वनडे मैच नागपुर (6 फ़रवरी), कटक (9 फ़रवरी) और अहमदाबाद (12 फ़रवरी) में खेले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग का चार साल में 64 लोगों ने किया यौन शोषण

**नई दिल्ली।** केरल के पथानामथिट्टा जिले में एक नाबालिग का चार साल में 64 लोगों द्वारा यौन शोषण किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित लड़की ने थाने में बताया कि पिछले चार साल से उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया जा रहा है। अब तक 64 लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। इस मीडिया रिपोर्ट पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए इसकी निंदा की है। शनिवार को आयोग ने ट्वीट करके कहा कि अध्यक्ष विजया राहटकर के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने को कहा है। इसके साथ मामले के सभी आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच और पीड़िता को चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक देखभाल सहित आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। 3 दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है।

### बदायूं में दादी-नातिन की सिर कूचकर हत्या

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र स्थित हयातनगर गांव में शुक्रवार की देर रात को एक महिला और उसकी तीन साल की नातिन की हत्या कर दी गई। दोनों का सिर किसी भारी वस्तु से कुचला गया है। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य एकत्र करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में रहने वाले रामनाथ की पत्नी मीना (45) और उनकी तीन साल की नातिन कल्पना की शुक्रवार की रात को उस वक्त हत्यारों ने हत्या कर दी जब वे सो रही थी।

### डल्लेवाल की मेडिकल रिपोर्ट जारी, हालत नाजुक

**चंडीगढ़।** खनोरी बॉर्डर पर पिछले 47 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की मेडिकल रिपोर्ट शनिवार देर शाम सार्वजनिक कर दी गई। किसान नेताओं ने मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद संघर्ष तेज करने का ऐलान करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालिया मेडिकल रिपोर्ट में उनका कीटोन बॉडी रिजल्ट 6.53 आया, जो साधारण हालात में 0.02 से 0.27 के बीच में होना चाहिए। उनका यूरिक एसिड 11.64 है, जो साधारण हालात में 3.50 से 7.20 के बीच मे होना चाहिए। बिलीरुबिन डायरेक्ट 0.69 है, जो साधारण हालात में 0.20 से कम होना चाहिए। टोटल प्रोटीन भी नार्मल हालात के मुकाबले काफी कम है। उनके शरीर में सोडियम, पोटैशियम एवं क्लोराइड भी काफी कम है। लिवर-किडनी पैनल, सीरम रिपोर्ट का रिजल्ट 1.67 है, जो साधारण हालात में 1.00 से कम होना चाहिए।

# सरकार मादक पदार्थों के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध : शाह

**उद्घाटन**

- देशभर के पुलिस बलों और ब्यूरो को 16,914 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त करने में मिली सफलता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार मादक पदार्थों के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्री शाह ने शनिवार को यहां 'मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने मादक पदार्थ नष्ट करने के पखवाड़े और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की भोपाल क्षेत्रीय इकाई के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन करने के साथ मानस-2 हेल्पलाइन के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विस्तार की शुरुआत भी की।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव, विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के क्षेत्रीय सम्मेलन ने मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई को मज़बूत आधार दिया है और ऐसे प्रयासों का ही नतीजा है कि इस समस्या के खिलाफ हमारा अभियान बहुत पुख्ता हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में देशभर के पुलिस बलों और ब्यूरो को 16,914 करोड़ रुपए की ड्रग्स ज़ब्त करने में सफलता मिली है, जो आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा आंकड़ा है। श्री शाह ने कहा कि चुनौतियों को देखते हुए हमें और मज़बूती, शिद्दत, माइक्रो प्लानिंग और सतत् निगरानी के साथ समयानुकूल नीति बनाकर आगे बढ़ना होगा, तभी हम इस लड़ाई में सफल हो सकेंगे।

## नशामुक्त भारत की सिद्धि बहुत जरूरी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2047 में एक पूर्ण विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नशामुक्त भारत की सिद्धि बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को एक साथ एक मंच पर आना होगा और संबंधित विभागों को पूरे मनोयोग और परिश्रम के साथ इस बुराई पर विजय प्राप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार मादक पदार्थों के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने के लिए संकल्पित हैं। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने ज़ब्त मादक पदार्थो को नष्ट करने का पखवाड़ा भी शुरू किया है। इस अभियान के तहत अगले दस दिनों में लगभग 8600 करोड़ रुपए मूल्य के एक लाख किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया जएगा।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार रात 29 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कपिल मिश्रा को करावल नगर से मैदान में उतारा है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी सूची के मुताबिक नरेला विधानसभा सीट से राज करण खत्री, तिमारपुर से सूर्य प्रकाश खत्री, मुंडका से गजेंद्र दराल, किराड़ी से बजरंग शुक्ला, सुल्तानपुर माजरा (अजा) से कर्म सिंह कर्मा, शकूर बस्ती से करनैल सिंह, त्रिनगर से तिलक राम गुप्ता, सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल, चांदनी चौक से सतीश जैन, मटिया महल से दीप्ति इंदौरा, बल्लीमारान से कमल बागड़ी, मोती नगर से हरीश खुराना को टिकट मिला है। इसी तरह मादीपुर (अजा) विधानसभा सीट से उर्मिला कैलाश गंगवाल, हरिनगर से श्याम शर्मा, तिलक नगर से श्वेता सैनी, विकासपुर से पंकज कुमार सिंह, उत्तम नगर से पवन शर्मा, द्वारका से प्रद्युम्न राजपूत, मटियाला से संदीप सहरावत, नजफगढ़ से नीलम पहलवान, पालम से कुलदीप सोलंकी, राजिंदर नगर से उमंग बजाज, कस्तूरबा नगर से नीरज बसोया, तुगलकाबाद से रोहतास बिधूड़ी, ओखला से मनीष चौधरी, कोंडली (अजा) से प्रियंका गौतम, लक्ष्मी नगर से अभय वर्मा, सीलमपुर से अनिल गौड़, करावल नगर से कपिल मिश्रा को टिकट दिया गया है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मेराजुद्दीन अहमद का निधन



**समृद्धि न्यूज, मेरठ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. मेराजुद्दीन अहमद का शनिवार शाम निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। डॉ. अहमद वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे और उन्हें गत 10 जनवरी को नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि अस्पताल में शनिवार शाम करीब 4 बजे डॉ अहमद की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. अहमद को एक सरल, विनम्र और जनता के हितों के प्रति समर्पित नेता के रूप में जाना जाता था।

## भारत अब बिग डेटा पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ पैनल में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

**उपलब्धि**

- विशेषज्ञों की समिति में भारत का शामिल होना देश के सांख्यिकीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत आधिकारिक सांख्यिकी के लिए बिग डेटा और डेटा विज्ञान पर प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति में शामिल हो गया है। आधिकारिक सांख्यिकी के लिए बिग डेटा और डेटा विज्ञान पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों की समिति को बिग डेटा के लाभों और चुनौतियों की आगे की जांच करने के लिए बनाया गया था, जिसमें सतत विकास लक्ष्यों पर निगरानी और रिपोर्टिंग की क्षमता भी शामिल है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि इस विशेषज्ञ समिति में शामिल होना एक महत्वपूर्ण समय पर हुआ है, क्योंकि भारत ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण अंतराल के बाद संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी परिषद की सदस्यता ग्रहण की है। विशेषज्ञों की समिति में भारत का शामिल होना देश के सांख्यिकीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण छलांग का प्रतिनिधित्व करता है। समिति के हिस्से के रूप में भारत आधिकारिक सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए बिग डेटा और डेटा विज्ञान का उपयोग करने में वैश्विक मानकों और प्रथाओं को आकार देने में योगदान देगा। यह उपलब्धि वैश्विक सांख्यिकीय समुदाय में भारत के बढ़ते कद को रेखांकित करती है और सूचित निर्णय लेने के लिए डेटा और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की इसकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

विशेषज्ञों की समिति में भारत की सक्रिय भागीदारी डेटा इनोवेशन लैब की स्थापना और नीति निर्माण के लिए उपग्रह इमेजरी और मशीन लर्निंग जैसे वैकल्पिक डेटा स्रोतों की खोज सहित इसकी अग्रणी पहलों को उजागर करेगी। इस वैश्विक मंच पर योगदान करने का अवसर भारत को इस क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है।

## स्पैडेक्स के लिए प्रेषित अंतरिक्ष यान प्रणालियां ठीक से कर रही हैं काम : इसरो

**एजेंसी, बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि स्पेस डॉकिंग प्रयोग (स्पैडेक्स) के तहत अंतरिक्ष में भेजी गए दोनों यान इस इस समय परस्पर 230 मीटर पर स्थिर अवस्था में है और दोनों अंतरिक्ष यान प्रणालियों की स्थिति बिल्कुल ठीक है। इसरो के अधिकारियों ने शनिवार को इस मिशन की प्रणालियों के ठीक स्थित में होने की पुष्टि की। उन्होंने ने कहा कि 230 मीटर की अंतर-उपग्रह दूरी (आईएसडी) पर रोके जाने के बाद, सभी सेंसर का मूल्यांकन किया जा रहा है और अभी तक अंतरिक्ष यान की स्थिति सामान्य है।

## स्ट्रोक पीड़ितों के लिये आईआईटी कानपुर ने ब्रेन-कंप्यूटर से जुड़ा रोबोटिक हाथ बनाया

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर ने अपनी तरह का पहला ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) बेस्ड रोबोटिक हैंड एक्सोस्केलेटन (हाथ) विकसित किया है। संस्थान की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह रोबोटिक हाथ स्ट्रोक पीड़ितों के पुनर्वास में मदद करने और रिकवरी में तेजी लाने और रोगी के परिणामों को बेहतर बनाकर स्ट्रोक के बाद की चिकित्सा में बड़ा सुधार करने की संभावनायें रखता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह नवाचार आईआईटी कानपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर आशीष दत्ता द्वारा 15 वर्षों के कठोर शोध का परिणाम है, जिसे केंद्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी),ब्रिटेन इंडिया एजुकेशन एंड रिसर्च इनिशिएटिव और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से मदद मिली है।

## पुलिस कांस्टेबल की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से हुई मौत

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



चौक कोतवाली क्षेत्र में बाइक से जा रहा एक सिपाही चाइनीज मांझे की चोपट में आ गया। गर्दन कट जाने से सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

जनपद अमरोहा निवासी शारुख हसन (35) शाहजहांपुर में सिपाही के पद तैनात है। आरक्षी शनिवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बाइक बरेली मोड़ की तरफ जा रहा था। चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजिजगंज में बाइक सवार आरक्षी की गर्दन अचानक सड़क पर आकर गिरे चाइनीज मांझे में उलझ गई। आरक्षी जब तक बाइक रोकता, उसकी गर्दन कट गई और गले से खून का फव्वारा फूट पड़ा। स्थनीय लोगों की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश एस मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने बताया कि चाइनीज मांझे की चपेट में आ जाने से एक पुलिस कर्मी की मृत्यु हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

**मौसम** — दिल्ली-एनसीआर में बूंदाबांदी ने बढ़ाई ठंड

# उत्तर भारत में दो दिनों तक घने कोहरे की चेतावनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को हल्की बारिश होने के कारण ठंढ बढ़ गई है। दिल्ली के कई इलाकों में रिमझिम बारिश देखने को मिली है। गुरुग्राम में भी बारिश की हल्की बौछारें देखने को मिली हैं। मौसम विभाग ने रविवार के लिए भी कुछ इसी तरह के मौसम रहने की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई इलाकों में बारिश का दौर 12 जनवरी को भी जारी रह सकता है। इसके साथ मौसम विभाग ने कोहरे को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार इन दो दिनों तक सुबह और शाम के वक्त घना कोहरा भी छाया रह सकता है।



मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, ओडिशा और नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग इलाकों में रात एवं सुबह के समय घना कोहरा छा सकता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि और आसमानी बिजली गिरने की आशंका है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने की आशंका है। हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में ठंडे दिन की स्थिति बने रहने की संभावना है। पंजाब के कुछ स्थानों में 12 और 13 जनवरी को रात एवं सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। हरियाणा-चंडीगढ़ के कुछ स्थानों में 12 और 13 जनवरी को रात एवं सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने 12 और 13 जनवरी को पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में रात और सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना जताई है। 12 जनवरी तक राजस्थान और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में, 14-16 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों में रात एवं सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। 12-16 जनवरी के दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश को घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।


**आवश्यकता**

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833

# वास्तविक गरीबों को नहीं मिल रहा सरकारी योजना का लाभ

- ग्रामीण ने सीडीओ खीरी से की शिकायत जांच के मिले
- वास्तविक गरीबों का सहारा बने सीडीओ खीरी अभिषेक कुमार के आदेश पर जांच करने पहुंचे खं0 वि0 अधिकारी ईसानगर प्रदीप चौधरी ने जीरो पॉवर्टी तथा आवास सर्वे में दर्ज करवाया नाम, बोले वास्तविक पात्र लोगों को प्राप्त होगी सरकार की सभी सुविधाये



> ग्राम पंचायत की निवासी पिंकी ने अपने घर का फोटो भेजते हुए शिकायत की थी जिस संबंध में शिकायतकर्ता के घर जाकर जांच की गई तो वास्तविक गरीब मिली। शिकायतकर्ता वास्तविक पात्रता को देखते हुए जीरो पॉवर्टी सहित आवास में नाम जोड़ा गया, सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी
>
> प्रदीप चौधरी खं0 वि0 अधिकारी ईसानगर

**समृद्धि न्यूज। ईसानगर खीरी**

लखीमपुर खीरी की ईसानगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पकरिया के माजरा मुरौवन पुरवा की गरीब पिंकी मौर्या पत्नी राजेश मौर्या का सहारा बने सीडीओ अभिषेक कुमार। ग्राम पंचायत की पात्र गरीब पिंकी ने अपनी झोपड़ी का फोटो लगाते हुये सीडीओ खीरी को प्रार्थना पत्र दिया था द्य प्राप्त प्रार्थना पत्र को संज्ञान लेते हुए सीडीओ खीरी ने खंड विकास अधिकारी ईसानगर प्रदीप चौधरी को जांच के आदेश दिए। मौके पर जांच करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी को परिवार बेहद गरीब मिला। मौके पर ही बृहद योजना जीरो पावर्टी सहित आवास में नाम जोड़ा गया।सीडीओ अभिषेक कुमार के प्रयास से एक गरीब परिवार को वर्ष 2025 में सरकारी छत नसीब होगी , साथ ही हर सरकारी योजना का लाभ मिलेगा जिससे गरीब परिवार के चेहरे पर मुस्कान आएगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार कई पंचवर्षीय योजनाएं गुजर गई किन्तु झोपड़ी में छोटे छोटे मासूम बच्चों के साथ गुजर बसर कर रहे एक गरीब परिवार को ग्राम प्रधान की राजनीति तथा ग्राम सचिव के भ्रष्टाचारी रवैया के चलते आज तक सरकारी योजना की छत नहीं नसीब हो सकी थी।मामला सीडीओ अभिषेक कुमार के संज्ञान में आने पर प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान लिया गया, जिसके चलते गरीब परिवार में आस जगी।

# गन्ना सहित अन्य वाहनों पर लगाई रेडियम पटटी

**समृद्धि न्यूज। गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)**



रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ के द्वारा सड़क सुरक्षा माह में गोला चीनी मिल में ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम स्टीकर लगाए गए। सड़क सुरक्षा माह 11जनवरी से 17जनवरी के मध्य मनाया जाना सुनिश्चित हैं। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रोटरेक्ट सदस्यों के द्वारा चीनी मिल गोला में आने वाली ट्रैक्टर ट्रॉलियों में रेडियम स्टीकर लगाए गए और किसानों को सड़क सुरक्षा माह की जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों के पालन कराने की अपील की गई। क्लब के अध्यक्ष सर्वेंद्र अनुराग, सचिव फरीद अहमद, पूर्व डीआरआर कर्म सिंह, पूर्व डीआरआर रिशु महेश्वरी, रोट. आनंद सिंह, आदेश वर्मा, पंकज जायसवाल, कुलदीप तिवारी, पटेल सुशील वर्मा, अभिषेक वर्मा, दिलीप कुमार, आनन्द अर्कवंशी, ठाकुर गौरीश सिंह, हर्षित गुप्ता विकास गुप्ता के द्वारा अभियान चलाते हुए चौराहों से निकलने वाली ट्रैक्टर ट्रॉलियों को रोककर उनमें रेडियम स्टीकर लगाए और किसानों से सड़क सुरक्षा माह को लेकर संवाद किया गया। रेडियम स्टीकर के बारे में जानकारी देते हुए 'रोटरेक्ट सचिव ने किसानों से कहा कि इस रेडियम स्टीकर से कोहरा में ट्रैक्टर ट्रॉली दिख जाती है। जिससे हादसे कम होने की संभावना रहती है। साथ ही उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने को कहा। इस दौरान आदि नगर के सम्मानित लोग व मिल क्षेत्र के सम्मानित किसान भाई बंधु मौजूद रहे।

# मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी, मुहल्ले में दहशत

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)**



शहर के मुहल्ला सर्वोदयनगर में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर 30 हजार की नगदी समेत लगभग साढ़े तीन लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए। चोरी की इस घटना से मुहल्ले में दहशत है। पीडित ने तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर के मुहल्ला सर्वोदय नगर निवासी ताज खान 06जनवरी को अपने परिवार सहित खीरी थाना क्षेत्र के कादीपुर अपने घर गए थे। उनका कहना है कि 10 जनवरी को जब वापस लौटे तो घर का ताला टूटा देख वह दंग रह गए। अंदर जाकर देखा तो कमरे की अलमारी में रखे 30 हजार रुपये नगद झुमका, अंगूठी, पायल, कंगन, बर्तन, कपड़ा समेत साढ़े तीन लाख के जेवरात चोरी कर ले गए। मुहल्ले में हुई लाखों की चोरी से लोगों में दहशत फैली है। गृह स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। यही नहीं शहर में यह चोरी की पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी तमाम बड़ी चोरियां हो चुकी हैं। जिसमें 8 नवंबर को शहर के मुहल्ला कुम्हारन टोला में अशोक कुमार गुप्ता उर्फ टिल्लू कबाडी के घर से चोरों ने 30 लाख रुपए का सामान पार कर दिया था। जिसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ। मामले में वैश्य समिति ने कोतवाली पहुंच आंदोलन की चेतावनी दी है। जिस पर कोतवाल ने एक सप्ताह का और समय मांगा है वह भी पूरा होने वाला है।

# भारत नेपाल पत्रकार मैत्री महासंघ की बैठक का किया गया आयोजन

**समृद्धि न्यूज। पलिया कलां खीरी।**

भारत-नेपाल पत्रकार मैत्री महासंघ की एक महत्त्वपूर्ण बैठक पलिया -दुधवा के मध्य पाम रिसोर्ट में सम्पन्न हुई।

बैठक में जहां संगठन का विस्तार किए जाने पर चर्चा की गई वहीं एक देश के नागरिकों को दूसरे देश में होने वाली समस्याओं को दूर कर नेपाल में एक ही स्थान पर सारी जांचें कर सुविधा एवं भंसार के प्रपत्र जारी किए जाने की मांग की गई। नगर के रवि गुप्ता द्वारा आयोजित एवं वरिष्ठ पत्रकार रामचंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में भारत के विभिन्न समाचार पत्रों एवं टीवी चैनलों आदि के पत्रकारों ने नेपाल पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष श्रवण देउवा सहित नेपाल से आए करीब डेढ़ दर्जन नेपाली पत्रकारों का तिलक -चंदन लगा माल्यार्पण कर स्वागत किया। पश्चात उनके अतिरिक्त नगर के प्रमुख पत्रकार जय कुमार गुप्ता, विवेक अर्कवंशी, निर्जेश मिश्रा , शिशिर शुक्ला, प्रशांत मिश्रा ,विष्णु अग्रवाल ,नवीन अग्रवाल ,संजय सिंह, आनंद शाह आदि ने अपने विचार रखे और भारत से नेपाल जाने वाले नागरिकों को होने वाली समस्याएं बताईं,उधर नेपाल पत्रकार महासंघ धनगढी कैलाली के अध्यक्ष श्रवण देउवा ने कहा कि भारत और नेपाल के सदा से रोटी- बेटी के सम्बंध रहे हैं दोनों देशों की सरकारें जब आपस में प्रेम- व्यवहार बढ़ा रही हैं तो हम पत्रकारों को भी इसी रास्ते पर जाकर दोनों देशों की जनता के बीच सौहार्द स्थापित करना चाहिए,इससे दोनों देशों के आम नागरिक लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर नेपाल के पत्रकार बाल कृष्ण ओझा, कृष्ण बहादुर बिष्ट,टेक सिंह, लोकु सिंह ठकुरी, जगत जैगड़ी ,सीताराम ओझा, रमाचंद्र, तेजराम भट्ट ,सुनील ऑउडी, राम प्रकाश भास्कर, भावना जोशी, अनीता चौधरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेता रवि गुप्ता एवं सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक बालक राम, समाजसेवी चंदन शुक्ला,सौरभ मिश्रा आदि ने नेपाल से आए पत्रकारों को अंगरखा ओढ़ा कर स्मृति चिन्ह भेंट किये और प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में पधारने के लिए आमंत्रित किया।



# अमनदीप सिंह संधू प्रतिनिधि मंडल के साथ किसान आंदोलन को दिया समर्थन

**समृद्धि न्यूज । गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)**



भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ पंजाब हरियाणा बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देने खनौरी बॉर्डर पहुंच कर समर्थन दे दिया है। यहां सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनके अनशन का 46 वॉ दिन है। भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा द्वारा देश के किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून बनवाने के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें जगजीत सिंह डल्लेवाल किसान हितों में लगाकर संघर्ष कर रहे हैं। जिससे भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ संघर्ष स्थल पर पहुंचकर पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।

# राजस्व विभाग की टीम से अभद्रता,रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर) कोतवाली क्षेत्र में परिषदीय विद्यालय की बाउंड्री बाल के पास अतिक्रमण हटाने गई राजस्व की टीम से गाली गलौज के मामले में पुलिस ने प्रधानपति की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पंचायत रहीमनगर ग्रंट के प्रधानपति पंकज कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री बाल बनवाने के लिए वह राजस्व विभाग की टीम के साथ पैमाइस कराने गया था। इसी दौरान बाउंड्री बाल के पास अतिक्रमण करने वाले डालचंद पुत्र मनोहर उसका पुत्र धीरज सरकारी कार्य में बाधा डालने लगा। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके और राजस्व टीम के साथ गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी।

# असहाय जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**समृद्धि न्यूज बाँकेगंज खीरी।**



ब्लॉक बांकेगंज के अंतर्गत रामतलिया मार्ग पर स्थित द रॉयल मैरिज लॉन पर भीषण ठंड को देखते हुए मैरिज लॉन के मालिक तुफैल अहमद ने बांकेगंज क्षेत्र के विभिन्न गांवों में असहाय एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। बता दें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी असहाय एवं जरूरतमंदों को भीषड़ ठंड से बचाने के लिए तुफैल अहमद ने कंबल वितरित किए। कंबल पाने वाले व्यक्तियों के चेहरे खुशी से खिल गए और उन्होंने ढेर सारा आभार किया। तुफैल अहमद ने बताया कि कंबल लेने वालों में अधिक बुजुर्ग महिलाओं की संख्या थी। जो लोग रह गए थे उनके घर जाकर के कंबल वितरित किए गए हैं।

### गाली देने से मना किया तो घर में घुसकर लात घूँसों से की मारपीट

**पसगवॉ खीरी**

पसगवॉ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभयपुर में गाली देने से मना करने पर दबंगों ने घर में घुसकर लात घूँसों से मारपीट की। पुलिस को दी गई तहरीर में कलावती पत्नी बलराम ने बताया कि घटना 9 जनवरी 2025 की शाम लगभग 7.30 बजे की है। विपक्षी अमित पुत्र महेंद्र, अंकुल पुत्र हरिराम, रामेश्वर पुत्र सुमेर, सुधीर पुत्र रामेश्वर, गाली गलौज कर रहे थे जब मैंने गाली देने से मना किया तो उपरोक्त लोग घर में घुस आए और मुझे लात घूँसों और थप्पड़ों से मारने लगे। बचाने आई मेरी पुत्री पंछी देवी को भी उपरोक्त लोगों ने लात घूँसों और थप्पड़ों से मारा। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आ गए और आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पिटाई से लोगों के अंदरूनी चोट आई है। उपरोक्त मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू की।

# पुलिस के शिकंजे में आये सप्ताह भर पूर्व गांव से भागे प्रेमी-प्रेमिका

**समृद्धि न्यूज। कालपी (जालौन)**

गत 6 दिनों पूर्व कोतवाली क्षेत्र के गांव से गायब हुई युवती बरामद हो गयी। पुलिस ने उसके प्रेमी को भी हिरासत में लिया है।महेवा ब्लाक क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया था कि उसकी पुत्री घर से गायब हो गयी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था और युवती की खोज करने की जिम्मेदारी उप निरीक्षक राजेश कुमार को सौंपी थी। जांच कर रहे उप निरीक्षक की माने तो उन्हें पता चला कि युवती का प्रेम प्रसंग चल रहा था और वह अपने प्रेमी के साथ ही गयी है और इसी के चलते उन्होंने युवक की खोज शुरू की थी और उसका मोबाईल सर्विलांस पर लगा दिया था और शुक्रवार देरशाम जांच अधिकारी को पता चला कि युवक बस स्टैंड पर मौजूद है। पुलिस ने बगैर समय गंवाए निर्धारित स्थल पर छापेमारी की तो युवक के साथ युवती भी मिल गयी थी। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूंछतांछ शुरू की तो पता चला कि युवक अतुल पुत्र पन्नालाल उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुहम्दाबाद का निवासी है और एक धार्मिक यात्रा के दौरान दोनों परिवार राजस्थान स्थित के धर्मस्थल में मिले थे इसी दौरान युवक और युवती में प्रेम प्रसंग हो गया था और यह प्रेम इतना बढ़ा था कि नववर्ष के अवसर पर दोनों घरों से भाग निकले थे। शनिवार को पुलिस आवश्यक कार्यवाही के बाद युवती को अदालत में पेश करने की तैयारी कर रही थी।

# आमजन को घर के समीप ही न्याय मिले यह सुनिश्चित हो:जिलाधिकारी

**समृद्धि न्यूज।कोंच (जालौन)।**



जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से थाना कोंच व थाना रेढ़र में आयोजित थाना समाधान दिवस के मौके पर जन शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश दिए, साथ ही शिकायतों एवं निस्तारण को पंजिकाओं में दर्ज करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने पूर्व में निस्तारित की गई शिकायतों एवं आईजीआरएस पंजिका का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आम जनता को उनके घर के नजदीक ही न्याय मिले और उन्हें बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत होना चाहिए। थाना दिवस का उद्देश्य भी यही है कि जनता और पुलिस के बीच संवाद को बढ़ावा दिया जाए।

# रेल इंजन की टक्कर से युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज बाँकेगंज खीरी**



थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत बांकेगंज में शनिवार दोपहर एक व्यक्ति की रेल के इंजन की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

मृतक की पहचान राजा राम पुत्र बिंद्रा प्रसाद निवासी प्रतापपुर ग्रांट नंबर 11 में हुई है। बता दे घटना बांकेगंज रेलवे स्टेशन से लगभग 3 किलोमीटर दूर हुई। मृतक राजा राम रेलवे लाइन पार कर रहा था तभी गोला से बांकेगंज आ रहे हैं इंजन ने राजाराम को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोकोपायलट ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी जिन्होंने स्थानीय पुलिस और जीआरपी को सूचना दी। मृतक राजा राम की चाची चंद्रपति ने बताया कि सुबह लगभग 9.00 बजे राजाराम गांव में ही घूम रहा था जिसके बाद उसका कहीं पता नहीं चला। दोपहर में गांव के ही लोगों ने बताया कि राजाराम का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि राजाराम की पत्नी लगभग डेढ़ वर्ष पहले उसको छोड़कर चली गई थी। जिसके चलते यह बहुत परेशान रहता था। मृतक अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गया है। स्थानीय लोगों का मानना यह है कि जबसे उसकी पत्नी छोड़ कर गई थी तबसे वह शराब का आदी हो गया था। वहीं मृतक की मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

# चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण आज होगा आयोजित, तैयारियां पूरी

## आयोजन की मंशा खेल प्रतिस्पर्धा, विकास, सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरणीय जागरूकता लाना

**समृद्धि न्यूज।जगम्मनपुर (जालौन)।**

चंबल संग्रहालय द्वारा आयोजित चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण 12 जनवरी 2025 को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस बार मैराथन का उद्देश्य चंबल प्रदेश की स्थापना की मांग को प्रमुखता से उठाना है। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतिस्पर्धा है, बल्कि चंबल क्षेत्र के विकास, सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास भी है।चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण चंबल क्षेत्र के विकास, पहचान और संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन न केवल धावकों के लिए एक रोमांचक अनुभव होगा, बल्कि चंबल क्षेत्र की अनदेखी धरोहर और संभावनाओं को उजागर करने का भी प्रयास करेगा। चंबल प्रदेश की मांग को प्रमुखता से उठाने वाला यह आयोजन क्षेत्रीय विकास और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बनकर उभरेगा। चंबल मैराथन का यह संस्करण धावकों के जुनून, चंबल की प्राकृतिक सुंदरता और क्षेत्रीय विकास की उम्मीदों का गवाह बनेगा। आयोजन टीम और प्रतिभागी इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर उत्साहित हैं और उम्मीद है कि यह आयोजन चंबल क्षेत्र के विकास की दिशा में एक नई शुरुआत करेगा।

### मैराथन का मार्ग और विशेषताएं

चंबल मैराथन का यह ऐतिहासिक संस्करण 42.195 किमी की दूरी तय करेगा, जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के दो प्रदेशों और चार जिलोंकृइटावा, औरैया, भिंड और जालौन से होकर गुजरेगा। मैराथन की शुरुआत सुबह 8 बजे इटावा के प्रसिद्ध डॉल्फिन सफारी सिद्धबाबा सहसो से होगी। इसके बाद यह हनुमंतपुरा, बल्हो गढ़िया, भिंड जिले के सनावई और हरकेपुरा, जालौन जिले के सुल्तानपुरा जागीर, चंबल आश्रम हुकुमपुरा, बिलौड़, कर्रा, मई और गंज जैसे गांवों से होते हुए औरैया के जुहीखा और ततारपुर पहुंचकर पंचनद धाम महासंगम पर समाप्त होगी। इस मार्ग को खासतौर पर चंबल घाटी की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को ध्यान में रखकर चुना गया है। धावकों को रास्ते में सरसों के लहलहाते खेत, मिट्टी के भरखे, पीपे के पुल, दुर्गम बीहड़, और रेतीले मैदानों का रोमांचकारी अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, चंबल की घाटियों में प्रवासी पक्षियों के झुंड, मगरमच्छों की अंगड़ाई, और डॉल्फिन की अठखेलियां मैराथन को अद्वितीय बनाएंगी।

### चंबल प्रदेश की मांग को मिलेगा बल

इस वर्ष चंबल मैराथन में चंबल प्रदेश की मांग को प्रमुख मुद्दा बनाया गया है। चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि चंबल क्षेत्र लंबे समय से विकास और पहचान की अनदेखी का शिकार रहा है। चंबल प्रदेश की स्थापना से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी और यह आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि चंबल मैराथन सिर्फएक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय विकास और सामुदायिक भागीदारी के लिए एक आंदोलन है। डॉ. राना के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य चंबल क्षेत्र की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और उसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इसके साथ ही यह आयोजन युवाओं को स्वास्थ्य, फिटनेस और सामाजिक एकजुटता के प्रति जागरूक करेगा।

### मैराथन की तैयारियां और आयोजन टीम

चंबल मैराथन की तैयारियां पिछले छह महीनों से चल रही हैं। आयोजन टीम ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस और चिकित्सा सेवाओं के साथ समन्वय कर सभी जरूरी इंतजाम किए हैं। धावकों के लिए मार्ग पर जलपान, प्राथमिक चिकित्सा और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा, मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक कलाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों और दर्शकों को चंबल की सांस्कृतिक विविधता का अनुभव हो सके। मैराथन में भाग लेने के लिए देशभर से सैकड़ों धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें पेशेवर धावकों के साथ-साथ स्थानीय युवा, पर्यावरण प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हैं। आयोजन टीम ने बताया कि इस बार महिला धावकों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण का संकेत है।

# यूपी का ब्रांड ओडीओपी आज देश-दुनिया में मचा रहा धूम : सीएम

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने खादी महोत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन करते हुए कहा कि जिस प्रकार खादी स्वदेशी की पहचान बनी उसी प्रकार उत्तर प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) की विशिष्ट पहचान बन गई है। हर जिले का एक उत्पाद अब न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान को उत्तर प्रदेश ने पूरे प्रदेश में सबसे प्रभावी ढंग से लागू किया है। उन्होंने कहा कि हर जिले के उत्पाद न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि हस्तशिल्प और उद्यमिता को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में खादी महोत्सव 2025 का किया उद्घाटन

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को खादी महोत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस सप्ताहव्यापी महोत्सव में देशभर से आए खादी और हथकरघा उत्पादों के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सीएम योगी ने प्रत्येक स्टॉल का दौरा किया और उत्पादों की जानकारी ली। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी खादी को भारत का स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। सीएम योगी ने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि भारत का स्वाभिमान है।

महात्मा गांधी ने इसे एक आंदोलन बनाया, जिसने आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। चरखे ने देशवासियों को न केवल रोजगार का साधन प्रदान किया, बल्कि यह राष्ट्रीय आंदोलन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बना। आज, आधुनिक युग में यह मैनुअल, सोलर और इलेक्ट्रिक चरखों के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि खादी न केवल एक कला है, बल्कि समाज की आवश्यकता भी है।

### कलाकारों, बुनकरों, व उद्यमियों को एक व्यापक मंच प्रदान करता है खादी महोत्सव

खादी महोत्सव को एक व्यापक मंच बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को अपनी कला प्रदर्शित करने और नई तकनीकों को सीखने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव न केवल खादी और ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि देशभर के कलाकारों और उद्यमियों को एक मंच पर ला रहा है। मुख्यमंत्री ने खादी के अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग का उल्लेख करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि खादी और हथकरघा के उत्पाद पर्यावरण अनुकूल हैं और आधुनिक फैशन में भी लोकप्रिय हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि महाकुम्भ में 240 से अधिक स्टॉल खादी और ग्राम उद्योग के द्वारा वहां पर स्थापित किए गए हैं, जिसके माध्यम से खादी का प्रचार-प्रसार होगा। सीएम ने कहा कि खादी के वस्त्र ठंड के मौसम में गर्म होना लेकिन गर्मियों में वही कपड़ा बॉडी को ठंडा रखता है। यही हमारे उत्पाद की पहचान है जो समय के अनुरूप हमें हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक होता है।

# 11 नए अस्पतालों का लोकार्पण

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राधानी लखनऊ में शनिवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, इंदिरा नगर बी ब्लॉक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां 146 करोड़ की लागत से बनने वाली परियोजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही लखनऊ में 11 नए अस्पतालों का लोकार्पण किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा- इससे क्षेत्र की चिकित्सा सुविधा में सुधार होगा। जन-जन को सेवा मिलेगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा 146.3445 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और 12.3736 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण आज हो रहा है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के चिकित्सा की बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। इससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलेगी। डिप्टी सीएम ने महोबा में 200 बेड चिकित्सालय और ट्रॉमा सेंटर के भवन निर्माण और महानिदेशक आवासों एवं अधिकारी आवासों के भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कार्यालय जनपदीय ड्रग वेयर हाउस, बांदा,ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पनवाड़ी जनपद महोबा,20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुलपहाड़, जनपद महोबा,20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कबरई, जनपद महोबा 20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पनवाड़ी, जनपद महोबा,20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चरखारी, जनपद महोबा,20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जैतपुर, जनपद महोबा,जिला संयुक्त चिकित्सालय, औरैया में ब्लड बैंक परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम के साथ विधायक ओपी श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा और चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित रहे।



डिप्टी सीएम ने 146 करोड़ से रखी नींव

## खबरें एक नजर में

### सुयश ने की शानदार बल्लेबाजी, दयानंद एसोसिएशन पहुंचा फाइनल में

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के बी डिवीजन में हुए सेमी फाइनल में दयानंद यंग मेंस एसोसिएशन ने आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में सुयश सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 62 रन बनाये। आशीष नेहरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में अपने सभी विकेट गंवाकर 166 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज यशवर्धन ने 20 रन का योगदान दिया। अमित राज ने अपनी टीम में सबसे अधिक 32 रन बनाए, जबकि हर्ष वर्धन ने 18 रन का योगदान दिया। ऋतिक मिश्रा ने 28 रन का योगदान दिया, वहीं दयानंद की टीम ने छह विकेट गंवाकर 169 रन बना लिए और मैच को चार विकेट से जीत लिया। सबसे अधिक 62 रन सुयश ने बनाये। वहीं विदित सिंह ने 52 रन का योगदान दिया। वर्तुल शुक्ला ने 21 रन बनाये।

### तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को रौंदा इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इटौंजा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय चौकीदार की मौत हो गई। शुक्रवार शाम को बरगदी कलां के मजरा पात निवासी बृजेन्द्र अपनी ड्यूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान धर्मपुर गांव मोड़ के पास लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों ने तुरंत इटौंजा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल बृजेन्द्र को एम्बुलेंस से रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव के अनुसार, मृतक के परिजनों ने आरोपी कार का नंबर यूपी 32 एमडी 9134 बताया है। हालांकि, अभी तक थाने में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार चालक के खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में पुलिस ने वृंदावन योजना सेक्टर 20 स्थित सीएनजी पंप के पास से एक बाइक सवार को पकड़ा, जिसकी पहचान दिलीप सिंह उर्फपप्पू के रूप में हुई। वह रायबरेली के भीतरगांव का रहने वाला है और फिलहाल पीजीआई के पिपरौली में रह रहा था। उसकी बाइक की डिग्गी से 1 किलो 10 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफपहले से दो मुकदमे दर्ज हैं। दूसरी कार्रवाई में तेलीबाग चौकी पुलिस ने सेक्टर 5 की फल मंडी तिराहे के पास से एक और तस्कर को पकड़ा। बाराबंकी के जैदपुर थाना क्षेत्र के टिकरा उस्मान का रहने वाला मोहम्मद अरमान अपनी बाइक से स्मैक की तस्करी कर रहा था। उसके पास से 12 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी 100 पुड़िया बनाई गई थीं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफबक्शी का तालाब और इटौंजा थाने में पशुओं के प्रति क्रूरता का मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। दोनों ही आरोपी बाइक से घूम-घूमकर नशीले पदार्थों की बिक्री करते थे। पुलिस ने दोनों की बाइक भी जब्त कर ली हैं।

### घर में घुसकर मारपीट-लूटपाट, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में बदमाशों ने एक युवक को बंधक बनाकर लूटपाट की। युवक के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। युवक ने बदमाशों के जाने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले को मारपीट की घटना बताकर दबाने में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर के रहने वाले आदित्य सिंह एक हफ्ते पहले लखनऊ आए। यहां पर चिनहट स्थित दयाल फॉर्म में रह रहे हैं। आदित्य का आरोप है कि शुक्रवार को कुछ अज्ञात लड़के उनके घर में घुसकर लूटपाट करने लगे। उनके विरोध करने पर मारपीट करके फरार हो गए। आदित्य शनिवार को पुलिस के पास शिकायत करने पहुंचे। मामले में पुलिस का कहना है कि घटना मारपीट की है, लेकिन लूटपाट बताया जा रहा है। आदित्य सप्ताह भर पहले जेल से छूटकर आया है। हालांकि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

### 08 से 10 फरवरी तक राजभवन प्रांगण में लगेगी प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2025 का आयोजन 08, 09 व 10 फरवरी को राजभवन प्रांगण लखनऊ में किया जायेगा। प्रदर्शनी में प्रदेश में स्थित व्यक्तिगत बंगलों के उद्यान, गृहवाटिकाओं, कार्यालयों, शिक्षा संस्थाओं तथा पब्लिक पार्क आदि के उद्यान एवं प्राचीन ऐतिहासिक स्थल के उद्यानों के विभिन्न वर्गों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का ऑनलाइन आफलाइन पंजीकरण 15 जनवरी से 30 जनवरी तक किया जायेगा। निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डा वीबी द्विवेदी ने अपेक्षा की है कि इच्छुक उद्यान तथा गृहवाटिका प्रेमी, प्रतिभागी अपने उद्यानों व गृहवाटिकाओं को तैयार कर लें। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 30 जनवरी को सायं 05 ऑनलाइन तथा कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ में ऑफलाइन कराया जा सकता है।

# विंध्याचल में मां विन्ध्यवासिनी की पैड़ी का होगा पर्यटन विकास : जयवीर सिंह

48.77 करोड़ मंजूर, 14 करोड़ रुपये जारी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग पावन धाम विंध्याचल में मां की पैड़ी का पर्यटन विकास करेगा। घाट सहित अन्य कार्यों के लिए 48.77 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 14 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। ताकि, यहां आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया किउत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग विंध्याचल का पर्यटन विकास प्राथमिकता के आधार पर कर रहा है। लगभग 48.77 करोड़ रुपए से घाट का विकास, 03 चेंजिंग रूम, 07 छतरी, पाथवे, शौचालय, रिटेनिंग वॉल, प्रवेश द्वार, फ्लोटिंग बोट जेटी सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। यह स्थल शुम्भ निशुम्भ नामक दैत्यों का वध करने वाली मां विंध्यवासिनी देवी के नाम से प्रसिद्ध है।



इस मंदिर की मार्कण्डेय पुराण, देवी भागवत पुराण के साथ विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में विशिष्ट महत्ता बताई गई है। यह मंदिर उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश के साथ-साथ देश के अन्य श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है। नवरात्रि के अलावा विभिन्न मुहूर्त और बच्चों के मुंडन आदि के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। अभी हम घरेलू पर्यटन में देश में पहले स्थान पर हैं। विदेश से आने वाले पर्यटकों के आगमन में भी यह उपलब्धि हासिल करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। धार्मिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक सहित अन्य स्थलों का विकास किया जा रहा है। साथ ही, पर्यटक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं, ताकि देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक विशेष अनुभव लेकर जाएं।

### लखनऊ से अग्निवीर भर्ती रैली में नई पहल की शुरुआत

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** एआरओ लखनऊ के तहत 13 जिलों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली में कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर, अधिक सीसीटीवी कैमरे और एक समर्पित शिकायत निवारण सेल जैसी कई नई पहल शुरू की गई हैं। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (यूपी और उत्तराखंड) भर्ती कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित रैली 10 जनवरी, 2025 से 22 जनवरी 2025 तक एएमसी सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ में आयोजित की जा रही है। 11 जनवरी, 2025 की सुबह मीडिया से बातचीत करते हुए एडीजी रिक्रूटिंग (यूपी और उत्तराखंड) मेजर जनरल मनोज तिवारी ने युवाओं के प्रयासों, समर्पण और भारतीय सेना का हिस्सा बनने के उनके जोश की सराहना की। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रौद्योगिकी की ताकत का लाभ उठाया गया है।

# विद्युत विभाग का अनूठा प्रयास, सेंसर वाला हेलमेट कर्मचारियों की करेगा करंट से रक्षा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी में विद्युत विभाग अपने कर्मचारियों के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। इस प्रयास से कर्मचारियों का करंट से बचाव होगा। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की तरफ से सेंसर युक्त हेलमेट खरीदा गया है। जिसे लगाने से कर्मचारियों को काम के दौरान करंट नहीं लगेगा।

दरअसल, हेलमेट का प्रयोग अभी तक सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए हुआ करता था, लेकिन अब हेलमेट करंट से भी बचाएगा। सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं विद्युत लाइनों और पोलों पर कार्य करते समय होती हैं। इसे रोकने के लिए अनुरक्षण कार्य करने वाले कर्मियों के लिए ऐसा हेलमेट खरीदा गया है जिसमें सेंसर लगा हुआ है। सेंसर 1.9 मीटर की दूरी से ही बिजली चालू है इसकी सूचना सीटी बजाकर देने लगेगा, जिससे कर्मी को पता चल जाएगा कि लाइनों में करंट प्रवाहित है। हेलमेट पर टार्च भी लगा रहेगा, जिससे रात के समय भी काम करने में आसानी होगी। इसके अलावा विभाग की तरफ से कर्मचारियों के लिए रेडियम जैकेट, करंट अवरोधी जूते, विद्युत अवरोधी हाथ के ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट, अर्थिंग चेन तथा सीढ़ी आदि की व्यवस्था कराई गई है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल के अनुसार इस बात के लिए सभी डिस्कॉम में सख्त निर्देश दिए गए हैं कि संविदाकर्मी सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य करें। इसमें लापरवाही करने वाले कर्मियों और संस्थाओं दोनों पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान के घर पहुंचे, व्यक्त किया शोक



परिवार वालों को दिया सांत्वना

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

वरिष्ठ नेता मुजीबुर्रहमान ''बबलू'' के दुखद निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय आज उनके आवास पर पहुँचे एवं परिजनों से मिल कर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर श्री पांडेय ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ हैं। श्री पांडेय ने कहा की मुजीबुर्रहमान ''बबलू'' ने पूरा जीवन लोगों की बेहतरी के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि वो एक बेहतर नेता, कर्मठ व्यक्ति और सरल हृदय इंसान थे।

### पौष पूर्णिमा पर 134वीं आदि गंगा मां गोमती महाआरती 13 को

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से पौष पूर्णिमा 13 जनवरी,सोमवार को पूर्णिमा के अवसर पर 134वीं आदि गंगा मां गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन सायं 6 बजे से झूलेलाल वाटिका निकट श्री हनुमान सेतु गोमती तट पर होगा। सनातन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण ने बताया कि इस बार लोहड़ी पर्व के अवसर पर गिद्दा नृत्य के सांस्कृतिक संध्या, कठपुतली शो और सायं 4 बजे से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि तहरी भोज के साथ ही मासिक जन्मदिन एवं विवाह वर्षगांठ सनातन पद्धति से मनाये जायेंगे।

# विकास व निर्माण कार्यों की गति बढ़ाई जाय: केशव

हर पात्र को मिले सोशल सेक्टर की योजना का लाभ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सोशल सेक्टर की हर योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिलाया जाए। विकास व निर्माण कार्यों की गति बढ़ाई जाय। केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को हरदोई में विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना जाये। अगले कुछ दिनों में तहसील स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लें। इस प्रकार की बैठकें नियमित रूप से की जाएं। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराया जाये। गो आश्रय स्थलों में गोवंश संरक्षण किया जाये। इस सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों से भी संवाद किया जाये। गौशालाओं में हरे चारे की उपयुक्त व्यवस्था रखी जाये।जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि सभी गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



जल जीवन मिशन की समीक्षा में उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि जिस घर में नल लगा है वहाँ जल भी पहुचे। सड़कों की मरम्मत का कार्य कार्य के उपरांत तत्काल कराया जाये। जन प्रतिनिधियों से नल से जल की उपलब्धता की जाँच करायी जाये। ग्राम स्तर पर सड़कों के पुर्ननिर्माण की जाँच करा ली जाये। बिजली विभाग को उन्होंने निर्देश दिए कि बिजली कर्मचारी फोन से अच्छी तरह बात करें। सभी परिवारों तक बिजली पहुँचायी जाये। टेंडरिंग प्रक्रिया तेजी से करायी जाये।

# 1090 चौराहे से आईजीपी तक हटाया अतिक्रमण

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ नगर निगम ने शनिवार को 1090 चौराहे से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) तक अतिक्रमण हटवाया। निगम के जोन 4 और लोहिया अस्पताल के आसपास खाली प्लॉट में लगी ठेलियों को भी हटाया गया। इस दौरान दुकानदारों ने गाली-गलौज का आरोप लगाया। मौके पर दुकान लगा रहे वेंडरों का कहना है कि उनका सामान भी जब्त कर लिया गया। सामान खराब हो गया। नगर निगम ने जबरन हमारे ठेलों को हटा दिया। वहीं जोनल अधिकारी ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ, सिर्फ अतिक्रमण हटाया गया है। वेंडर पवन कुमार का कहना है कि 10 मिनट पहले ही अधिकारी आए और कहने लगे कि तुरंत सामान खाली कर दो। मौके पर मौजूद अधिकारी ने खुद को "क्ड बताया। "क्ड के नाम पर गुंडागर्दी की गई। वहीं, अभिषेक सिंह का कहना है कि 10 मिनट में आकर नगर निगम की टीम ने सभी ठेलियां उठा ली। गाली गलौज भी की गई। कुर्सी, मेज, टेबल, सब कुछ उठा ले गए हैं। कोई नोटिस नहीं दी गई है। इसकी वजह से परेशानी हुई है। नगर निगम जोन 4 के जोनल अधिकारी संजय यादव ने कहा कि 1090 से लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक अवैध रूप से दुकान लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उनका कहना है कि मौके पर टीम ने किसी से कोई गाली गलौज नहीं किया है। कोई गाली क्यों देगा? इस दौरान वेंडरों के 100 रुपए की पर्ची कटाने पर उन्होंने कहा कि यह कूड़ा उठाने के लिए कटाई गई है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते सड़क के आसपास की अवैध दुकानों को हटाया गया। जोन में स्थित वेंडरों को नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाएगा।

वेंडरों का दावा, निगमकर्मियों ने दी गाली

# 13 जनवरी को गोरखपुर में मनाया जायेगा निषाद पार्टी का संकल्प दिवस

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी का 12वां संकल्प दिवस 13 जनवरी को गोरखपुर में मनाया जाएगा। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी का गठन वर्ष 2016 में मछुआ समाज राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक आरक्षण, वर्ग 06की जमीन एवं ताल घाट पोखरों राजस्व सहिंता के अनुसार आवंटन को लेकर हुआ था। निषाद पार्टी गठन के पश्चात मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए नीत नये कार्य किए गए हैं। आज निषाद समाज प्रदेश में गर्व से जीवन यापन कर रहा है, किंतु पूर्व की सरकारों के समय निषाद, मछुआ समाज को शोषित एवं अपमानित किया जाता था। निषाद पार्टी आगामी संकल्प दिवस को निषाद पार्टी राष्ट्रीय अधिवेशन भी करने जा रही है, जिसके राष्ट्रीय कमेटी एवं प्रदेश कमेटी को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नई नियुक्तियों को भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद ही निषाद पार्टी ने अपने प्रदेश कमेटी को भंग कर दिया था और कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की सलाहानुसार कमेटियों को पुनः संचालित किया जाना है। श्री निषाद ने मछुआ समाज से अपील करते हुए कहा कि संकल्प दिवस मनाने 13 जनवरी को गोरखपुर के सिकटौर मैदान में जरूर पहुँचे।

### बसपा मिल्कीपुर चुनाव में नहीं लेंगी हिस्सा, अब भाजपा व सपा का होगा सीधा मुकाबला

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर सीट में हो रहे उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भाग नहीं ले रही है। हालांकि नौ सीटों के उपचुनाव के बाद ही बसपा मुखिया मायावती ने इसका खुद ऐलान किया था। इसके बाद से बसपा ने मिल्कीपुर विधानसभा से अपना ध्यान हटा दिया है। अब यहां भाजपा और सपा का सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। राजनीतिक जानकारों ने बताया कि बसपा के मैदान से बाहर हो जाने से मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार बढ़ गए हैं।

**सहूलियत** — ग्राम चौपालों के माध्यम से हो रही पारदर्शी चयन प्रक्रिया


# प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपाल निभा रहे अहम भूमिका

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रत्येक शुक्रवार को दो ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन कर रही योगी सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र लाभार्थियों के चयन और आवास निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार द्वारा पारदर्शी और जनहितैषी प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए, आवास प्लस के नए मानकों के अनुसार लाभार्थियों का चयन तेज गति से किया जा रहा है। इस पहल में ग्राम चौपालें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण इलाकों में हर शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन शुरू किया है। इन चौपालों में गांव की समस्या-गांव में समाधान के सिद्धांत पर कार्य करते हुए, ग्रामीणों की व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यह पहल न केवल ग्रामवासियों के जीवन को सुगम बना रही है, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता भी सुनिश्चित कर रही है।

चौपालों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन तेजी से हो रहा है। इसके लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण शुरू किया गया है, जिसमें आवास प्लस एप का उपयोग किया जा रहा है। यह एप न केवल चयन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बना रहा है, बल्कि आवास निर्माण की प्रक्रिया को भी सुगम बना रहा है। पहले लाभार्थियों को योजना का लाभ पाने के लिए कार्यालयों में जाकर ऑफलाइन आवेदन करना पड़ता था। अब सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को और सरल बना दिया है। इच्छुक आवेदक पीएमएवाई मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद आवश्यक दस्तावेज तहसीलदार कार्यालय में जमा करने होंगे, जहां उनका सत्यापन किया जाएगा। ग्राम चौपालों के जरिए इस प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें।




जिलों में जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहां योजना की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियां बनाई जा रही हैं। सीएम योगी के निर्देशन में सरकार गांवों की जमीनी समस्याओं को हल करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम कर रही है। ग्राम चौपालों के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत, बल्कि सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। चौपालों के जरिए योजना से जुड़ी सभी जानकारियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। तहसील और थाना दिवसों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के मानकों और लाभों के बारे में व्यापक जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही, जिलों में लाभार्थी चयन के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थी चयन-2024 रजिस्टर तैयार किया जा रहा है, जिससे सभी पात्र लाभार्थियों को शामिल किया जा सके। 'सभी के लिए आवास' का सपना हो रहा साकारप्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सभी के लिए आवास' के दृष्टिकोण को साकार करने में योगी सरकार का यह प्रयास एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य है कि हर गरीब को उनके जीवन का एक स्थायी ठिकाना मिले। इस योजना के तहत न केवल उन्हें छत प्रदान की जा रही है, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षित भविष्य का विश्वास भी दिलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का यह पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन सरकार की सबका साथ, सबका विकास की सोच को मजबूत कर रहा है। ग्राम चौपालों के जरिए जनजागरूकता और पारदर्शिता की यह पहल न केवल ग्रामीण विकास को गति दे रही है, बल्कि गरीबों के लिए 'सभी के लिए आवास' के सपने को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित हो रही है।

# लखनऊ-हरदोई हाईवे पर नए पुल का उद्घाटन यात्रियों को मिलेगी यातायात में सुविधा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर टिकैत गंज के पास शनिवार को नवनिर्मित पुल का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ।

आरपी इंफ्रावेंचर प्रा. लिमिटेड और सोबती इंफ्राटेक लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम द्वारा इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड के तहत इस पुल का निर्माण किया गया। समारोह में सोबती इंफ्राटेक के मैनेजिंग डायरेक्टर नैनजीत सिंह सोबती, जनरल मैनेजर राहुल चक्रेश और जगवीर सिंह, तथा डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर सूरज जायसवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



विशेष बात यह है कि निर्माण कार्य अल्प समय में ही पूरा कर लिया गया, जो प्रोजेक्ट टीम की कुशल कार्यक्षमता को दर्शाता है। यह पुल बुधरिया गांव और टिकैत गंज बेहता नाला के पास स्थित है।

नए पुल के निर्माण से लखनऊ और हरदोई के बीच यात्रा करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पहले पुराने पुल से आवागमन होता था, लेकिन अब नए पुल के बनने से यात्रा अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस विकास का स्वागत किया है, क्योंकि इससे उनकी दैनिक यात्रा में सहूलियत होगी।

# इण्डो-नेपाल अधिकारियों की गोष्ठी में डीएम ने दिया कुम्भ का न्यौता

## महाकुम्भ मेला व गणतन्त्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर दोनों देशों के बीच हुई बैठक आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेला-2025 तथा आगामी गणतन्त्र दिवस-2025 के दृष्टिगत सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में भारत व नेपाल के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के मध्य गोष्ठी आयोजित की गयी। इस बैठक में सर्वप्रथम जिला मजिस्ट्रेट, मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित भारत-नेपाल के अधिकारियों का स्वागत किया गया और आगामी महाकुम्भ-2025 व गणतन्त्र दिवस-2025 के दृष्टिगत आपराधिक व अवांछित गतिविधियों को रोकने लिये अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करने का आश्वासन दिया गया। अधिकारी द्वय ने कहा कि महाकुम्भ व गणतन्त्र दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा बल के माध्यम से सीमा पर कड़ी चौकसी रखी जा रही है।

किसी प्रकार की कोई भी अवांछित गतिविधि नहीं होने पायेगी। डिप्टी कमाण्डेण्ट 42वीं बटालियन पार्थ सारथी रॉय द्वारा बैठक में आश्वस्त किया गया कि आगामी महाकुम्भ-2025 व गणतन्त्र दिवस-2025 के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा पर तैनात जवानों के माध्यम से कड़ी सुरक्षा व पेट्रोलिंग कराई जा रही है। मुख्य जिला अधिकारी, बर्दिया रूद्र देवी शर्मा ने कहा कि नेपाल सहित जनपद बर्दिया आगामी महाकुम्भ-2025 व गणतन्त्र दिवस को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। इनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि उक्त दोनों पर्व सकुशल सम्पन्न कराने के लिये वांछित सहयोग प्रदान किया जायेगा। बैठक के दौरान डीएफओ कतर्नियाघाट ने वन्यजीवों की तस्करी व अवैध वन कटान पर प्रभावी अंकुश तथा एसएसबी ओ.पी. सिंह महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत नेपाल सीमा से संचालित होने वाली बसों की वैधता, निर्धारित यात्रियों की संख्या व सुविधा तथा सघन चेकिंग अभियान के बारे में जानकारी ली और बैठक के अन्त में जिला मजिस्ट्रेट बहराइच मोनिका रानी ने उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत-नेपाल के नागरिकों के मध्य रोटी-बेटी का सम्बन्ध बना हुआ है। डीएम ने कहा कि महाकुम्भ-2025 व गणतन्त्र दिवस-2025 के दृष्टिगत एसपी बहराइच द्वारा यह गोष्ठी आहूत की गयी है। महाकुम्भ-2025 में नेपाल राष्ट्र से भी अधिकांश नागरिक आते हैं। डीएम ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा पर अवांछनीय तत्वों की आवाजाही पर नज़र रखी जाये एवं चेकिंग के दौरान आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाये।

बैठक में भारत की ओर से जिलाधिकारी मोनिका रानी, एसपी रामनयन सिंह, आईएफएसएसपी कतर्नियाघाट कीर्ति चौधरी, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ नानपारा प्रद्युम्न सिंह, उपेन्द्र बहादुर भट्टराई, इन्स्पेक्टर, नेपाल पुलिस उपस्थित रहे।

# डीएम न्यायालय पर निर्णित हुए स्टाम्प कमी के 62 वाद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

वर्ष 2024 में 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक न्यायालय जिलाधिकारी पर स्टाम्प कमी से सम्बन्धित कुल 62 वाद निर्णित हुए जिसमें रू. 02 करोड़ 88 लाख 56 हज़ार 778 स्टाम्प कमी आरोपित किया गया। निर्णित 62 वादों में न्यायालय पर सीधे रू. 01 करोड़ 36 लाख 58 हज़ार 332 जमा कराये गये तथा शेष धनराशि रू. 01 करोड़ 51 लाख 98 हज़ार 446 की वसूली हेतु वसूली प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। माहवार निर्णित वादों की बात की जाय तो माह जनवरी में निर्णित 07 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 24,63,740=00 के सापेक्ष रू. 21,46,004=00, अप्रैल में निर्णित 03 वादों में कुल आरोपित स्टाम्प

**न्यायालय पर सीधे जमा कराये गये 01 करोड़ 36 लाख 58 हज़ार 332 रूपये**

कमी रू. 11,01,270=00, मई में निर्णित शून्य वाद के सापेक्ष जमा करायी गई धनराशि रू. 29,747=00, जून में निर्णित 05 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 14,05,160=00 के सापेक्ष रू. 18,66,696=00, जुलाई में निर्णित 08 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 34,63,390=00 के सापेक्ष रू. 30,57,602=00 जमा कराये गये। माह अगस्त में निर्णित 03 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 8,63,510=00 के सापेक्ष रू. 15,21,767=00, सितम्बर में निर्णित 02 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 21,91,450=00 के सापेक्ष रू. 22,23,392=00, अक्टूबर में निर्णित 06 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 16,02,680=00 के सापेक्ष रू. 8,28,815=00, नवम्बर में निर्णित 07 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 71,89,540=00 के सापेक्ष रू. 1,96,300=00 तथा माह दिसम्बर में निर्णित 11 वादों में कुल स्टाम्प कमी रू. 69,55,070=00 के सापेक्ष रू. 5,38,381=00 इस प्रकार 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक निर्णित कुल 62 वादों में आरोपित स्टाम्प कमी रू. 02 करोड़ 88 लाख 56 हज़ार 778 के सापेक्ष न्यायालय पर सीधे रू. 01 करोड़ 36 लाख 58 हज़ार 332 जमा कराये गये तथा शेष धनराशि रू. 01 करोड़ 51 लाख 98 हज़ार 446 की वसूली हेतु वसूली प्रमाण-पत्र जारी किया गया है।

# वाहन की ठोकर से किसान की मौत शव को पीएम के लिए भेजा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ हवाई मार्ग स्थित चौरी चौराहा के पास एक 60 वर्षिय किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से सड़क पर गिर कर घायल अवस्था मे पड़े पड़े ही उस की मौत हो गई। शनिवार की सुबह शव सड़क पर पड़ा था। हाइवे से गुजरने वाली गाड़ियों मानवता को शर्मसार करते हुए शव को रौंदते हुए निकल रही थी। शनिवार के तड़के जब आसपास के गुजरने वाले लोगो ने शव को देखा तब पुलिस को सूचना दिया। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के लाल पुर पूरे बलदी गांव के निवासी 65 वर्षिय जगन्नाथ गुप्ता पुत्र शीतला प्रसाद गुप्ता की चौरी चौराहा के पास हाइवे किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मृतक के पुत्र बनारसी गुप्ता ने बताया कि वह सरयू नहाने के लिए शुक्रवार के दिन सरयू घर से निकला था। चौरी चौराहा अपने सगे रिश्ते दार बहनोई राम पाल के यहां रुक गया था। शनिवार की सुबह घर जाने के लिए सड़क को पार कर रहा था। तभी किसी अज्ञात गाड़ी ने टक्कर मार दिया। घायल अवस्था मे पड़े पड़े ही मौत हो गई।

ठंडक कोहरा होने की वजह से उस को कोई देख नही पाया। लखनऊ हाइवे से तेज रफ़्तार से गुजरने वाली गाड़िया शव को कुचलती हुई निकल रही थी। सुबह लोगो ने देखा तो उस के जेब से मिल एक पन्नी में उस का आई कार्ड मिला और कुछ पर्चियां कागज की मिली जिस से उस की पहचान हो सकी। घर वालो को उस से सूचना दिया। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

# शास्त्री जी के आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि: वर्षा सिंह

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।**



भारत रत्न स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्य तिथि पर स्थनीय श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा में आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन के अवसर पर कॉलेज परिवार को सम्बोधित करते हुये प्रबन्ध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी व उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष से प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने शास्त्री जी की पुण्य तिथि पर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से कार्यक्रमों को वृहद स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया। इस क्रम में कालेज के नैक समन्वयक प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि कॉलेज परिसर में स्थित शास्त्री प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पुलिस लाइंस के पुलिस कर्मियों द्वारा शास्त्री जी की प्रतिमा को सलामी दी गई । सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ हवन सम्पन्न हुआ। कॉलेज प्रशासन के आह्वान पर कॉलेज की रेड रेड क्रास इकाई द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कॉलेज के छात्र कल्याण विभाग द्वारा कॉलेज के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को भीषण ठण्ड के दृष्टिगत स्वेटर का वितरण भी किया। रक्तदान कार्यक्रम में कॉलेज की रेड क्रास इकाई, रोवर्स-रेंजर्स इकाई, एनसीसी व एनएसएस का सहयोग रहा। रक्तदान कॉलेज के प्राध्यापकों व छात्रों द्वारा किया गया। रेड क्रास प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि शास्त्री जी की पुण्य तिथि पर जिला अस्पताल गोण्डा द्वारा महाविद्यालय में रक्तदान हेतु वैन भेजी गयी, जिसमें डॉ. रवि वर्मा, प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, शैलेश त्रिपाठी, राजीव उपाध्याय, अम्ब्रीस सिंह, निशा वर्मा, सुधांशु तिवारी, विकास सिंह की टीम ने रक्त एकत्रित किया। लगभग 50 लोगों ने रक्तदान हेतु अपना चेकअप कराया जिसमें से 27 लोग रक्तदान हेतु उपयुक्त पाये गये। इन सभी द्वारा रक्तदान किया गया।

रक्तदाताओं में कॉलेज के प्राध्यापकगणों में से डॉ. ओम प्रकाश यादव, शिशिर त्रिपाठी, मनीष मोदनवाल, विवेक प्रताप सिंह, डॉ. शैलजा सिंह, लखन माथुर तथा विद्यार्थियों में से सत्यम, रवि गुप्ता, श्रवण कुमार, अभिनव, अतुल सिंह, नवदीप यादव, अजीत कुमार वर्मा, अमित कुमार वर्मा व श्री प्रवीन कुमार सिंह में शामिल थे। सहयोग रेड क्रास स्वयंसेवकों नितेश तिवारी, सत्यम दुबे व कुलदीप मिश्रा एवं एन.सी.सी., रोवर्स रेंजर्स के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। छात्र कल्याण अधिकारी प्रोफेसर शिवशरण शुक्ला ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर जिन विद्यार्थियों ने गूगल फार्म भरकर आवेदन किया था उनमें से उपस्थिति 126 विद्यार्थियों को स्वेटर प्रदान किये गये। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो अमन चन्द्रा, प्रोफेसर विनोद प्रताप सिंह, प्रोफेसर आरबी सिंह बघेल, प्रो जय शंकर तिवारी,प्रोफेसर संदीप श्रीवास्तव, डॉ. चमन कौर, प्रोफेसर राव, प्रोफेसर मंशा राम वर्मा, मनीष शर्मा, सन्तोष श्रीवास्तव, डॉ ममता शुक्ला, डॉ पुष्यमित्र मिश्र, पवन कुमार सिंह, अमित शुक्ला, प्रोफेसर जेबी पाल, डॉ बैजनाथ पाल, डॉ. पूजा यादव, डॉ. वन्दना भारतीय, श्री अमित वर्मा, कार्यालय अधीक्षक सतीश दीक्षित, व्यवस्थापक शरद पाठक सहित कॉलेज के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# शासन के निर्देशानुसार प्री बोर्ड परीक्षा शुरू



**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।** श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बड़गांव गोंडा में शासन के निर्देशानुसार प्री बोर्ड परीक्षा एवं गृह परीक्षा प्रारंभ हुआ। प्रथम दिन हिंदी का प्रश्न पत्र संपादित हुआ। स्कूल का निरीक्षण अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने किया ।और सकुशल परीक्षा को देखकर हर्ष व्यक्त किया। साथ ही वरिष्ठ शिक्षकों से वार्तालाप करते हुए प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी को स्कूल का उत्थान करने पर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। उसके बाद अपर जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण भी किया गया। वृक्षारोपण के कार्यक्रम में साथ में स्कूल के प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी सहित समस्त स्टाप मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मण्डेनाला पुलिया (अम्बेडकर चौराहा) के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त संतोश कुमार पुत्र बढकाऊ पासवान नि. बगुलहवा मौजा गुरूचाही थाना पयागपुर जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल(कूटरचित नम्बर प्लेट) बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तार के आधार पर थाना को. नगर में मु.अ.सं.-17/25, धारा 319 (2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत पर जांच के आदेश

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।** देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के आदेश के अनुपालन में गोण्डा की जिलाधिकारी को अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मामला गोंडा जनपद के तरबगंज तहसील स्थित ग्राम नगवा का है, जहां सरकारी चारागाह, खलिहान और खाद गड्ढे की जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत की गई है। नगवा निवासी पराग दत्त मिश्रा ने आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 अगस्त 2018 को उच्च न्यायालय ने उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश जारी किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायत के अनुसार ग्राम प्रधान द्वारा पूर्व में भी कई बार प्रशासन से शिकायत की गई थी, परंतु समस्या जस की तस बनी रही। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी गोण्डा को निर्देश दिया है कि अवैध कब्जे की जांच कर अविलंब भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए और नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि ग्राम नगवा में चारागाह, खलिहान और खाद गड्ढे की भूमि पर कब्जे की शिकायतें कई वर्षों से लंबित हैं। वर्ष 2018 में उच्च न्यायालय द्वारा स्पष्टआदेश देने के बाद अतिक्रमण नहीं हटा, ग्रामीणों को प्रभावी कार्रवाई का इंतजार है।

### सड़क किनारे अचेतावस्था में मिला जवान का शव



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कैसरगंज कोतवाली में तैनात एक होमगार्ड जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। रानीपुर थाना क्षेत्र के कटघरा कला गांव निवासी होमगार्ड जवान कपिल देव सिंह (45) पुत्र राम शंकर सिंह की तैनाती कैसरगंज कोतवाली में थी। शनिवार को होमगार्ड जवान बाइक से ड्यूटी के लिए जा रहे थे। रास्ते में कैसरगंज हुजूरपुर मार्ग पर वह अचेतावस्था में मिले। सूचना पर परिवार के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के लोगों का कहना है कि होमगार्ड जवान ने कोतवाली में आमद दर्ज कराया। इसके बाद ड्यूटी पर जाते समय वह जमीन पर गिरे। कैसे गिरे, यह जानकारी नहीं है। वहीं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि आठ जनवरी से होमगार्ड जवान गैर हाजिर चल रहे थे। ड्यूटी के लिए आमद दर्ज नहीं कराई थी।

# थाना समाधान दिवस पर थाना रिसिया पहुंचे एएसपी सिटी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने थाना रिसिया में आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण जांच कर निस्तारण तथा वादी संवाद दिवस के अन्तर्गत विभिन्न मुकदमों के वादी को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित विवेचक को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए।

# रेलवे की जमीन पर कब्जा बना चर्चा का विषय, जिम्मेदार मौन

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।**



जनपद में किसी न किसी तरीके से जमीन के भूखे लोग सरकारी या गैर सरकारी जमीन पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है गोन्डा जनपद के रेलवे विश्राम आवास के बगल गली में रेलवे के तालाब है उसी के बगल कुछ लोग ईंटों से निर्मित मकान का कार्य कर रहे हैं जो चर्चा का विषय बना है तो वही रेलवे के जिम्मेदार अन्जान बने हुए हैं।

मामला चर्चा में तब आया जब रेलवे के जमीन पर मजार बनाकर कब्जा करने का भी प्रयास किया जा रहा है। चर्चा के मुताबिक जब जमीनी हकीकत देखने कुछ पत्रकार मौके पर पहुंचे तो निर्माण हो रहा रहा था और एक व्यक्ति निकल कर आया कहने लगा की तालाब मेरा है इसी लिए ईंटों का प्रयोग करके कमरे को बना रहा हूं जबकि उसी रेलवे के जमीन पर अन्य भी जबरन कब्जा है इसका भी खुलासा कई लोगों ने किया है। फिलहाल खबरें लिखें जाने तक रेलवे के किसी भी अधिकारी का पक्ष किन्हीं कारणों से नहीं मिल सका है।

# देश में कोविड और लॉकडाउन की समाप्ति के बाद भी जनता को मुफ्त में राशन क्यों ?

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**सरकार सबको मुफ्त में गल्ला देकर क्या अपाहिज बनाना चाहती है ?**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** देश में कोविड आया लॉकडाउन हुआ लोगों की स्थिति खराब हुई सरकार ने इसलिए मुफ्त राशन शुरू किया कि देश में कोई भूखा ना रहे यहां तक तो बात समझ आती है लेकिन जब कोविड खत्म हुआ लॉकडाउन खत्म हुआ देश में फिर से सब कुछ बहाल हो गया फिर आखिर लोगों को मुफ्त में राशन क्यों दे रही है सरकार इस पर जगह-जगह चर्चा हो रही है बात किसी पार्टी की नहीं ना यहां भाजपा की बात हो रही है ना कांग्रेस की बात हो रही है और नहीं समाजवादी पार्टी की बात हो रही है बात सिर्फ इतनी है कि आखिर मुफ्त में राशन खिलाकर सरकार क्या साबित करना चाहती है आज स्थिति यह है कि लोग अपने खेत में अनाज नहीं बोते हैं क्योंकि उनको मालूम है कि हमको गल्ला हर महीने फ्री में मिलेगा उनको शायद यह नहीं पता है कि यह उनका जन्म सिद्ध अधिकार नहीं है और जब जनता को मुफ्त की खाने की आदत लग जाएगी तो फिर वह कभी भी सही और गलत का निर्णय नहीं कर पाएंगे सरकारी गल्ले की दुकान पर 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल बहुत समय से मिलता रहा था बीच में जब लॉकडाउन हुआ उस समय सारे रोजगार बंद हो गए रेलगाड़ी बंद हुई हवाई जहाज बंद हुआ और बस बंद हो गई आवा गमन खत्म हो गया उस समय सरकार ने लोगों को मुफ्त में राशन दिया इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है किंतु आज लॉकडाउन खत्म हुए लगभग दो या तीन वर्ष हो चुके हैं और भारत की सरकार सबको मुफ्त में गल्ला देकर क्या अपाहिज बनाना चाहती है यहां सोचने की बात है की मुफ्त का खाना व्यक्ति को आलसी व कामचोर ही बना रही है इसलिए समय रहते सरकार को चाहिए कि अब यह मुफ्त की खाने की आदत समाप्त कर दे और जैसे पहले 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल मिलता था कम से कम उतनी धनराशि तो लोगों से लेकर के ही राशन दे।

# एसपी ने समस्त आईजीआरएस पुलिसकर्मियों का किया सम्मान

**जनशिकायतों के निस्तारण में बहराइच पुलिस को तीसरी बार प्रथम स्थान मिलने पर हुए कार्यक्रम**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण में बहराइच पुलिस के प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जनपद के समस्त आईजीआरएस पुलिस कर्मियों को परिश्रम से दायित्वों के निर्वहन पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के जन सुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर जनपदीय पुलिस ने प्रदेश भर में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिकायती पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करते हुए बहराइच पुलिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

छोटे स्तर से लेकर बड़े स्तर तक की सभी आमजन की समस्याओं के दृष्टिगत मुख्यमंत्री की ओर से जन शिकायत (आईजीआरएस) पोर्टल बनाया गया है। जिसमें पीएम पोर्टल, सीएम पोर्टल, डीएम पोर्टल, एसपी पोर्टल, सम्पूर्ण समाधान दिवस, ऑनलाइन व ऑफलाइन प्राप्त होने वाली शिकायतों को एक प्लेटफार्म पर लाया गया है, जिससे शिकायतों का गुणवत्तापरक, पारदर्शितापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण किया जा सके। इसी पोर्टल पर जनपदीय पुलिस ने कार्य करते हुए शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण किया है। जिसे लेकर प्रदेश भर में जनपद बहराइच को माह दिसम्बर की रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला है। प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त करने में आईजीआरएस सेल, क्षेत्राधिकारी कार्यालयों व थानों पर आईजीआरएस कार्य हेतु नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा अथक परिश्रम किया गया। इस अवसर पर आईजीआरएस के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिहं, आईजीआरएस सेल प्रभारी दिग्विजय नाथ, जनपद के समस्त आईजीआरएस पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एसपी ने की कार्रवाई चौकी इंचार्ज समेत सात पुलिसकर्मी निलंबित

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने विभाग में बड़ी कार्रवाई करते हुए चौकी इंचार्ज समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। इससे महकमे में हड़कंप मच गया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के जालिम नगर चौकी पर दो दिसंबर की रात ट्रक चढ़ गई थी। जिसमें फूस के मकान में संचालित चौकी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई थी। हादसे का केस पुलिस ने थाने में दर्ज करवाया था।

साथ ही मामले की जांच शुरू की। गुरुवार को आईजी अमित पाठक ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ मौके का निरीक्षण किया था। मामले में संदिग्धता मिलने पर पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी इंचार्ज दिनेश बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल नरसिंह, रामानन्द, रामसुमेर, सिपाही गौरव कुमार, धर्मजीत व अवनीश कुमार को निलम्बित कर दिया है। एसपी ने यह कार्रवाई विधिक कार्यवाही में बाधा डालने व प्रकरण से सम्बन्धित लोगों को परेशान करने, मानसिक संत्रास देने, पुलिस छवि को धूमिल करने व अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने व स्वेच्छाचारिता करने तथा अनुशासनहीनता बरतने के मामले में कार्रवाई की है। मालूम हो कि जिले की अंतिम सीमा पर स्थित इस चौकी पर बड़े कारनामे होते हैं।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर ट्रैफिक इंस्पेक्टर से हुई नोकझोंक



**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

महाकुंभ यात्रा को सुगम बनाने के लिए शहर के विभिन्न रूटों पर यातायात पुलिस और नगर पालिका परिषद बहराइच की ओर से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। अतिक्रमण अभियान को लेकर शहर के लोगों से यातायात निरीक्षक से नोकझोंक भी हुई। काफी देर तक हंगामा रहा। पीएसी जवान भी लगे रहे।प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ शुरू हो रहा है। महाकुंभ की यात्रा के लिए शासन की ओर से 70 रोडवेज बसें भी भेजी गई हैं। इन बसों से महाकुंभ की यात्रा श्रद्धालु करेंगे। यह बसें रोडवेज बस अड्डे से सिविल लाइन होते हुए गोंडा मार्ग से प्रयागराज जाएंगी।

लेकिन रोडवेज बस अड्डे से लेकर रेलवे क्रॉसिंग तक लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। ऐसे में यात्रा और भीड़ को देखते इसे सुगम बनाने के निर्देश शासन ने दिया है। जिस पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अतिक्रमण हटाकर सड़कों को सुगम बनाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह और जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर यातायात निरीक्षक बीके मिश्रा ने पुलिस बल के साथ शुक्रवार को डीएम तिराहा से जेल तक की सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर दिया है। सीडीओ, नगर मजिस्ट्रेट, एडीएम और अन्य अधिकारियों के आवास के सामने लगी दुकानों को पुलिस ने हटा दिया है। इसके बाद पुलिस टीम जेल रोड स्थित डॉक्टर केडिया अस्पताल के सामने पहुंची। यहां पर सड़क की पटरियों पर लगी दुकानों को हटाया जाने लगा तो रायपुर राजा के पूर्व सभासद ने आम लोगों के साथ विरोध जताया।



### सेवाभारती अवध प्रांत बहराइच के तत्वाधान में लगा स्वास्थ शिविर

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**दिल्ली से कुष्ठ रोगियों का निःशुल्क इलाज़ करने कुष्ठ आश्रम सचल दल पहुंचा। बहराइच नगर के गुल्लाबीर मंदिर के निकट स्थित वृद्ध आश्रम एवं कुष्ठ आश्रम में निवासरत कुष्ठ रोगियों का स्वास्थ परीक्षण साथ इलाज हुआ।दिव्यांग कुष्ठ रोगियों को सपोर्ट के लिए छड़ी मिली। समर्पण चिकित्सको साथ सदस्यों ने पूर्ण मनोभाव साथ रोगियों का इलाज करा। समर्पण ने सेवाभारती टीम को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यता सेवाभारती विभाग अध्यक्ष इंद्रबहादुर सिंह, मंत्री शशांक सिन्हा,जिला प्रचार प्रमुख विपिन ,नगर प्रचार प्रमुख अभिषेक , सभासद सुरेश गुप्ता, भारत विकास परिषद के रत्नाकर ,कृष्ण गोपाल तायल , नीरव सिंह सहित जिले के वरिष्ठ समाज सेवी उपस्थित रहे।

# टीम को देख दुकान बंदकर भागा संचालक, लाइसेंस निलंबित

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



जिले में संचालित खाद के 52 दुकानों का शनिवार को कृषि विभाग की टीम ने जांच की। मिहीपुरवा में कृषि विभाग की टीम को देख खाद व्यापारी दुकान बंद कर फरार हो गया। जिस पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। वहीं जिले भर से 21 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा गठित कृषि विभाग की टीम ने शनिवार को खाद और कीटनाशक के दुकानों पर छापेमारी की। इनमें जिला कृषि अधिकारी डॉ सुबेदार यादव द्वारा मिहीपुरवा एवं नानपारा तहसील में, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने सदर एवं पयागपुर तहसील मे एवं अपर जिला कृषि अधिकारी श्रीज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा महसी एवं कैसरगंज तहसील में छापेमारी अभियान चलाया गया।सभी टीमों द्वारा कुल 52 दुकानों पर छापेमारी कर, संदिग्धता प्रतीत होने पर 21 नमूने ग्रहण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया। जिला कृषि अधिकारी की टीम मिहींपुरवा में जांच के लिए पहुंची तो निरीक्षण के दौरान, जगदीश खाद भंडार मिहीपुरवा द्वारा दुकान बंद कर संचालक फरार हो गया। जिसके चलते खाद की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। स्टॉक में अनियमितता, एवं अभिलेख अपूर्ण के कारण जयसवाल खाद भंडार, किसान कृषि केंद्र एवं ज्योति खाद भंडार मिहींपुरवा सहित पांच विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी ने जिले के उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि सभी उर्वरक विक्रेता पोस मशीन से आधार कार्ड से खेतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें।

# फर्जी प्रपत्रों व तहसील की मुहर के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

- फर्जी अधिवक्ता बनकर करता रहा ठगी का काम, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- एक फर्जी आई कार्ड के साथ कोर्ट की मोहरी भी बरामद

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



फर्जी अधिवक्ता बनकर घूम रहे युवक को सिटी मजिस्ट्रेट न्यायिक कोर्ट में मौजूद न्यायालय के कर्मचारियों ने पकड़ लिया है। जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट फर्जी अधिवक्ता को पेश करते हुए उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।मामला रायबरेली जिले के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सदर न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय का है। जहां पर न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद का फर्जी आई कार्ड बनाकर, तैनाती के बहाने लोगों से ठगी का काम करता था। इस बात का खुलासा तब हुआ जब न्यायालय कमरे के अंदर रजिस्टर्ड अधिवक्ताओं ने उसके पास से न्यायिक न्यायालय की मोहरे देखने को मिली। जिसके बाद अधिवक्ताओं द्वारा शिकायत करने पर न्यायालय कक्ष में तैनात कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया। मामले में जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से कंप्यूटर ऑपरेटर न्यायिक मजिस्ट्रेट अतिरिक्त का एक फर्जी आई कार्ड के साथ कोर्ट की मोहरी भी बरामद की गई ।

### फर्जी अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग

पकड़े गए आरोपी युवक का नाम रजक अहमद पुत्र स्वर्गीय आफक अहमद निवासी खुर्रम नगर लखनऊ है। फर्जी परिचय पत्र के आधार पर आरोपी युवक की जन्म तिथि 14 नवम्बर 1998 दर्ज है, तो वहीं उप जिला अधिकारी न्यायिक सदर कार्यालय में तैनाती की तारीख 24 दिसंबर 2024 बताई जा रही है। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने अधिकारियों के समक्ष ऐसे फर्जी अधिवक्ताओं और नटवरलालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है ।

### कंप्यूटर ऑपरेटर और फर्जी मोहरे बरामद

क्षेत्राधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मामले में पकड़े गए आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है और उसके पास से फर्जी न्यायालय में तैनाती कंप्यूटर ऑपरेटर और फर्जी मोहरे बरामद की गई है तथ्यों के आधार पर मामले में विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## विद्युत संविदा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

डलमऊ रायबरेली

विद्युत वितरण निगम द्वारा संविदा कर्मियों को हटाने को लेकर आदेश पारित हुआ है जैसे ही इसकी खबर विद्युत संविदा कर्मियों को पता चली वैसे ही संविदा कर्मी उपकेंद्र में ही विरोध प्रदर्शन करने लगे आदेश के अनुसार निगम ने एक नई फॉर्म के साथ अनुबंध किया है जिसके तहत विद्युत केंद्रों पर कार्यरत संविदा कर्मियों के हटाने की तैयारि की जाएगी इस आदेश से आक्रोशित संविदा कर्मियों ने डलमऊ उपकेंद्र में विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की है कर्मियों का कहना है कई सालों से कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मियों को हटाने से वह बेरोजगार हो जाएंगे शेष कर्मियों पर कार्य का दबाव बढ़ेगा जिससे कार्य में गड़बड़ी और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ेगी संविदा कर्मी पंकज ने कहा है की नई कंपनी हम लोगों को बाहर कर रही है यदि ऐसा हुआ तो हम कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।इस विरोध प्रदर्शन में महेश राहुल प्रमोद कुमार विनोद सोनी और कई संविदा कर्मी मौजूद रहे संविदा कर्मियों का कहना है कि अगर विद्युत विभाग द्वारा हमें निकल गया तो हम धरना प्रदर्शन करके विरोध करेंगे अधिकारियों से आदेश को वापस लेने की अपील की है।

# डीएम-एसपी ने महाकुंभ की तैयारियों का लिया जायजा



- समस्त व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण कराने के सम्बन्धित अधिकारियों को दिए निर्देश

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के साथ दिव्य, भव्य महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जनपद में की गई तैयारियों की समीक्षा हेतु विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने ट्रैफिक व्यवस्था, प्रकाश की व्यवस्था, साफ सफाई सहित श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए विश्रामालय शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, इसके पश्चात (रायबरेली- प्रयागराज) राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्यो का भी निरीक्षण किया और एनएचएआई के अधिकारियों को ससमय कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे कि श्रद्धालुओं के आवागमन व विश्रामालय शिविर में ठहरने में किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न ना हो। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# भाष नगर वार्ड दो में नाली पुनर्निर्माण और सफाई की मांग, वार्डवासियों ने सौंपा मांगपत्र

उतरौला (बलरामपुर)

मोहल्ला सुभाष नगर वार्ड दो के निवासियों ने नाली की दुर्दशा और सफाई की समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वार्डवासियों ने जीर्ण-शीर्ण नाली के पुनर्निर्माण और तत्काल सफाई कराने की मांग की है। वार्डवासी आशीष वर्मा ने बताया कि ज्ञानदास गुप्त के मकान से रूपचंद गुप्त के गली तक मकानों के पीछे स्थित नाली पूरी तरह से जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है। झाड़ियों और मलबे से भरी इस नाली की दशा ऐसी हो गई है कि यह समतल हो चुकी है। नाली की सफाई न होने के कारण मकानों के पानी की निकासी बाधित हो रही है, जिससे गंदगी का अंबार लग गया है। करीब दस वर्ष पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा इस नाली का निर्माण कराया गया था। लेकिन निर्माण के बाद से ही न तो नाली की सफाई की गई और न ही कीटनाशकों का छिड़काव हुआ। अब यह नाली मलबे और झाड़ियों से भरकर उपयोगहीन हो गई है, जिससे मकानों के पीछे स्थायी गंदगी बनी हुई है। गंदगी और पानी के ठहराव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। वार्डवासियों ने कहा कि अगर नाली की सफाई और पुनर्निर्माण तुरंत नहीं कराया गया तो यह समस्या गंभीर रूप धारण कर सकती है। वार्डवासियों ने अधिशासी अधिकारी से अपील की कि नाली का पुनर्निर्माण कराया जाए और नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए। साथ ही कीटनाशकों का छिड़काव भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि गंदगी और मच्छरों से राहत मिल सके। इस मांगपत्र को सौंपने के दौरान दिनेश गुप्त, राधेश्याम, राजेश कुमार, रोहित गुप्त, रुपेश गुप्त और दिलीप गुप्त समेत कई वार्डवासी उपस्थित रहे। सुभाष नगर वार्ड दो के नागरिकों ने समस्या को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है। यदि समय पर नाली की सफाई और पुनर्निर्माण नहीं हुआ, तो यह समस्या जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

## जेल स्पोर्ट्स लीग का आयोजन

रायबरेली समृद्धि न्यूज़



जिला जेल में पहली बार जेल स्पोर्ट्स लीग का आयोजन किया गया है। सभी खेलों में बंदियों ने ही प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला अधिकारी हर्षिता माथुर और एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह ने किया। इस दौरान जिलाधिकारी और एसपी ने चेस की चाल चल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जेल अधीक्षक अमन सिंह ने कहा कि बंदियों में जो नीरसता आ जाती है उसे दूर करने के लिये विभिन्न जेलों में ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उसी कड़ी में रायबरेली जिला जेल में भी व्यापक पैमाने पर दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवाल, बैडमिंटन, चैस, कैरम व रस्साकशी समेत कई खेल आयोजित किये गये हैं। अधीक्षक ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बंदियों में नई ऊर्जा का संचार होता है।

- जिला अधिकारी हर्षिता माथुर और एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह ने किया उद्घाटन

## बृजेश दत्त गौड़ बने निकाय संघ रायबरेली के अध्यक्ष

डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



निकाय संघ द्वारा आयोजित एक बैठक में नगर पंचायत डलमऊ के अध्यक्ष ब्रिजेश दत्त गौड़ को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमें रायबरेली जनपद के सभी निकाय अध्यक्षों ने सर्वसम्मत से नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ ब्रिजेश दत्त गौड़ को निकाय संघ रायबरेली का अध्यक्ष चुना शुक्रवार को नगर पंचायत लालगंज कार्यालय में रायबरेली जनपद के सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक आयोजित की गयी जिसमें नगर पंचायत परशदेपुर के अध्यक्ष विनोद कौशल द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि नगर निकायों में उत्पन्न समस्याओं को दूर करने के लिए नगर पंचायत डलमऊ के चौथी बार अध्यक्ष पं0 बृजेश दत्त गौड़ को नगर निकाय संघ जनपद रायबरेली का जिला अध्यक्ष बनाया जाय जिसको उपस्थित नगर पालिका रायबरेली के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर एवं उपस्थित सभी निकाय अध्यक्षों द्वारा सर्व सम्मति से पारित और श्री गौड़ को निकाय संघ का जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया। इस अवसर पर श्री गौड़ ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी दी गयी है उसका जिले स्तर से लेकर शासन स्तर तक अवगत कराकर समस्याओं को दूर कराने का हर सम्भव प्रयास करूंगा। निकाय अध्यक्षों के सम्मान के लिए तत्पर रहूंगा। नगर पंचायत लालगंज की अध्यक्ष सरिता गुप्ता द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# ओथी गांव मे विशाल मेला भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

सैकड़ो साधुओं ने आश्रम में किया भोजन विशाल मेले का हुआ आयोजन साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में उमडी भीड़। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के ओथी गांव में बाबा पवारे मल के स्थान पर सैकड़ों साधुओं को भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया गया साथ-साथ विशाल मेले का आयोजन भी हुआ। ग्राम प्रधान सुनील मौर्य ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से भंडारे मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है ।ग्राम वासियों एवं क्षेत्रीय लोगों का बाबा के ऊपर अपार आस्था और विश्वास है वर्षो से यहां पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता चला आ रहा है। बाबा पवारे मल के स्थान पर जहां सैकड़ों साधुओं ने भोजन किया तो वहीं विशाल मेले का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने मेले में पहुंचकर जमकर खरीदारी की झूले चाट एवं जलेबी का लुफ्त उठाया साथ-साथ बाबा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद भी मांगा। वही रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों (नौटंकी )का भी आयोजन होना है ।इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष सुभाष चंद्र जग प्रसाद संकठा रंजीत कुमार रामकुमार बाबा जय जय राम अवधेश यादव बबलू लोधी बेचू प्रसाद सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



# गुरुकुल महाविद्यालय द्वारा 10 टीबी रोगियों को दी गई पोषण पोटली और कंबल

महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

गुरुकुल महाविद्यालय द्वारा लगातार मानवता के कार्य किए जा रहे हैं। जिससे जहां असहाय लोगों को मदद मिल रही है तो वही क्षेत्र में गुरुकुल महाविद्यालय की जमकर वह वही हो रही है।

गुरुकुल महाविद्यालय द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचकर 10 टीबी रोगियों को गोद लिया गया तथा उन्हें पोषण पोटली एवं कंबल दिए गए महाविद्यालय द्वारा टीबी रोगियों को खाने पीने की सामग्री दी गई जिससे कि टीबी रोग पर विजय मिले और रोगी सही हो। वही रोगियों को कंबल भी दिया गया जिससे कि उन्हें ठंड से बचने में मदद मिले। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर प्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुकुल महाविद्यालय द्वारा 10 टीबी रोगियों को गोद दिया गया है गुरुकुल महाविद्यालय की उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा द्वारा किया गया यह कार्य बहुत ही सराहनीय है ।वही गुरुकुल महाविद्यालय की उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा द्वारा समय-समय पर मानवता के कार्य किए जाते हैं।



# महाकुंभ के लिए बसों की अग्रिम बुकिंग के लिए प्रोत्साहन योजना लागू

उतरौला (बलरामपुर) समृद्धि न्यूज़।






महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन 13 जनवरी 2025 से प्रयागराज में शुरू हो रहा है। इस संबंध में यात्रियों की सुविधा हेतु क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा एक बैठक में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में महाकुंभ मेला में आने-जाने के लिए निगम बसों की अग्रिम बुकिंग को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट योजनाएं लागू करने का निर्णय लिया गया है।

महाकुंभ मेला में यात्रियों की सुगमता के लिए निगम बसों में अग्रिम बुकिंग की सुविधा दी जाएगी। इस योजना के तहत ग्राम प्रधान, प्रेरक या किसी समूह के प्रतिनिधि को यदि वह 50 यात्रियों के समूह के लिए अग्रिम बुकिंग करवाते हैं, तो उन्हें बुकिंग स्थल से प्रयागराज तक अथवा वापसी यात्रा के दौरान दो यात्रियों को बिना किराया भुगतान के यात्रा करने की सुविधा मिलेगी।

इस योजना के अंतर्गत बुकिंग स्थल से गंतव्य स्थल तक 50 टिकटों का निर्गमन 5 मिनट के भीतर किया जाएगा। इस प्रक्रिया में, पहली टिकट से लेकर अंतिम टिकट तक का निर्गमन तय समय में किया जाएगा ताकि यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। ग्राम प्रधान, ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर, स्थानीय स्कूल, कॉलेज, तहसील, ब्लॉक और वार्ड स्तर पर इस योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके माध्यम से यात्रियों को समय से बसों की अग्रिम बुकिंग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और सुदृढ़ संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

महाकुंभ मेला के आयोजन के लिए यात्रीगण के आराम और सुगमता को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और संबंधित अधिकारियों द्वारा समय से पहले तैयारियों का दौर शुरू कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत यात्रियों को किफायती और आरामदायक यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

# डीएम–एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद

- समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण : डीएम

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना जगतपुर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शिकायतों के निस्तारण पेपर पर ही नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी किया जाये। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादो को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए।

# संघ द्वारा समरसता भोज का किया गया आयोजन

महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समरसता भोज का आयोजन क्षेत्र के हसनपुर ग्राम पंचायत के मंदिर पर किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी बछरावां विधानसभा एवं मौजूदा प्रांतीय परिषद सदस्य दो मातादीन पासी के द्वारा की गई। समरसता भोज में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नीचे पदाधिकारी और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने एक साथ बैठकर खिचड़ी भोज का आनंद लिया। कृपा शंकर त्रिपाठी एडवोकेट ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सभी को साथ लेकर चलता है जाति पात का कोई भेद नहीं एक साथ सभी लोग बैठकर भोजन करते हैं। आए हुए स्वयं सेवकों से आग्रह किया कि देश सेवा के लिए 1 घंटे का समय निकले । समरसता भोज में खंड कार्यवाहा धर्मेंद्र जगमोहन अवधेश मिश्रा हसनपुर प्रधान केशव चौधरी अनुराग श्रीवास्तव बद्री विशाल अवस्थी तुलसी मौर्य सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महाकुंभ के बैनर पर युवक ने की टॉयलेट स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर की पिटाई, वीडियो वायरल

बछरावा रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

बाउंड्री वॉल पर लगाए गए महाकुंभ के बैनर पर एक युवक टॉयलेट करते हुए नजर आया जिसे देखने के बाद स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर उसकी पिटाई कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना शनिवार सुबह 7~00 बजे की है जब सोशल मीडिया पर मारपीट का एक वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में एक युवक को कुछ लोग गाली गलौज करते व मारपीट करते हुए देखे जा सकते हैं। वायरल वीडियो के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है कि यह वीडियो शुक्रवार देर रात्रि का बताया जा रहा है। जिसमें एक युवक बछरावां विकासखंड की बाउंड्री वॉल पर लगाए गए कुंभ मेले के बैनर पर टॉयलेट कर रहा था। जिसे स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकडा गया, और उसके साथ मारपीट भी की गई। वीडियो में सुनाई पड़ रही आवाजों में युवक के द्वारा हिंदू देवी देवताओं के लगाए गए पोस्टर पर टॉयलेट करने का मामला सामने आया है। जिससे नाराज स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी।

## जपा संविधान गौरव अभियान के तहत नगर मंडल सम्मेलन का आयोजन*

उतरौला (बलरामपुर) समृद्धि न्यूज़।

भाजपा कार्यालय, उतरौला में संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत नगर मंडल सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम करण मिश्रा ने कहा कि बाबा साहेब ने कमजोर, पिछड़े वर्गों और किसानों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका योगदान अविस्मरणीय है और यह राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष फणींद्र गुप्ता ने की। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, विधानसभा प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव, पवन कसौधन, नीरज कसौधन, संतोष कसौधन, लक्ष्मी रतन गुप्ता, विष्णु गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष सीवी माथुर, विकास कसौधन, रोहित राज गुप्ता, अमित गुप्ता, राहुल राज गुप्ता और बूथ अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सादुल्लानगर मंडल में संविधान गौरव अभियान का कार्यशाला संपन्न

सादुल्लानगर/बलरामपुर। समृद्धि न्यूज़।



संविधान गौरव अभियान कार्यशाला का बैठक सादुल्लानगर मंडल के तुलसी विद्या मंदिर में किया गया। इसी क्रम जिसका उद्देश्य संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना और विशेषकर अनुसूचित जाति (स्ट) बहुल क्षेत्रों में जागरूकता करना है। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिष्णु प्रताप गुप्ता के नेतत्व मे किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता मनोज श्रीवास्तव ने संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।महँथ वीरेंद्र दास,बहरैची प्रसाद गुप्ता,अवधेश उपाध्याय,सियाराम सरोज ने डा0भीमराव अम्बेडकर के विचारों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम गुप्ता ने किया।आयोजित बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त किये।रमेश चंद्र तिवारी ने कहा कि यह अभियान संविधान के प्रति कांग्रेस पार्टी और उनके साथियों द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार के खिलाफ है, और संविधान सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि आस्था और श्रद्धा का विषय है।सम्भल जैसे स्थान को कैसे बिपक्षी द्वारा किस प्रकार दुष्प्रचार किया जा रहा है।अंत में मंडल अध्यक्ष बिष्णु गुप्ता ने आए हुए सभी कार्यकर्ताओ आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मुख्यातिथि मनोज श्रीवास्तव,मंडल अध्यक्ष बिष्णु गुप्ता,महँथ बीरेंद्र दास,महिला मोर्चा अध्यक्ष गुड़िया वर्मा,अरविन्द मिश्रा,बहरैची प्रसाद गुप्ता,राधेश्याम गुप्ता,दीपचंद जायसवाल,रमेश तिवारी, सुमित सिंह,बिजय गुप्ता,भगवान पूजन पटेल,हनुमान प्रसाद,अरविन्द तिवारी,राम मूरत प्रजापति,रमेश चौहान कमलेश गुप्ता सियाराम सरोज तेज बहादुर यादव दयाशंकर तिवारी श्याम जी वर्मा प्रमोद त्रिपाठी ओम प्रकाश सिंह गम भारती सहित सभी मंडल पदाधिकारी सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी व सभी बूथ अध्यक्ष गण मौजूद रहे।।

# उतरौला-गोंडा मुख्य मार्ग से पुरैना वाजिद को जोड़ने वाली सड़क जर्जर, राहगीरों को हो रही परेशानी

उतरौला (बलरामपुर) समृद्धि न्यूज़।



उतरौला-गोंडा मुख्य मार्ग से पुरैना वाजिद गांव को जोड़ने वाली डामर सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर हालत में है। लगभग तीन किलोमीटर लंबी इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटे पत्थर और बिखरी गिट्टियां राहगीरों और वाहनों के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। सड़क की गिट्टियां और छर्रियां उखड़ चुकी हैं, जिससे बड़े पत्थर ऊपर आ गए हैं। यह न केवल वाहनों के टायरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए भी जोखिम पैदा कर रहे हैं। खासकर रात के समय राहगीर सड़कों के गड्ढों में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीणों और राहगीरों का कहना है कि यह सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है, जिससे स्कूली बच्चों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण ई-रिक्शा चालक भी इस मार्ग पर जाने से इनकार कर देते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस मार्ग की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़कों की मरम्मत के लिए हर साल बजट जारी किया जाता है, लेकिन विभागीय अनदेखी के चलते यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

## सूचना

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563 जमीर कंपलेक्स फर्स्ट फ्लोर खसरा नंबर 21 अहमदपुर नजूल रोड नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जनपद रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक महेन्द्र प्रताप पुत्र दिनेश बहादुर अपनी संपत्ति आराजी नंबर 1249 ग्राम कल्ली पश्चिम तहसील सरोजनी नगर जनपद लखनऊ का जुज़ भाग रकबा 116.13 वर्ग मीटर को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रायबरेली शाखा से उक्त संपत्ति को राजेंद्र प्रसाद पुत्र प्यारेलाल से क्रय कर रहे हैं यह कि उक्त संपत्ति की खतौनी में राजेंद्र प्रसाद पुत्र प्यारेलाल के साथ साथ अन्य सह खातेदार के नाम भी खतौनी में खातेदार के रूप में दर्ज हैं यदि संबंधित व्यक्ति व युवतियों, बैंक या वित्तीय संस्था को इस संपत्ति के हस्तांतरण एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखने में यदि कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा चौहाद्दी पूर्व प्लाट नं 01 पश्चिम प्लाट नं 03 उत्तर 25 फ़ीट रोड दक्षिण शेष भूमि धर्मराज

**एडवोकेट अंशुल साहू**
**पाथवे लीगल एडवाइजर्स एल.एल.पी.**
**कार्याल पता–ऑफिस नं0–8, द्वतीय तल, अवध कॉम्प्लेक्स,5– कैंट रोड,शुभम सिनेमा के पास, कैसरबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश– 226001**

## सिद्धांत का त्याग, सत्ता प्रमुख

राजनीति के राष्ट्रीय रंगमंच पर पिछले दिनों जिस प्रकार के राजनीतिक चरित्र उभर कर आये हैं, उससे यही लगता है कि अब राजनीति का अर्थ सिर्फ देश में सुव्यवस्था बनाए रखने से नहीं, बल्कि अपनी सत्ता और कुर्सी बचाए रखने तक सिमट कर रह गया है। राजनीति का अर्थ उस नीति निपुण व्यक्तित्व से नहीं रह गया है,जो राष्ट्र को विकास के पथ पर ले जाए और देश को समृद्ध, शक्तिशाली बनाने में महती भूमिका निभाए, अपितु उस विदुषक विशारद व्यक्तित्व से है जो राष्ट्र को अवनति के गर्त में धकेलकर भी अपनी सत्ता और कुर्सी को महत्व देता हो।
राजनीति का अर्थ राष्ट्र के विकास में गति प्रदान करने वाला और नई दिशा देने वाला नहीं, बल्कि अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है,कुर्सी प्रमुख है। एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के काबिलियत की आवश्यकता नहीं। आज कुशल राजनेता वही है, जिसके अंदर अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात करने का दुस्साहस हो, लोगों की भावनाओं को आहत करे। ये बहुत ही गंभीर और चिंता का विषय है। राष्ट्रीय क्षितिज पर जिस प्रकार से राजनीतिक चरित्र उभर कर सामने आए हैं, उस पर सवाल उठाना ये लाजिमी है कि क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता? अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए देश, समाज और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खेलना मात्र ही राजनीति का चरित्र होता है? देश और जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का वह व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है?
यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, सगे संबंधियों और अपने चाटुकारों में फंस कर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते जैसे स्तरहीन सब्जबाग दिखाए जा रहे हैं? क्षेत्रवाद,जातिवाद, भाषावाद और प्रतिवाद भड़काकर क्यों शतरंज के विषाद बिछाए जा रहे हैं। आज की राजनीति देखकर मन में बड़ी ग्लानि और टीस सी होती है। आखिर ऐसा सब कुछ कब तक चलेगा?




# स्वामी विवेकानंद : तेजस्वी भारत के स्वप्नद्रष्टा

गिरीश्वर मिश्र



**धर्म के उत्थान और मानव-कल्याण के लिए गुरुदेव श्री रामकृष्ण परमहंस के अनुग्रह से सिक्त एक महाशक्ति स्वामी विवेकानंद में घनीभूत हुई थी। इसका सुपरिणाम था कि अल्पायु में ही तेजस्वी और प्रतिभाशाली युवा स्वामी ने वह कर दिखाया जो सामान्य व्यक्ति के लिए अकल्पनीय था । सुदृढ कद काठी और भव्य व्यक्तित्व के धनी स्वामी विवेकानन्द तीक्ष्ण बुद्धि और तीव्र स्मरणशक्ति से सम्पन्न थे। उनकी भौतिक उपस्थिति ऐश्वर्यशाली थी। उन्होंने भारत में अनेक यात्राएँ कीं और सीखते सिखाते रहे। उनहोने पाश्चात्य और भारतीय चिंतन प्रणालियों को भलीभाँति आत्मसात् किया। वर्ष 1892 में शिकागो में हुए सर्वधर्म सम्मेलन में उनकी भागीदारी ने भारत के प्रति शेष विश्व की दृष्टि को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई। औपचारिकता से दूर हृदय से निकले उनके शब्दों ने जादू का काम किया। उनके व्याख्यान ने सबके मन को छू लिया । उन्होंने हिंदू धर्म को सभी धर्मों के उत्स या विचारधाराओं की जननी के रूप में प्रस्तुत किया जिसकी मुख्य शिक्षा थी 'एक दूसरे को समझो और स्वीकार करो'। पूरे वक्ता समुदाय में एक वही ऐसे वक्ता थे जो सब दृष्टियों से खुल कर संवाद कर रहे थे। वे सब को एक सार्वभौम सत्ता में आबद्ध कर रहे थे। वह तर्क दे रहे थे कि समन्वय से ही मनुष्य में निहित दिव्यता और उत्थान की अपरिमित संभावना है। स्वामी विवेकानंद की वाग्मिता ने सबको प्रभावित किया। कुछ लोग इससे आतंकित भी हुए और विरोध भी किया पर वे डिगे नहीं। उन्होने पारस्परिक ईर्ष्या और संकीर्णता का परित्याग कर हर एक की धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हए लौकिक और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने की ज़रूरत पर बल दिया और विचारों के आदान- प्रदान की आवश्यकता प्रतिपादित की ।**

संन्यास और वैराग्य जैसे शब्द अक्सर दीन-दुनिया से दूर आत्मान्वेषण और परमार्थ की दिशा में गहन और नितांत निजी यात्रा से जोड़ कर देखा जाता है। मुक्ति की अभिलाषा स्वाभाविक रूप से मनुष्य को अंतर्यात्रा की ओर ही आगे ले जाती है। लोक-जीवन की परम्परा में भी आत्मबोध के लिए उत्सुकता को इसी छवि में देखने की प्रथा है। इस आम धारणा के विरुद्ध उन्नीसवीं सदी के अंत में जब भारत अंग्रेजों के नियंत्रण में एक उपनिवेश था एक अद्भुत चमत्कारी घटना हुई जिसने भारत के प्रसुप्त स्वाभिमान को जगाया और उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैचारिक जगत में प्रतिष्ठित भी किया। यह घटना थी भारत भूमि पर स्वामी विवेकानंद के रूप में एक ऐसी विशिष्ट प्रतिभा का अवतरण जिसने संन्यास के समीकरण को पुनर्परिभाषित किया और अध्यात्म के सामाजिक आयाम को व्यावहारिक धरातल पर प्रतिष्ठित किया। इसके पीछे गुलाम भारत की घोर विपन्नता, सामाजिक भेदभाव और द्वंद्व से उपजी पीड़ा का उनका साक्षात्कार प्रमुख कारक थे। गुरुदेव श्री रामकृष्ण परमहंस के संस्पर्श से नरेंद्रनाथ दत्त स्वामी विवेकानंद में रूपांतरित हुए थे। उन्होंने न केवल धर्म के अभ्युदय का मार्ग प्रशस्त किया अपितु भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर मानव जाति के लिए एक नए युग का सूत्रपात किया। गुरुदेव के स्वर्गवास के बाद विवेकानंद विरक्त हो गए और देश का भ्रमण किया। देश के दैन्य को देख उनके मन में लोक-कल्याण के प्रति आकृष्ट किया।

धर्म के उत्थान और मानव-कल्याण के लिए गुरुदेव श्री रामकृष्ण परमहंस के अनुग्रह से सिक्त एक महाशक्ति स्वामी विवेकानंद में घनीभूत हुई थी। इसका सुपरिणाम था कि अल्पायु में ही तेजस्वी और प्रतिभाशाली युवा स्वामी ने वह कर दिखाया जो सामान्य व्यक्ति के लिए अकल्पनीय था । सुदृढ कद काठी और भव्य व्यक्तित्व के धनी स्वामी विवेकानन्द तीक्ष्ण बुद्धि और तीव्र स्मरणशक्ति से सम्पन्न थे। उनकी भौतिक उपस्थिति ऐश्वर्यशाली थी। उन्होंने भारत में अनेक यात्राएँ कीं और सीखते सिखाते रहे। उनहोने पाश्चात्य और भारतीय चिंतन प्रणालियों को भलीभाँति आत्मसात् किया।

वर्ष 1892 में शिकागो में हुए सर्वधर्म सम्मेलन में उनकी भागीदारी ने भारत के प्रति शेष विश्व की दृष्टि को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई। औपचारिकता से दूर हृदय से निकले उनके शब्दों ने जादू का काम किया। उनके व्याख्यान ने सबके मन को छू लिया । उन्होंने हिंदू धर्म को सभी धर्मों के उत्स या विचारधाराओं की जननी के रूप में प्रस्तुत किया जिसकी मुख्य शिक्षा थी 'एक दूसरे को समझो और स्वीकार करो'। पूरे वक्ता समुदाय में एक वही ऐसे वक्ता थे जो सब दृष्टियों से खुल कर संवाद कर रहे थे। वे सब को एक सार्वभौम सत्ता में आबद्ध कर रहे थे। वह तर्क दे रहे थे कि समन्वय से ही मनुष्य में निहित दिव्यता और उत्थान की अपरिमित संभावना है। स्वामी विवेकानंद की वाग्मिता ने सबको प्रभावित किया। कुछ लोग इससे आतंकित भी हुए और विरोध भी किया पर वे डिगे नहीं। उन्होने पारस्परिक ईर्ष्या और संकीर्णता का परित्याग कर हर एक की धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हए लौकिक और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने की ज़रूरत पर बल दिया और विचारों के आदान-प्रदान की आवश्यकता प्रतिपादित की ।

'अद्वैत' की अवधारणा की अद्भुत व्याख्या करते हुए उन्होंने एक सत्य की अनेक व्याख्याओं को संगत बताया। भारतीय दृष्टि की विशालता को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने इस ईश्वरीय भाव को उद्धृत किया 'किसी भी रूप में जो मेरे पास आएगा, उसको मिलूँगा' जैसा गीता में कहा गया हैः 'यो यथा माम् प्रपद्यंते तांस्तथैव भजाम्यहम्' । साथ ही विभिन्न मार्गों से चल कर सभी ईश्वर तक पहुँचेंगे क्योंकि एक सत्य के प्रति दृष्टियाँ कई हो सकती हैंः एकं सत् विप्राः बहुधा वदंति । धार्मिक असहिष्णुता और कट्टरता को समाप्त करने का आह्वान सबको प्रभावित करने वाला था। सार्वभौम धर्म का स्वरूप और संभावना के प्रति वे आश्वस्त थे।

अमेरिका की यात्रा ने विवेकानंद की तेजस्विता, स्वाधीनता और निष्ठा को सम्मान दिलाने में प्रमुख भूमिका निभाई। वे एक लोकप्रिय और प्रभावी वक्ता के रूप में शीघ्र ही प्रसिद्ध हो गए। युक्ति और तर्क के साथ स्वामी जी ने वेदान्त के संदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित किया और योग तथा आत्म-ज्ञान जैसे विषयों को प्रासंगिक साबित करते हुए उनमें लोगों की रुचि भी बढाई। स्वयं धर्ममय जीवन के एक जीते जागते आदर्श के रूप में स्वामी जी ने अनेक लोगों को प्रभावित किया और अनेक विद्वान और विदुषियाँ उनके अनुयायी और शिष्य बन गए। वैश्विक परिभ्रमण और सार्वभौम धर्म का प्रचार करते हुए वे अमेरिका, फ्रांस, इंग्लैंड, जर्मनी, तथा स्विट्जरलैंड आदि देशों में चार वर्ष की अविराम बौद्धिक यात्रा की। भारत के विषय में पाश्चात्य मानस को एक नई दृष्टि तो दी ही स्वयं स्वामी विवेकानंद के अभीष्ट सार्वभौम विश्व धर्म के आदर्श को परिपुष्ट किया। वह यह भी सोचने लगे कि यदि भारत के महान चिंतन को प्रतिष्ठित करना है तो पश्चिम में उन विचारों के बीजों को बोना होगा।

मई 1897 में अपने पूज्य गुरुदेव के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए स्वामी विवेकानंद द्वारा 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की गई। इसका प्रमुख उद्देश्य 'उन सत्यों का प्रचार करना निश्चित किया गया जिन्हें श्री रामकृष्ण ने मानवता के कल्याण के लिए आने आचरण द्वारा प्रतिपादित किया था। संस्था मनुष्य जाति को उसकी लौकिक, मानसिक, और आध्यात्मिक उन्नति हेतु उनका आचरण करने में उनकी सहायता करेगी। इस संस्था का कर्तव्य होगा रामकृष्ण द्वारा शुरू किए गए विभिन्न धर्मों को एक ही शाश्वत धर्म के ववविध रूप मानते हुए उनके अनुयायियों के बीच भाई-चारे की स्थापना करने के लक्ष्य को समुचित भाव से निर्देशित करना। इसके लिए तीन प्रकार के कार्यक्रम निश्चित हुए : ऐसे लोगों को प्रशिक्षित करना जो ज्ञान या विज्ञान सिखाने में समर्थ हों जिससे आम जनों का भौतिक और आध्यात्मिक उत्थान हो सके। शिल्प और उद्योगों को विकसित और प्रोत्साहित करना दूसरा कार्यक्रम था। मिशन श्री राम कृष्ण के जीवन में उद्घाटित वेदांत और अन्य धार्मक विचारों का जनसाधारण के बीच प्रसार करेगा। इस हेतु मिशन की भारतीय और विदेशी दो शाखाएँ स्थापित होंगी।

स्वामी विवेकानंद ने स्वदेशवासियों को कर्मयोग में दीक्षित करने का ब्रत ठाना। उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया और सर्वत्र जन समुदाय को प्रेरित प्रोत्साहित करते रहे। समाज में व्याप्त निश्चेष्ट जड़ता को देख वे कहते थे - उठो जागो और स्वयं जग कर दूसरों को भी जगाओ । समाधान के रूप में वे वेदान्त को कर्म के स्तर पर लाने की सतत चेष्टा करते रहे । उनका लक्ष्य था पारस्परिक सद्भाव और सहिष्णुता को ध्यान में रखते हुए पूर्व और पश्चिम के भेद से ऊपर उठ कर ऐसी सार्वभौमिक धर्मदृष्टि का प्रतिपादन जो समस्त मानवता के लिए उपयोगी हो । पश्चिम के साथ सम्पर्क ने स्वामी जी को जहां पौरुष और बहुमुखी व्यक्तित्व के महत्व से प्रभावित किया वहीं उनको भारतीय आत्मा के साथ और अधिक निकटता भी पैदा की। एक अपरिग्रही और मात्र ईश्वर के भरोसे रहने वाले स्वामी ने अपनी शक्ति को संगठित किया। भारत में अपने अभियान को स्पष्ट करते हुए स्वामी विवेकानंद ने जो वक्तव्य मद्रास में दिया था वह आज भी मन को आलोकित करता है : मेरे भारत जागो! कहाँ है तुम्हारी प्राण शक्ति? तुम्हारी ही अमर आत्मा में है वह प्रत्येक राष्ट्र का, प्रत्येक व्यक्ति की भाँति जीवन का एक मूल उद्देश्य होता है, एक केंद्र बनता है, वादी स्वर होता है जिसका अवलम्बन कर अन्य स्वर संगीत में स्वर-संगति पैदा करते हैं / जो राष्ट्र अपनी प्राण शक्ति को छोड़ना चाहता है, सदियों से प्रवाहित अपनी धारा की दिशा को बदलना चाहता है, वह राष्ट्र नष्ट हो जाता है। किसी राष्ट्र की प्राणशक्ति राजनैतिक सत्ता है जैसे इंग्लैंड की, तो किसी की कलात्मक जीवन और किसी की कुछ और। भारत का केंद्र है - धार्मिक जीवन, राष्ट्रीय जीवन संगीत का वही आदि स्वर है इसलिए यदि तुम अपने धर्म को त्याग कर राजनीति और समाज को पकड़ोगे तब तुम लुप्त हो जाओगे। समाज सुधार एवं राजनीति की शिक्षा तुम्हें अपने धर्म के जीवंत माध्यम से देनी होगी ज्प्रत्येक व्यक्ति की भाँति प्रत्येक राष्ट्र को अपना मार्ग चुनना है। हम युगों पूर्व अपना मार्ग चुन चुके हैं और वह है अनित्य से आत्मा का मार्गज इसे कोई कैसे त्याग सकता है? तुम कैसे अपने स्वभाव को बदल सकते हो?


**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

विचार

# शक्तिशाली जर्मन अर्थव्यवस्था में गिरावट के संकेत

*डॉ. अजीत रानाडे*

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार जर्मनी 2024 में 4.7 खरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसकी आबादी करीब 8 करोड़ 40 लाख है। चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान है जो 4.07 लाख करोड़ डॉलर की है और जिसकी आबादी 12.4 करोड़ है। भारत 3.9 लाख करोड़ डॉलर और 1.4 अरब लोगों के साथ पांचवें स्थान पर है। जापान की जनसंख्या हर साल आधा प्रतिशत घट रही है जबकि जर्मनी की जनसंख्या पिछले कुछ वर्षों से लगभग 0.8 से 1 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है। यह मुख्य रूप से अप्रवासियों की आमद के कारण है। यूक्रेन, अफ्रीका या सीरिया में चल रहे संघर्ष के कारण वहां से नागरिक पलायन कर रहे हैं पर दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं (डॉलर के संदर्भ में) में पांच साल पहले के स्तर की तुलना में केवल जर्मनी स्थिर दिखाई देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका की अर्थव्यवस्था पूर्व-महामारी के स्तर से केवल 10 फीसदी बढ़ी है। यहां तक कि जापान की 3,चीन 25 और भारत की 30 फीसदी बढ़ी है।
जर्मनी की वृद्धि शून्य के करीब है और 2024 और 2025 में इसकी अर्थव्यवस्था और सिकुड़ जाएगी। यह दो साल की मंदी है। यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और दुनिया के लिए एक बड़ी भू-राजनीतिक शक्ति की कहानी है। जर्मनी पर इसका पहले से ही राजनीतिक प्रभाव पड़ा है। चांसलर ओलाफस्कोल्ज के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई है। यह सरकार पिछले महीने संसद से विश्वास मत प्राप्त करने में विफल रही। इसका मतलब है कि वहां सितंबर में निर्धारित चुनाव के बजाय फरवरी में समय से पहले चुनाव होंगे। एक महीने पहले तीन दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन के ध्वस्त होने के बाद विश्वास मत न मिलना अपरिहार्य था। यह गोलमाल इसलिए था क्योंकि गठबंधन के तीसरे सदस्य, व्यापार समर्थक दक्षिणपंथी एफडीपी ने अन्य दो, एसडीपी और ग्रीन पार्टी से अलग होने का फैसला किया। वैसे भी इनमें मतभेद था लेकिन आखिरी तिनका अल्ट्रा-राइट विंग और एंटी-इमिग्रेंट पार्टी एएफडी की बढ़ती लोकप्रियता थी। एएफडी को सैक्सोनी और थुरिंगिया प्रांतों में चुनावों में भारी बढ़त मिली। एएफडी दक्षिणपंथी, लोक-लुभावन, यूरोस्केप्टिक (ब्रिटेन और यूरोपीय देशों की नजदीकियों विरोधी), जलवायु परिवर्तन विरोधी कार्रवाई है और आव्रजन का विरोध करती है। यह 2013 में गठित एक युवा पार्टी है परन्तु इसका उदय बहुत तेजी से हुआ है। यह लोक-लुभावन राजनीति के उदय की वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा है जो एक स्पष्ट जेनोफोबिक मानसिकता (विदेशी लोगों को नापसंद करना) वाली पार्टी है। जर्मनी आर्थिक गिरावट की इस स्थिति में कैसे आया और क्या उसके पास दूसरों के लिए सबक है? सबसे पहले, चीन का प्रभाव है। वैसे इक्कीसवीं सदी में जर्मनी सबसे बड़ी निर्यात अर्थव्यवस्था थी जो चीन से भी आगे थी। दोनों देशों के बीच एक सहजीवी व्यापार संबंध था जिसके तहत जर्मनी उच्च मूल्य की पूंजीगत वस्तुओं, मशीनरी, ऑटोमोबाइल और रसायनों का निर्यात करता था और चीन बदले में उपभोक्ता वस्तुओं को वापस भेजता था, लेकिन चीन बाद में जर्मनी का प्रतियोगी बन गया और यहां तक कि जर्मन लक्जरी ब्रांड कारों का उत्पादन अब चीन में किया जाता है। दूसरे, यूरोप में 2011 के संप्रभु ऋण संकट का प्रभाव था। यह 2008 के लेहमैन संकट के बाद था। इस दूसरी लहर में एक मेगा बचाव के जरिए पुर्तगाल, आयरलैंड, इटली, स्पेन और विशेष रूप से ग्रीस की सरकारों को मुख्य रूप से जर्मनी की राजकोषीय और बैंकिंग शक्ति के नेतृत्व में बचाया गया था। बैंकिंग व्यवस्था के व्यापक पतन को रोकने के लिए यह बचाव आवश्यक था और यह इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण था क्योंकि जर्मन बैंक, दक्षिणी यूरोपीय देशों के संप्रभु ऋण से बहुत अधिक प्रभावित थे। यह भी कहा जा सकता है कि यह पेबैक टाइम था। जर्मनी ने 1999 से यूरो मुद्रा एकीकरण के लाभ उठाए थे। चूंकि पूर्ववर्ती जर्मन मुद्रा, यूरो शासन में बहुत मजबूत थी, जर्मनी के पास वास्तव में कम मूल्य वाली मुद्रा थी।



इससे निर्यात में बेहद मदद मिली और कोई आश्चर्य नहीं कि यह एक बड़े व्यापार अधिशेष के साथ एक पॉवर हाऊस बन गया। बदले में यह अधिशेष यूरोप में बैंकिंग परिसंपत्तियों में पूंजी का बाहर जाना था जो 2011 के ऋण संकट के दौरान कटु अनुभव देने वाला हो गया था। इसलिए जर्मनी को अन्य यूरोपीय सरकारों को इस हालत से बचाने के लिए अपने स्वयं के राजकोषीय संसाधनों को खर्च करना पड़ा। जर्मनी की दुर्दशा के पीछे तीसरा बड़ा कारण यूक्रेन युद्ध और उसका नतीजा था। नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइन के नष्ट होने के बाद सस्ती गैस के लिए रूस के साथ मधुर संबंध समाप्त हो गए हैं। इसके कारण ऊर्जा की लागत बढ़ रही है व जर्मनी में गैस की कमी भी हो रही है। चीन अपनी वस्तुओं की वैश्विक डंपिंग के लिए अग्रणी है जिसके कारण जर्मन निर्यात संभावनाएं कम हो रही हैं। यह संभव है कि विनिर्माण, निर्यात मात्रा के लिहाज से नहीं तो कम से कम मूल्य के लिहाज से पुनर्जीवित होगा लेकिन जर्मनी को दीर्घकालिक गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो उत्पादकता वृद्धि को नीचे की ओर गिराते हैं। आईएमएफकी एक शोध रिपोर्ट के अनुसार जर्मनी के लिए वास्तविक मुसीबतें इसकी उम्रदराज हो रही आबादी, इसके बहुत कम सार्वजनिक निवेश, लालफीताशाही और बिगड़ी नौकरशाही के कारण हैं। जर्मनी की कामकाजी उम्र की आबादी अगले पांच वर्षों में लगभग 1 प्रतिशत तक घट जाएगी जब तक कि इसे आप्रवासियों द्वारा बराबर नहीं किया जाता है हांलाकि एएफडी आप्रवासियों का कड़ा विरोध करता है। पिछले कुछ वर्षों में जीडीपी अनुपात में सार्वजनिक निवेश ओईसीडी और यूरोपीय देशों में सबसे कम है। यह आंशिक रूप से इस कारण से है क्योंकि संघीय सरकार एक सख्त राजकोषीय अनुशासन कानून से बंधी है तथा प्रांतीय तथा नगरपालिका सरकारें पर्याप्त निवेश नहीं कर रही हैं। फिर भी इससे उत्पादकता एवं विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अभी तक संयुक्त राज्य अमेरिका में जर्मन निर्यात मजबूत है लेकिन उस पर अब अमेरिका की निर्वाचित डोनाल्ड ट्रम्प सरकार से उच्च टैरिफका जोखिम मंडरा रहा है। चीन की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के कारण जर्मन सामानों के बाजार सिकुड़ रहे हैं। यहां तक कि वोक्सवैगन जर्मनी के भीतर तीन कारखानों को बंद कर रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब डिजिटल तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सॉफ्टवेयर सेवाओं की बात आती है तो वहां जर्मनी पिछड़ जाता है। प्रसिद्ध जर्मन अर्थशास्त्री और स्तंभकार वोल्फगैंग मुंचू ने शकपूटश् नामक एक पुस्तक लिखी है जो कहती है कि विकास मॉडल मौलिक रूप से टूट गया है और यह जर्मन चमत्कार का अंत है। वे कहते हैं कि इसका कारण औद्योगिक व राजनीतिक अभिजात वर्ग द्वारा अपनाई गई व्यापारिक नीतियों में गिरावट, रूस तथा चीन पर अत्यधिक निर्भरता एवं नए क्षेत्रों और डिजिटल प्रौद्योगिकियों में नेतृत्व करने में विफलता है। यह वर्ष बढ़ी हुई अनिश्चितताओं वाला है। भावी राष्ट्रपति ट्रम्प की आर्थिक और व्यापारिक नीतियां अमेरिकी हितों के प्रति अधिक संरक्षणवादी होने के कारण देशों और व्यापारियों-सभी को चोट पहुंचा रही है। रूस युद्ध की लागत के भारी बोझ से कैसे बाहर आएगा। रूस में ब्याज दरें 21 प्रतिशत पर हैं और मुद्रास्फीति बढ़ रही है। क्या चीन अपनी मंदी को रोक पाएगा। यह भू-राजनीतिक व भू-आर्थिक परिदृश्य है जिसके खिलाफ जर्मन अर्थव्यवस्था को अपना लचीलापन दिखाना चाहिए। क्या गिरावट के बारे में निराशाजनक बातें अतिवादी हैं। केवल समय ही इस बारे में बताएगा।

साहित्य

## अल्फाजों के समुंदर से



**दीपक सिंह**

अल्फाजों के समुंदर से,
दिलों पर राज करना है।

तुम्हें जो समझना है समझो,
मुझे ना हिसाब करना है।।


शिकवे गिले नहीं,
दोष ईर्ष्या मिथ्या न पाले है।

सभी की सोच मे प्रेम घोलकर,
सभी को प्रेम से गुलाम करना है।।

ठोकर है मिलती संभलना फिर है,
न किसी पर इल्जाम करना है।

पग है निष्ठा का,
अटल अड़िग बिश्वास पाले है।

नीति संयम के डोरे मे बाधकर,
सभी के दिल मे मुकाम करना है।



## राशिफल

**मेष:-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**वृषभ :-** परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन:-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्नक विचार ला सकती हैं।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:-** शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# स्वप्न-उमंग से भरपूर आत्मचेतन का नाम युवा

*हृदयनारायण दीक्षित*

तरुणाई एक विशेष अनुभूति है। स्वप्न देखने की अभिलाषा। इस अनुभूति में विराट आकाश भी छोटा हो जाता है। तरुणाई है चेतन मन का विशेष छन्द। तब नाचने का मन करता है। ऊर्जा का गहन अतिरेक, ओजस् तेजस से भरपूर चित्त। सतत् पुनर्नवा गतिशीलता। जिज्ञासु प्रश्नाकुलता। धरती से आकाश तक उड़ान को तत्पर जिजीविषा। मन में शिव संकल्प। शिव संकल्प के प्रति श्रद्धा और संकल्प में बल। लक्ष्य के प्रति सतत् संकल्पबद्ध अनुभूति का नाम है-तरुणाई। युवा होना सिर्फ कम उम्र का होना नहीं है। तरुणाई की अनुभूति में उम्र का कोई बंधन नहीं होता। 80 बरस के युवा देखे गये हैं और 25 बरस के वृद्ध। सतत् जिज्ञासा, सतत् स्वप्न, सतत् कर्म, सतत् मस्त मन और स्वप्न-उमंग से भरपूर आत्मचेतन का नाम युवा है। स्वप्नहीनता और निराशा बुढ़ापा है। गहन आशा और शिव संकल्पों वाला मन ही तरुणाई है। मनुष्य की तरह राष्ट्र भी जीवमान सत्ता हैं। राष्ट्र भी उम्र से बूढ़े नहीं होते, कम उम्र के राष्ट्र युवा नहीं होते। पाकिस्तान की उम्र अभी 77 बरस ही है और भारत हजारों वर्ष प्राचीन। तो क्या भारत बूढ़ा है? और पाकिस्तान युवा? नहीं भारत चिरयुवा है और नित्य नूतन भी। पाकिस्तान इतिहास के मध्यकाल में ही जीने के कारण बूढ़ा है। आज स्वामी विवेकानन्द की जन्म तिथि है। वे भारत की तरुणाई को जगा रहे थे। 1974 में उभरा युवा आन्दोलन उम्र से वयोवृद्ध लेकिन मन से युवा जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी था। इसे 'सम्पूर्ण क्रान्ति' का आन्दोलन कहा जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी की सत्ता ने इस आन्दोलन को रौंदा, आपातकाल लगाया। देश कैदखाना बना। लेकिन युवा आन्दोलन ने तानाशाह सत्ता का तख्ता पलट दिया। सत्ता हिंसक रही लेकिन युवा आन्दोलनकारी अहिंसा के व्रती रहे। स्वाधीनता आन्दोलन में महात्मा गांधी ने युवकों में जोश भरा था। वे 'यंग इण्डिया' में लिखते थे, युवा भारत से सम्वाद बनाते थे। स्वामी विवेकानन्द ने भी युवकों को विशेष रूप से सम्बोधित किया। युवा ऊर्जा से भरपूर होते हैं। वे नये होते हैं और नया चाहते हैं। उन्हें प्यार चाहिए, प्यार के साथ ज्ञान चाहिए, ज्ञान के साथ अनुभूतिपरक आत्मबोध चाहिए। आत्मबोध के साथ राष्ट्रीय गौरवबोध चाहिए। एक वास्तविक इतिहास बोध चाहिए। विदेशी विद्वानों की विचारधारा से लदा फंदा इतिहासबोध नहीं। भारत के युवकों में विवेकानन्द की प्रासंगिकता बढ़ गयी है। जन्म की 150वीं वर्षगांठ के उत्सव प्रेरक रहे हैं। भारत की जनसंख्या में 25 साल की उम्र वाले युवकों का प्रतिशत 40 पार हो रहा है। उम्र और आंकड़ेबाजी के हिसाब से भारत 'तरूण भारत' हो गया है।
भारत को 'इण्डिया' बताने वाले युवकों को 'यंग इण्डिया' बता रहे हैं। तो क्या भारत 21वीं सदी में ही युवा हुआ है? वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल का भारत अग्निधर्मा युवा राष्ट्र था। अपनी मेधा में दीप्त था। स्वप्नद्रष्टा था। समूचे ब्रह्माण्ड के रहस्य जान लेना चाहता था। यहां सभी देव प्रतीक युवा हैं। तन से और मन से भी। श्रीराम चिर युवा हैं। श्रीकृष्ण की तरुणाई गजब की। संगीत और अस्त्र साथ-साथ। बासुरी से लोक सम्मोहन का संगीत और सुदर्शन चक्र से बुरे का वध। वैदिक ऋषियों ने गहन अनुभूति में स्वयं को 'अमृत पुत्र' जाना था। ऋग्वेद, यजुर्वेद और श्वेताश्वतर उपनिषद् में एक साथ आए एक मंत्र में कहते हैं, श्रृणवन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा-विश्व के विभिन्न लोकों के सभी अमृत पुत्र सुनें। स्वामी विवेकानन्द ने भी अमृतपुत्र कहते हुए भारतवासियों का आह्वान किया था। ऋग्वेद का 'पुरुष' प्रतीक सदा तरुण युवा है। इसके पुरुष सूक्त (10.90) का 'पुरुष' यजुर्वेद और अथर्ववेद में भी एक जैसा युवा है। इस पुरुष की महिमा मजेदार है-जो भूतकाल में हो चुका और जो भविष्य में होगा, वह सब यही पुरुष है। यह लगातार बढ़ रहा है अमृतस्वरूप है। सदा तरुण है यह तत्व। अमृत तत्व मनुष्य की आदिम अभिलाषा है। सब देखते हैं कि मनुष्य मरणधर्मा है। जो आया है, सो जाता है। अमरत्व किसी को नहीं मिला। यह जानते हुए भी अमरतत्व की प्यास है। अमरत्व की शोध में वैज्ञानिक भी श्रमरत हैं। उन्होंने सौ शरद् जीने की स्तुतियां की लेकिन अभीप्सा में अमरत्व ही था। कारण साफ है कि हम सब अमर चेतन से ही जीवन में आए हैं। मृत्यु शरीर छीनती है लेकिन अमरत्व नहीं मरता। उपनिषदों में युवा चेतना है। कठोपनिषद् में युवा नचिकेता और मृत्यु के देवता का प्रीतिपूर्ण सम्वाद है। नचिकेता के लिए कुमार होते हुए भी विचार करने लगा शब्द आए हैं। कथा बड़ी प्यारी है। पिता विश्वजित यज्ञ करवा रहे थे लेकिन बूढ़ी गायों का दान दे रहे थे। युवा नचिकेता ने सीधे पिता से ही प्रश्न पूछा ऐसी अशक्त, दूध न देने वाली बूढ़ी गायों का दान क्यों दे रहे हैं? यज्ञ में तो प्रिय का दान दिया जाता हे, आप मुझे किसे देंगे? नचिकेता ने तीन बार यही प्रश्न पूंछा, गुस्साए पिता ने कहा मैं तुझे मृत्यु को देता हूं-मृत्यवे त्वं ददामिति। (वही 4) कथा के अनुसार नचिकेता मृत्युदेव यम के घर पहुंचा। नचिकेता और उसके पिता के आचरण स्वाभाविक हैं। पिता थे तो ऋषि लेकिन फल की इच्छा से विश्वजित यज्ञ करवा रहे थे। नचिकेता युवा था। युवा आग्रह असाधारण होते हैं। विवेकानन्द के स्वप्नों वाले युवकों के लिए यह संवाद उपयोगी हैं। यमराज ने उसे तीन मनपसंद उपलब्धियां देने का आश्वासन दिया। नचिकेता ने पहला वर मांगा मेरे पिता का गुस्सा मेरे प्रति शान्त हो। वे प्रसन्न रहें। यम ने यह वर दे दिया। नचिकेता ने दूसरा वर मांगा स्वर्ग में बुढ़ापा नहीं। भय नहीं और न मृत्यु। लेकिन यह स्वर्ग 'अग्नि विज्ञानी' को ही मिलता है। मेरी अग्नि विज्ञान में आस्था है, आप मुझे अग्नि विज्ञान पढ़ाइए। (वही 12, 13) यमराज ने अग्नि विज्ञान बताया। मृत्यु के बाद के रहस्य विज्ञान की चुनौती हैं। साधारण युवा इस रहस्य के प्रति प्रश्नाकुल नहीं होते। युवा नचिकेता ने तीसरा वर मांगा मरे हुए मनुष्यों के बारे में संशय हैं। कुछ लोग कहते हैं कि मरने के बाद आत्म तत्व शेष रहता है, कुछ लोग कहते हैं कि नहीं रहता। आप बताए सही क्या हैं? (वही 20) यह प्रश्न आज भी जस का तस है। यमराज ने कहा कि इस प्रश्न पर प्राचीनकाल से संशय है। तुम कोई दूसरा वर मांगो।
नचिकेता ने कहा कि जब पूर्वकाल से ही यह प्रश्न संशय में है और आप इसके ज्ञाता हैं तो इसी प्रश्न का उत्तर दीजिए। भारत के सुदूर अतीत के युवा मृत्यु रहस्यों को जानने पर जोर दे रहे थे। युवा विवेकानन्द ने भी गुरू रामकृष्ण से ऐसे ही रहस्य जानने की जिज्ञासाएं की थीं।
सांसारिक सुख ढेर सारे। वे स्वाभाविक ही आकर्षित करते हैं। यम ने नचिकेता से कहा, ढेर सारा धन लो, सौ वर्ष की स्वस्थ आयु लो, पुत्र पौत्र लो, राजा बनौ। नचिकेता ने कहा वे क्षणभंगुर हैं। मनुष्य कभी धन से तुष्ट नहीं होता। जीवन मरणधर्मा है। आप कृपया वही बताएं। यमराज ने नचिकेता की जिज्ञासा की प्रशंसा की। तुमने सांसारिक सुखों की तुलना में आत्मबोध को महत्व दिया है। तुम सत्य धृति हो। हमें तुम्हारे जैसे प्रश्नकर्त्ता ही मिला करें। यम ने नचिकेता को सारा तत्व ज्ञान दिया और कहा कि यह आत्मतत्व तर्क, प्रवचन या मेधा से नहीं मिलता। कहा, उठो, जागो, इच्छित बोध पाओ-उत्तिष्ठत् जागृत प्राप्यवरान्नि बोधत। स्वामी विवेकानन्द इस मंत्र को दोहराते थे। भारत के युवकों को ऐसा ही आत्मबोध चाहिए।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# प्रांत मंत्री रसना तिवारी एवं डॉ हरीमोहन पुरवार को प्रांतीय कला धरोहर समिति का सदस्य बनाया गया

**उई (जालौन)समृद्धि न्यूज़।**





संस्कार भारती कानपुर बुंदेलखंड प्रांत की साधारण सभा की बैठक का आयोजन ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जवाहर नगर कानपुर में किया गया। प्रो. जयंत खोत अध्यक्ष उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के मुख्यातिथि में एवं देवेंद्र त्रिपाठी क्षेत्र प्रमुख संस्कार भारती एवं प्रांत अध्यक्ष विनोद द्विवेदी की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक का सफल संचालन प्रांत महामंत्री सुरेंद्र पांडेय ने किया।बैठक में सर्वप्रथम फर्रुखाबाद में आयोजित कला साधक संगम की समीक्षा की गई जिसमें जालौन ईकाई के कार्यक्रम की सराहना की गई। महाकुंभ में 22 जनवरी को वीरांगनाओं की वेश-भूषा में शोभायात्रा में सहभागिता पर चर्चा हुई देवेंद्र त्रिपाठी के द्वारा केन्द्रीय स्तर से संस्कार भारती की कार्यपद्धति, सदस्यता आदि विषयों में हुए परिवर्तन की विधिवत जानकारी दी गई। संस्था की दैनन्दिनी एवं स्मारिका के विषय पर चर्चा हुई। वर्ष 2024-2027 तक के लिए प्रांतीय नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें प्रांत अध्यक्ष विनोद द्विवेदी के द्वारा जालौन ईकाई से प्रांत मंत्री रसना तिवारी एवं डॉ हरीमोहन पुरवार को प्रांतीय कला धरोहर समिति का सदस्य बनाया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष रसना तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एसपी बुधौलिया, मंत्री अमृता सक्सेना, कोषाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार सहित कानपुर बुंदेलखंड प्रांत के विभिन्न जिलों से आए हुए पदाधिकारी प्रांतीय पदाधिकारी जिला ईकाई के अध्यक्ष मंत्री कोषाध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

## विद्युत टीम के साथ मारपीट,दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)** थाना क्षेत्र के शेखूपुर में विद्युत विभाग की टीम के साथ गांव में विद्युत बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने के दौरान मारपीट करने व गाली गलौज करने की तहरीर कुसमरा विद्युत उपकेंद्र के नोडल ने थाने में दी है। पुलिस ने दोनो के खिलाफ सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के कुसमरा विद्युत उपकेंद्र के नोडल अधिकारी हंसराज ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शेखुपुर गांव में विद्युत विभाग की टीम द्वारा विद्युत बिल बकाया दार उपभोक्ताओं के ओ टी एस करने के लिए गई थी। तथा कनेक्शन भी काट रही थी। तभी गांव निवासी प्रमोद यादव उर्फ छोटू पुत्र हरमोहन व विपुल पुत्र सभाजीत ने टीम के साथ गाली गलौज किया तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया।

# तीन दिवसीय महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज़। महोबा**



जनपद महोबा के बछेछर कला गांव में तीन दिवसीय महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ जमुना प्रसाद ने फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि सीमा कुशवाहा रही । शनिवार को ग्राम प्रधान रणविजय के पिता स्वर्गीय शीतल प्रसाद की पुण्य स्मृति में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रथम दिन पुरुष कबड्डी में सौरा बी ने बछेछर बी टीम को हराया । दूसरा मैच स्वासा और बछेछर खुर्द टीमों के बीच हुआ जिसमें स्वसा टीम विजेता रही । तीसरा मैच गोरखा और बछेछर ए के बीच हुआ जिसमें गोरखा विजयी रही । चौथे मैच में सौरा ने बछेछर बी को हराया।ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा ने कहा हमारे स्वास्थ्य के लिए जितना खाना पीना बहुत ही जरूरी होता है वैसे ही खेल खेलना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है स्वास्थ्य के लिए कबड्डी बहुत ही अच्छा खेल है।गोरखा और बछेछर ए टीमों का टॉस ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जैतपुर जगत सिंह द्वारा करवाया गया।रेफरी की भूमिका लकी शर्मा, सुनील राजपूत, नीरज पटेल, सतीश राजपूत ने निभाई, संचालन सुभाष राजपूत और दिनेश पंचाल गोरखा ने किया।इस अवसर पर रणविजय सिंह राजपूत,सुभाष राजपूत,चरण सिंह यादव, जगत सिंह, कीरत राज सेन,सीमा कुशवाहा ब्लॉक प्रमुख चरखारी, द्रौपदी सेन,प्रशांत सिंह राजपूत,प्रेमनारायणवर्मा,कालीचरण, रामस्वरूप श्रीवास सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कालीचरण दीक्षित चुने गए चरखारी बार एसोसिएशन अध्यक्ष



**चरखारी ( महोबा)** चरखारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री पद पर चुनाव संपन्न कराया गया, यह जानकारी बार एसोसिएशन चरखारी के चुनाव अधिकारी केशव राजपूत ने दी उन्होंने बताया कि बार एशोसिएशन में कुल 85 वोटर हैं जिसमें सभी बोट डाले गये वहीं 03 वोट अनबेलिट पाये गये अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी थे जिनमें से विजयी प्रत्याशी कालीचरण दीक्षित को 49 वोट, अरुण त्रिवेदी 26 वोट, व मनोज पाठक को मात्र 07 बोट से सन्तोष करना पड़ा वही महामंत्री पद पर उज्जवल पाल को 55 वोट तथा राजेश प्रजापति को 30 मत प्राप्त हुये, बार एशोसिएशन में बरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप खरे, कनिष्ठ उपाध्यक्ष बिनोद कुमार प्रजापति, कुलदीप सक्सेना, अश्वनी द्विवेदी, प्रमोद चोबे, कोषाध्यक्ष पद पर कपिल उदैनिया, प्रशासनिक सचिव क्रष्ण कुमार सोनी, चन्द्रभान कुशवाहा पहले ही निर्विरोध चुने गये थे वहीं एल्डर कमेटी चेयरमैन श्याम बिहारी त्रिपाठी, सदस्य केदारनाथ तिवारी, भक्त राम शर्मा, दिनेश सक्सेना, चुनाव अधिकारी केशव राजपूत व भास्कर तिवारी की देखरेख में चुनाव सम्पन्न कराने के बाद शपथ दिलाई गई इस मौके पर बिधानपरिषद सदस्य जीतेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व बार अध्यक्ष बीर पाल सिंह राजपूत, स्वतन्त्र सक्सेना, सहित सभी अधिवक्ता गण मोजूद रहे

### दुकान दारो ने बस स्टॉप पर राहगीरों को बिस्किट के साथ पिलाई चाय



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़-**, एक और जहां क्षेत्र में लगातार कड़ाके की सर्दी वह घना कोहरा पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर लोगों को चाय पिलाने व गरीबो को गर्म कपड़े बांटने में समाजसेवी और दुकानदार आगे आ रहे हैं शनिवार को नगर में ठड से सिकुड़ते लोगों को गरमा गरम चाय पिलाने का दौर चलता रहा, कानपुर रोड स्थित बस स्टॉप के सामने दुकानदारों ने मिल कर राहगीरों को बिस्किट के साथ चाय पिलाई, चाय और बिस्किट वितरण करने वालों में छोटू चौरसिया शिवम गुप्ता सोना गुप्ता, नितिन गुप्ता, सदीप सैनी, रोहित गुप्ता आदि लोग प्रमुख थे।

### स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गयी शोभायात्रा



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़** , अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद घाटमपुर नगर इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जन्मोत्सव एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन माता कुष्मांडा मंदिर परिसर से नगर पालिका परिसर तक निकाली गई। इस अवसर पर यात्रा का शुभारंभ कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दिनेश कुशवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी पंकज पांडेय, राजेश अवस्थी, अनमोल चौहान, एवं प्रांत प्रवासी संयोजक अमित शुक्ला, ने यात्रा का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शोभा यात्रा का स्वागत नगर के विभिन्न स्थानों में किया गया। यात्रा में प्रमुख रूप से सत्यम चौहान, रोहित सिंह एडी सभासद, एबीवीपी प्रान्त कार्य समिति सदस्य देवांग प्रताप सिंह, जिला संयोजक अभिषेक सिंह, कृष्णा, विकल्प, पुनीत, उत्कर्ष, प्रिन्स आदि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

### जहर खिलाकर मार डालने का आरोप,तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)** जनपद जालौन के कालपी कस्बा निवासी ने पुत्री को दहेज उत्पीड़न केचलते जहरीला पदार्थ खिलाकर मार डालने की रिपोर्ट पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।जनपद जालौन के कालपी कस्बा के मदार पुर मोहल्ला व्यास मंदिर निवासी भीखम कुमार पुत्र स्व राधेश्याम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 15 नवंबर 24को सामूहिक विवाह मूसानगर से कुरारा क्षेत्र के भोली ग्राम पंचायत के मजरा पटिया गांव निवासी घसीटा पुत्र स्व पच्चू के साथ की थी। तथा सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन कुछ समय बाद ससुराली जन अतिरिक्त दहेज की मांग कर बाइकए सोने की चेनए तथा एक लाख रुपया नकद की मांग करने लगे।जब मैं अपनी पुत्री शिवानी को लेने पटिया लेने गया तो उसने प्रताड़ित करने की बात बताई। उसको लेकर अपने घर कालपी आ गया। इसके बाद दामाद अपने साथ ले गया।तथा फिर मारपीट करने लगे।इसकी जानकारी पुत्री द्वारा दी गई। इसके बाद 8 जनवरी को पुत्री को जहरीला पदार्थ खिलाकर मार डाला तथा रात में सूचना दी तब हम लोग पटिया गांव गए। तो पता चला कि जिला अस्पताल में है।जब हम अस्पताल गए तो पता चला की शव पोस्टमार्टम हाउस में रखा है। वहां से उसका अंतिम संस्कार किया गया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति घसीटा सास राज दुलारी चचिया ससुर रज्जन उर्फ कक्का ननद रामकुमारी पत्नी शिवकुमार निवासी पटिया के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**कुरारा(हमीरपुर)** थाना क्षेत्र के डामर गांव निवासी महिला ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ तेजीव लापरवाही से बाइक चलाकर पीछे से टक्कर मारकर घायल कर देने तथा जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने की तहरीर थाने में दी है ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के डामर गांव निवासी महिला लक्ष्मी पत्नी स्व नीतू अनुरागी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को दोपहर में दो बजे मेरा पति सड़क किनारे ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे पुलिया के निर्माण में कार्य कर रहा था। तभी कुरारा तरफ से कालपी जा रहे बाइक चालक नेतेजी व लापरवाही से बाइक चलाकर पति को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। पीड़ित महिला की तहरीर परपुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है।

# थाना समाधान दिवस में सीओ एसडीएम ने सुनी फरियादों की समस्याए

▸ पंजीकृत तीन शिकायतों में सिर्फ एक का हुआ निस्तारण

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़**



थाना पनवाड़ी में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार एसडीएम अनुराग प्रसाद थाना प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी की संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। तीन शिकायतें में से दो शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुई जिसमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। दो शिकायतों का नियम अनुसार जांच कर निस्तारण किया जाएगा। पनवाड़ी में थाना समाधान दिवस में सीओ एसडीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस की प्राप्त शिकायत पत्रों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए शिकायत से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं होता तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जाएगा । कहा जो शिकायत आई उनको निपटाने में लापरवाही न बरते इसके बाद क्षेत्राधिकारी ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और अपराध रजिस्टर को चेक किया और कहा कि जो भी पेंडिंग पड़ी कार्यवाही को तुरंत पूरा किए जाने की निर्देश दिए और उन्होंने रात्रि में की जा रही पुलिस की ड्यूटी में सख्त निर्देश दिए।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का लगाया आरोप, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर),समृद्धि न्यूज़**

युवती ने गांव के एक युवक पर शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर उसे बदनाम करने का आरोप लगाते हुए युवक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है।कोतवाली के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि गांव के एक युवक ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर तथा उसके साथ शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर लिए। जिसके बाद उक्त युवक बीते कई माह से लगातार उसके साथ शारीरिक शोषण करता आ रहा है। आरोप लगाते हुए कहा कि शारीरिक शोषण के दौरान युवक ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए हैं। तथा उक्त युवक अब शादी करने से मना कर रहा है। बताया कि उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं उक्त गाँव के सूत्रों के अनुसार मामला संदिग्ध है और प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने मामले की जांच कराई जा रही है।

## हवाई फायरिंग करने पर युवती ने युवक से छीना तमंचा थाने पहुंची रिपोर्ट दर्ज

**राठ।।** स्नातक की छात्रा ने शादी से इंकार किया तो युवक ने घर में जाकर हवाई फायरिंग कर दी इस पर युवती ने युवक सें तमंचा छीनकर थाने पहुंच गयी,पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कोतवाली के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती ने बताया कि वह कस्बे में एक महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी शिवम से वह फोन पर एक वर्ष से बात करती आ रही है। जिससे युवक के साथ उसकी अच्छी दोस्ती भी हो गई थी। अब उसके घर वालों ने उसका विवाह तय कर दिया है। लेकिन युवक बीते एक माह से उस पर अपने साथ विवाह करने का दबाव बना रहा है। विवाह न करने की धमकियां दी जा रही है। आरोप लगाया कि विद्यालय जाते समय उसे बीते एक माह से परेशान भी कर रहा है। विरोध करने पर उसकी फोटो वायरल करने की धमकी देता है।गुरुवार की रात करीब नौ बजे युवक अपने चार साथियों के साथ चार पहिया वाहन से उसके घर आया और गाली गलौज करते हुए तमंचे से हवाई फायर कर दिया था। जिसके बाद उसने उक्त युवक से उसका तमंचा छीन लिया और रात के समय वह डर के कारण कोतवाली नहीं आई थी। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## टेस्टिंग के बहाने युवक बाइक लेकर हुआ फरार

**सुमेरपुर।** कस्बे की एक हीरो एजेंसी से बाइक खरीदने आई युवती की बाइक को एक अज्ञात युवक टेस्टिंग के बहाने लेकर फरार हो गया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।कुंडौरा निवासी पूनम शुक्रवार को देवगांव चौराहा स्थित हीरो एजेंसी से बाइक खरीदने पहुंची। खरीदारी पूरी होने के बाद जैसे ही उसने बाइक एजेंसी से बाहर निकालीए वहां मौजूद एक अज्ञात युवक ने बाइक टेस्ट करने का बहाना बनाकर उससे ले ली। काफी देर तक युवक के वापस न लौटने पर युवती को ठगी का एहसास हुआ। पूनम ने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने एजेंसी और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर फरार युवक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# असाध्य रोगों का हो रहा है शत प्रतिशत इलाज : डा निगम

▸ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ मैटी का 216वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया'

**हमीरपुर समृद्धि न्यूज़।**



इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के आविष्कारक डॉ काउंट सीजर मैटी का 216वां जन्म दिन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धर्मार्थ चिकित्सालय पटकाना हमीरपुर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी डॉ नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा व इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियों द्वारा जनमानस को लगातार 34 वर्षो से धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा निशुल्क सेवा दी जा रही है। जहां पर दूरदराज़ से असाध्य रोगी आकर अपना इलाज करवा रहे हैं और उनको शत् प्रतिशत सफलता मिल रही है। इसी क्रम में धर्मार्थ चिकित्सालय की चिकित्सका डॉ. मानसी पटेल व डॉ. कंचन गुप्ता ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी धर्मार्थ चिकित्सालय में सबसे ज्यादा बच्चेदानी में गांठ एवं रक्त अल्पता से पीड़ित महिलाएं व बीस से पचीस वर्ष की युवतियां इलाज हेतु प्रतिदिन आया करती हैं। ये बीमारियां आजकल के खान.पान से व रसायनों के प्रयोग से बढ़ रही हैं। इसी क्रम में जिला इलेक्ट्रो होम्योपैथी प्रभारी डॉ गणेश सिंह विद्यार्थी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग.6 के आदेशों के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ के मीडिया प्रभारी जनपद हमीरपुर ईएच डॉ मेहर मधुर निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा हानिरहित है। अमौली से आये हुए डॉ देवानंद सागर गांव.गांव में जाकर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करते हैं व लोगों को इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा द्वारा रोग मुक्त करते हैं व जागरूकता पैदा करते हैं। कार्यक्रम में डॉ भूपेंद्र सिंह भदौरिया डॉ मेहर मधुर निगम डॉ विपाशा डॉ मानसी डॉ स्वाती खरे डॉ रंजना डॉ रजनीश खरे डॉ चन्द्रभूषण डॉ नम्रता अंश निगम डॉ प्रभा सचान डॉ शशी डॉ नसीमुद्दीन डॉ पूजा देवी डॉ दिनेश कुमार डॉ दानिश अली डॉ राजनारायण डॉ एन ए कुरैशी डॉ पी एल साहू डॉ अरशद अंसारी डॉ प्रमोद कुमार डॉ प्रभा सचान डॉ शशी सचान गोविंद सिंह राज पार्थ डॉ सुनीता सागर डॉ सन्तोष आर्य डॉ शफी बक्स डॉ श्रवण कुमार चक्रवर्ती डॉ दुर्गेश आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में पूर्ण योगदान हेमंत मिश्रा अभिलाष निगम ने किया।


# धर्मांतरण मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज मौदहा, हमीरपुर।**

मौदहा, हमीरपुर। नगर में एक हिंदू दलित परिवार को प्रलोभन दे कर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बना रहे मौलानाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ धर्मांतरण का मामला कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया जिसमे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया था और एक फरार नामजद को बीती रात गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।नगर के पूर्वी तरौस वार्ड नंबर एक निवासी उर्मिला वर्मा पत्नी अजीत वर्मा ने कोतवाली मौदहा में तहरीर देकर बताया था कि दो साल से वह बीमार चल रही है जिसके बाद उसकी मुलाकात नूरुद्दीन पुत्र शकूर उर्फ बुद्धू निवासी छिपटहरी मर्दाना नाका बांदा से नगर के मथुरा मंदिर के पास से होने पर उसने घर में मजार बना फतिया करने और मुस्लिम धर्म कबूल करने का प्रलोभन दिया था। 10 जनवरी को नूरुद्दीन अपने भतीजे मेराज हसन निवासी छिपटहरी बांदाए खालिक पुत्र अज्ञात निवासी रागौलएइरफान पुत्र स्वर्गीय यूनुस खान निवासी हुसैनगंज मौदहा व मोहम्मद हनीफ पुत्र अच्छे पूर्वी तरौस मौदहा उसके घर आकर कमरे में बनाई गई मजार में फतिहा पढ़ने लगे और मेरे पति से धर्म परिवर्तन करने की बात कही जिस पर मेरे द्वारा धर्म परिवर्तन को मना करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इस घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचे आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेने के बाद घटना की जांच पड़ताल करते हुए पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर नूरुद्दीन खालिद इरफान व मोहम्मद हनीफ को जेल भेज दिया है जबकि पुलिस को पांचवें आरोपी मेंराज हसन की तलाश कर रही थी जिसे बीती रात गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल अभी जारी है इस मामले में संलिप्त लोगों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

## मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज जी की कथा का रसपान करेंगे श्रद्धालु

**समृद्धि न्यूज महोबा**



विश्वविख्यात कथा वाचक मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज जी के श्रीमुख से श्रीराम कथा का रसपान 13 जनवरी से नगर के श्रद्धालू करेंगे जिसका शुभारम्भ आज आयोजित होने वाली कलश यात्रा से होगा और नगरवासी श्रद्धालु श्री भारद्वाज जी की कथा का आनन्द करीब एक दशक बाद उठाएंगे जिसको लेकर आयोजकों व श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। बताते चलें कि विश्वविख्यात कथा वाचक मानस मर्मज्ञ कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज जी के श्रीमुख से श्रीराम कथा का रसपान 13 जनवरी से प्रारम्भ होगा और इसका शुभारम्भ 12 जनवरी को कलश यात्रा से होगा। कार्यक्रम के संयोजन प्रमुख युवराज सिंह सेंगर ने बताया कि कथा का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज चरखारी के प्रांगण को बनाया गया है जहां दिन में 12 बजे से 2 बजे तक कथा का रसपान कराया जाएगा। श्री सेंगर ने बताया कि आयोजन से पूर्व श्री गोवर्धन्नाथ मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसके उपरान्त 13 जनवरी से 20 जनवरी तक शिव पार्वती विवाह, प्रभु श्री राम प्राकटयोत्सव, बाललीला एवं अहिल्या उद्धार, श्रीराम सीता विवाह, परशुराम संवाद, श्रीराम वनवास एवं केवट प्रसंग' भरत चरित्र एवं शबरी प्रसंग' सुन्दरकाण्ड आदि प्रभु के विभिन्न प्रसंगों का आनन्द श्रद्धालु उठाएंगे, 20 जनवरी को श्रीराम राजतिलक एवं पूर्णाहुति एवं भण्डारा का आयोजन किया गया है।

## दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग के आरोप में युवक सहित चार परिजनों पर मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर(हमीरपुर)समृद्धि न्यूज़**

कस्बे की एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने युवक सहित उसके चार परिजनों के खिलाफ दुष्कर्मए ब्लैकमेलिंग और जान से मारने की धमकी सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम सिंह को हिरासत में लिया गया है।पीड़िता ने आरोप लगाया कि कस्बा निवासी शुभम सिंह कॉलेज आते.जाते समय उसका पीछा करता था। एक दिन उसने उसे बहला.फुसलाकर बस स्टैंड के पास स्थित वृंदावन होटल में बुलाया और नशीला पेय पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शुभम ने बार.बार उसका शोषण किया। गर्भवती होने पर शुभम ने शादी का झांसा देकर गर्भपात कराया। बाद में शादी से इनकार करते हुए 15 दिसंबर को दूसरी युवती से सगाई कर ली। जब पीड़िता ने शुभम के घर पहुंचकर विरोध किया तो परिजनों ने जातिसूचक गालियां दीं और मारपीट की और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## डीएम और एसपी ने समाधान दिवस पर सुनी समस्याएं

**समृद्धि न्यूज़। सुमेरपुर(हमीरपुर)**

शनिवार को थाना सुमेरपुर में ष्थाना समाधान दिवसष् का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और चार जमीनी विवादों के समाधान पर जोर देते हुए उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठकए क्षेत्राधिकारी सदरए राजेश कमल प्रभारी निरीक्षक थाना सुमेरपुर अनूप कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण किया जायए। फरियादियों ने प्रशासन द्वारा की जा रही इस पहल की सराहना की और अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर संतोष व्यक्त किया।

# गरीब छात्रों को वितरित किये स्वेटर व जूते मोजे

**समृद्धि न्यूज़। मौदहा हमीरपुर ।**



कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गरीब असहाय निराश्रित बच्चों को प्रधानाचार्य ने क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में जूते स्वेटर वितरण कर पुनीत कार्य किया जिससे छात्राओ के चेहरे में मुस्कान देखने को मिली। जानकारी के अनुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अंजलि प्रिया गौतम ने क्षेत्राधिकारी विनीता पहल की उपस्थिति में स्कूल में अध्यनरत गरीब निराश्रित छात्राओं को जूता स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया स्कूल में पढ़ रही ऐसी 34 छात्रों को जूता मौज वितरण किए गए प्रधानाचार्य अंजलि प्रिया गौतम ने बताया कि गरीब छात्रों की निधि से ऐसे 34 छात्राओं को चयनित किया गया है और उनको शीतलहर ठंड से बचने के लिए स्वेटर वितरण किए गए हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य स्टाफ दीपिका शर्मा पूनम वर्मा आरती सिंह सहाना बानो आदि स्टाफ सहित छात्राएं मौजूद रही।

कैरियर मेला उड़ान का जिला जज ने किया उद्घाटन, हजारों विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

# अनुशासन में रहकर ही जीवन में बढ़ सकते है आगे: जिला जज

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कॅरियर मेला उड़ान का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलो एवं संस्थाओ द्वारा स्टॉल लगाये गये जिसमें 21 राजकीय हाईस्कूल एवं 17 राजकीय इण्टर कालेज और लगभग 20 स्वयंसेवी संस्था, बैंक, सरकारी एवं प्राइवेट कोचिंग संस्थानो द्वारा प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसमें करीब 10 हजार छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अलग-अलग सेवा क्षेत्रों के विशेषज्ञ मौजूद रहे। कॅरियर मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि, जिला एवं सत्र न्यायधीश पंकज सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया। जिसमें अतिथियों के स्वागत के साथ-साथ विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा



अनुशासन, एकाग्रता और लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिज्ञासा का होना आवश्यक बताया।

कॅरियर मेले का प्रथम सत्र मोटीवेशनल स्पीच का रहा। जिसमें मुख्य अतिथि जिला न्यायधीश द्वारा छात्राओ को मार्गदर्शन देते हुए, जीवन का महत्व, बड़ों का सम्मान, जीवन में खुश रहना, नयी टेक्नोलॉली का प्रयोग, पॉजिटिव थिंकिंग, दूसरो के कार्यों की प्रशंसा के लिये कहा गया। छात्रों से संवाद के दौरान जनपद न्यायधीश ने उनके प्रश्नों का उत्तर दिया और महात्मा गांधी एवं धीरू भाई अम्बानी के प्रेरक प्रसंगों से प्रेरणा लिये जाने की बात कही। जमीलुर्रहमान किदवई इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा कॅरियर गीत प्रस्तुत किया गया। इसी सत्र में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके श्रीवास्तव द्वारा जीवन में अच्छे मित्रों के महत्व, आध्यात्म की शिक्षा, दैनिक अभ्यास, लक्ष्य का निर्धारण, जीवन में एकाग्रता और भगवान राम के चरित्र को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। डीआईजी लखनऊ सीबीसीआईडी डॉ. अखिलेश कुमार निगम द्वारा विद्यार्थियों को संवाद के माध्यम से मार्गदर्शित करते हुए आत्मविश्वास, सोशल मीडिया से दूरी, योगा और अपनी जिज्ञासा को बढ़ाते हुए प्रतिदिन का टास्क निर्धारण की सलाह दी गयी, साथ ही उन्होंने बच्चों से उनके जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने की अपील की और सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलायी।

बस्ती मण्डल से आये हुए विशेष न्यायधीश सुनील कुमार निगम द्वारा जीवन में अनुशासन, स्वस्थ जीवन शैली, विषयों के सही चुनाव, चरित्र की दृढ़ता आदि के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में समापन सत्र में अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा (मा.), लखनऊ से आये हुए विष्णु कुमार पाण्डेय छात्रो को अपने उद्बोधन के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने, एकाग्रता, लक्ष्य निर्धारण, कौशल विकास, और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजकीय हाईस्कूल नित्तई द्वारा एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

# विश्व सनातन कल्याण संघ के विधानसभा हैदरगढ़ अध्यक्ष बनाए गए योगेश द्विवेदी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**



विश्व सनातन कल्याण संघ द्वारा नगर पंचायत हैदरगढ़ के सब्जी मंडी निवासी योगेश द्विवेदी लंबरदार को हैदरगढ़ विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिससे सभी सनातनी प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

विश्व सनातन कल्याण संघ द्वारा योगेश द्विवेदी को हैदरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर सनातन प्रेमियों द्वारा श्री द्विवेदी का माल्यार्पण कर एवं मुंह मीठा करा कर शुभकामनाएं प्रदान की हैं। योगेश द्विवेदी ने कहा कि वह संघ और राष्ट्रहित के कार्य में लगे रहेंगे और संघ को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी अखिल भारतीय व्यापार मंडल अध्यक्ष जनार्दन शुक्ला पूर्व सभासद विपिन साहू पूर्व सभासद स्कंद तिवारी राजकुमार सोनी राम सुमिरन हर्षवर्धन सिंह प्रदीप सैनी दीपक सोनी बबलू ज्ञानू मिश्रा मुन्ना यज्ञ सैनी सौरभ द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# साइकिल बाइक की टक्कर से छात्रा सहित दो लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

▸ प्राथमिक उपचार के बाद सुदर्शन को गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए किया रेफर

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत हैदरगढ़- रायबरेली मार्ग पर शनिवार की दोपहर बाद साइकिल व मोटरसाइकिल में टक्कर हो जाने से 16 वर्षीय छात्रा सहित दो लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय बाइक सवार को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भड़खोरिया मजरे लाही गांव निवासी नीतू पुत्री रामकुमार स्कूल में छुट्टी होने के बाद साइकिल से घर लौट रही थी। दोपहर बाद लगभग 3 बजे जब वह देवैचा गाँव के निकट पहुंची कि तभी विपरीत दिशा से आये बाइक सवार कनवा गाँव निवासी 20 वर्षीय सुदर्शन पुत्र स्व0 संतराम से टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस के सहारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सुदर्शन को गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है वहीं घायल नीतू का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जारी है।

# पेट्रोल पम्प पर चला नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान, बाइक-स्कूटी वाहनो के कटे चालान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

रोड सेफ्टी नियमो के पालन एंव जागरुकता को लेकर परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग ने आज शनिवार को नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत स्वास्तिक पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट सीटबेल्ट के विरुद्ध संघन अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट के आने वालों को बैरंग लौटना भी पड़ा। तथा हेलमेट न पहनने वालों के चालान भी काटे गये। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत पेट्रोल भरवाने आये वाहन चालकों को हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के लिये प्रेरित किया। तो वही बिना हेलमेट के आने वाले दर्जनो बाइक-स्कूटी वाहनो के चालान भी काटे गये। इसी दौरान एआरटीओ प्रशासन ने हेलमेट लगाकर पेट्रोल भरवाने आये चालको को गुलाब भेंटकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस मौके पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव,स्वास्तिक पेट्रोल पम्प प्रबन्धक दीपक जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ पर आयोजित हुए भण्डारे



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** अयोध्याधाम में सदियों की प्रतीक्षा के बाद बने भव्य दिव्य राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर शनिवार को सुंदरकांड के पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचकर बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह 9 बजे शुरू हुए सुंदरकांड के पाठ में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला, डॉक्टर उमंग वर्मा, डॉक्टर प्रियांश श्रीवास्तव,फार्मासिस्ट अंबरीश मिश्रा, राकेश तिवारी, डॉक्टर ऐश्वर्या, स्टाफ नर्स संदीप, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में आई तीन शिकायतें

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस कोतवाली बदोसरांय में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता एवं थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार के संयोजन में हुआ । जिसमें कुल 3 शिकायती प्रार्थना पत्र आय । एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि 2 अन्य मामलों में पुलिस व राजस्व की टीम मौके पर भेजी गई शनिवार को कोतवाली बदोसरांय के आंगन्तुक कक्ष में थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस एसडीएम सिरौलीगौसपुर की अध्यक्षता में हुआ । जिसमें कुल 3 शिकायतें आयीं 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम ने दिवस में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्ता युक्त निस्तारण हो ताकि फरियादियों को बार बार थाने तहसील के चक्कर न काटना पडे इस मौके पर उपनिरीक्षक सालिक राय विनय कुमार वर्मा राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी, प्रदीप कुमार वर्मा, संदीप वर्मा, महेंद्र जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में ड्रोन पायलट घायल, जिला अस्पताल रेफर

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सड़क हादसे मे कोरोमंडल इंटरनेशनल कंपनी मे ड्रोन पायलट के पद पर तैनाद युवक सडक हादसे में हुआ गम्भीर रुप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला लखीमपुर खीरी क्षेत्र के छतौनिया गांव निवासी लवलेश कुमार पुत्र नरेंद्र सिंह कोरोमंडल इंटरनेशनल कंपनी में ड्रोन पायलट के पद पर तैनात है हाल ही में उसका ट्रांसफर लखीमपुर जिले से बाराबंकी में हुआ है।

शनिवार को वह अपने घर से बाराबंकी ऑफिस आ रहा था कि फतेहपुर महमूदाबाद मार्ग पर बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सैंरया मातबर नगर रेलवे क्रासिंग के निकट सामने से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक सहित गहरी खाई मे जाकर गिर गया जिससे उसके दोनों पैर टूट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने घायल युवक को एंबुलेंस के मदद से उपचार के लिए फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को चिंताजनक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में लेते हुए मामले में छानबीन शुरू कर दी है। डा. निसार अहमद ने बताया कि युवक के दोनों पैर टूट जाने की वजह से उसकी स्थिति गंभीर है प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# खबरें एक नजर में

## सिंचाई के लिए लगाई जीन पाइप चोरी

**जैदपुर बारावकी।** सिंचाई के लिये खेत मे ले गये जीन पाईप चोरी होने का आरोप लगाया है। जैदपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार नितेश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम गुलरिहा थाना जैदपुर बाराबंकी ने जैदपुर थाने मे शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मै गीता सिंह पत्नी योगेश प्रतापि सिंह का लगभग 10 वर्ष से 17 बीघा जमीन बटाई पर ले रखा है। जिसकी देख रेख मै करता हूँ जो ग्राम अहमदपुर में स्थित है।खेत में ट्यूब बेल लगा है। 1 दिनाँक 8-1-2025 को दिन में सिंचाई करने के बाद रात हो गयी थी सुबह और पानी लगाने के लिये जीन पाइप को खेत में छोड दिया था। सुबह पुनः सीचने के लिये गया तो देखा कि पाइप नहीं है। जो लगभग 300 फिट के लगभग है।जिस पर लाल रंग से एन-के लिखा हुआ है। दिनाँक 8-1-2025 कि रात अज्ञात चोर उठा ले गया। जिसकी खोजबीन करे पर पता चला है कि उक्त पाइप जीन प्लाष्टिक का चोरी बृजेश उर्फ वड्?डे पुत्र स्यामलाल निवासी देवी दीन पुरवा थाना सफदरगंज ने चोरी की है। वही जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय को सीएचसी परिसर में किया गया शिफ्ट

**कालपी (जालौन)।** शासन की नीतियों के तहत अब ऐलोपैथिक तथा आयुर्वेदिक चिकित्सालय की व्यवस्था एक ही स्थान पर करने का आदेश जारी हुआ था। इसी के अनुपालन के तहत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कालपी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित कर दिया गया है। इसी परिसर में अब आयुर्वेदिक चिकित्सा की सुविधा भी मरीजों को मिलेगी। मालूम हो कि पिछले दो दशकों से राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के मुहल्ला दमदमा में एक प्राइवेट भवन में संचालित हो रहा था। कई वर्षों से चिकित्सालय के भवन निर्माण के लिए भूमि की तलाश की जा रही थीं। लेकिन उचित स्थान पर जमीन न मिल पाने के कारण भवन निर्माण का कार्य शुरू नही हो सका। इसी दौरान शासन के आदेश था कि जिन स्थानों में आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन विहीन है, उन चिकित्सालयों को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित कराया जाए। आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. पूर्णिमा चटर्जी ने बताया कि शासन की नीतियों के तहत दमदमा स्थित किराए के भवन से हटाकर राजकीय चिकित्सालय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया है। अब सीएचसी में ही आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधा मरीजों को मिलेंगी।

## उल्टी दिशा से आरी बाइक चालक ने दूसरी बाइक में मारी टक्कर, चालक की हुई मौत

**जालौन (उरई)।** उल्टी दिशा में आ रहे बाइक चालक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से बाइक चालक की मौत हो गई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी वैभव पाल उर्फचंकी का ट्रैक्टर औरैया मार्ग पर निर्माणाधीन पुल पर काम के लिए लगा था। बीती 11 दिसंबर को उनके ट्रैक्टर में खराबी आ गई थी। वह जालौन से मरम्मत का सामान लेकर वहां गए थे और देर शाम करीब सात बजे वह सामान देकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब वह बाइक से प्रतापपुरा मोड़ के पास पहुंचे तभी उल्टी दिशा से आ रहे बाइक सवार से बेकाबू होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वैभव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अस्पताल ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई थी। इस मामले में मृतक वैभव के भाई भूपेंद्र सिंह निवासी अकोढ़ी दुबे ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफकोतवाली में तहरीर दी है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



## निर्माणाधीन पुलिस चौकी का एसपी ने किया निरीक्षण

**बेलहरा-बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहरा में नये स्थान पर जनसहयोग से बनाई जा रही पुलिस चौकी का शनिवार दोपहर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण से संबंधित जानकारी इंस्पेक्टर अनिल सिंह से ली। एसपी ने बताया कि इस चौकी के निर्माण से न सिर्फ यहां तैनात पुलिस कर्मियों को सुविधाऐं मिलेगी बल्कि आने वाले फरियादियों के लिए भी अच्छी सुविधा होगी। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल के नेतृत्व में चल रहे निर्माण कार्य की सराहना की।एसपी ने थानाध्यक्ष को बढ़ती ठंड के साथ क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने तथा पूरी तरह से सतर्क रहने के निर्देश दिए। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर शशिकांत त्रिपाठी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**जालौन (उरई)।** जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के जालौन निवासी एक पक्ष के रिहान, अंशुल व आशीष एवं दूसरे पक्ष के रिजवान व रहीश के बीच जमीन के कब्जे को लेकर विवाद हो रहा था। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बाद में गाली, गलौज व मारपीट तक पहुंच गया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। न मानने पर उनहोंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# चेयरमैन संघ की हुई बैठक, शासन से मिलने वाली धनराशि की हुई चर्चा

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



चेयरमैन संघ की नये वर्ष पर एक बैठक जिलाध्यक्ष रामशरण पाठक के आवास पर संपन्न हुई।जिसमें विकास कार्यों को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष श्री पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में नगर पंचायत अध्यक्षों ने शासन के द्वारा नगर के विकास के लिए संचालित योजनाओं के तहत मिलने वाली धनराशि के बारे में चर्चा की और उस पर होने वाले विलंब को लेकर उच्च स्तर पर अपनी बात रखने की बात तय हुई।इसके अलावा उपस्थित सभी चेयरमनों ने एक स्वर में कहा कि एक अवर अभियंता के पास जिले के सभी नगर पंचायतों का चार्ज है जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहा है पूर्व की भांति और और अभियंताओं के तैनाती करने की मांग की जायेगी।मुख्य रूप से इस बैठक मे जिलाध्यक्ष राम राम शरण पाठक हैदरगढ़ के चेयरमैन आलोक तिवारी टिकैत नगर चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता रामसनेहीघाट चेयरमैन ज्ञानचंद यादव दरियाबाद चेयरमैन प्रतिनिधि सरफराज अहमद बंकी के चेयरमैन इमरान खान फतेहपुर के चेयरमैन इरशाद अहमद सहित गणमान्य उपस्थित थे।

# दूसरे दिन राम कथा में भाव-विभोर रहे श्रद्धालु

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में आयोजित महर्षि महेश योगी जी के 108वी जयंती महोत्सव के अवसर पर प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी विशेष प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। डॉ. विश्वास ने ' अपने अपने राम कथा शीर्षक के माध्यम से भगवान श्रीराम के चरित्र और आदर्शों का वर्णन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत अयोध्या के साधु-संतों के सम्मान के साथ हुई। डॉ. विश्वास ने कहा कि श्रीराम का चरित्र ही कविता है।भगवान श्रीराम पर कविता लिखी नहीं जाती,उनका चरित्र स्वयं काव्य का रूप ले लेता है।उन्होंने भारतीय साहित्य के आदिकवि महर्षि वाल्मीकि और आधुनिक कवि मैथिलीशरण गुप्त का उल्लेख करते हुए कहा कि हर कवि को अपनी कविता को राम तक ले जाना ही पड़ेगा,तभी उसमें संजीवनी तत्व आएगा। डॉ. विश्वास ने मंच से कई राम भजनों की प्रस्तुति दी,जिनकी मधुर धुनों ने पूरे पंडाल को भक्तिमय बना दिया।श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।अपनी कथा में उन्होंने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं,बल्कि भारतीय समाज की आधारशिला है।राम के आदर्श हर युग में प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने डॉ. कुमार विश्वास का स्वागत करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने का प्रयास कर रहा है।

# वृद्ध की हुई मौत, परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणों के चलते वृद्ध की मौत हो गयी। ठंड लगने के कारण वृद्ध की मौत की सूचना मिलने पर एसडीएम के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराने का प्रयास किया। लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया जिससे मौत का कारण पता नहीं चल सका। नगर के मोहल्ला जोशीयाना निवासी लखनलाल बाथम (68) की शुक्रवार की रात को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गयी। वृद्ध की मौत पर चर्चा होने लगी कि वृद्ध की मौत ठंड लगने के कारण हुई है। ठंड लगने के कारण वृद्ध की मौत की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी विनय मोर्य ने मौके पर लेखपाल वैभव त्रिपाठी को भेजा और घटना की सूचना पुलिस को दी। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की और मौत का कारण जानने के लिए परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। जांच के दौरान पता चला कि लखनलाल की विगत कई दिनों से तबियत खराब चल रही थी। उनके परिवारजन शुक्रवार को उनको दिखाने राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई ले गए थे। परीक्षण कराकर वापस लौटने पर रात में लखनलाल की तबियत अचानक से बिगड़ जाने के कारण रात में ही उनकी मृत्यु हो गई थी।

## थाना समाधान दिवस में आयी चार शिकायतें

**कालपी,जालौन।** उप जिलाधिकारी की अगुआई में समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें महज 4 शिकायतें दर्ज हुई। जमीन संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह की अगुआई तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह चौहान की मौजूदगी में कोतवाली सभागार में समाधान दिवस का आयोजन हुआ इस दौरान नीलाभ शुक्ला ने हरीगंज स्थित सुभान गुण्डा मस्जिद को पालिका अभिलेखों में सरकारी सम्पत्ति दर्ज होने की शिकायत कर उसे खाली कराए जाने की माँग की तो शोभन शुक्ला ने दबंगों पर पिता को उधार दी रकम की ऐवज में घर पर कब्जा करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस दौरान एसडीएम ने मौके पर मौजूद राजस्व कर्मियों तथा पुलिस कर्मियों को टीम बनाकर सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक एवं समय से निस्तारण करने की नसीहत दी।

# प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प: प्रमोद सिंह

▸ मेहर महोत्सव में विजयी महिला पहलवान सीमा सिंह का हुआ स्वागत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



मैहर महोत्सव में दिल्ली की महिला पहलवान को हराने वाली अयोध्या शेरनी की उपाधि से सम्मानित सीमा सिंह का भव्य स्वागत किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित समाजसेवी नेता प्रमोद सिंह ने कहा कि बिटिया ने दिल्ली की महिला पहलवान को हराकर अपने क्षेत्र का नाम जिले, प्रदेश,सहित देश में रोशन किया।ग्राम सभा बेला में स्वागत समारोह में उपस्थित अपना दल के नेता समाजसेवी श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र की बेटियां हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं और हमारे क्षेत्र की बेटियों ने भी पूरे देश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने बेटियों को आगे बढ़कर हर क्षेत्र में हिस्सा लेने की सलाह दिया।अयोध्या शेरनी सीमा सिंह के स्वागत के बाद बेला गांव की ही आल इंडिया यूनिवर्सिटी में ताइक्वांडो में कांस्य पदक विजेता सोनिया चौहान को भी सम्मानित किया गया,साथ ही अन्य क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली बेटियों काजल सिंह,नंदनी सिंह,चांदनी सिंह,प्रियंका सिंह, अंजली सिंह सहित मेधावियों को सम्मानित भी किया गया।इस मौके पर ग्राम प्रधान बेला दिनेश सिंह,डॉ प्रदीप कुमार,राम नेवल सिंह उर्फ गोरखनाथ सिंह,लाल बहादुर सिंह,इंद्रप्रकाश दुबे, राहुल कुमार युवा नेता अपना दल,शेर बहादुर सिंह,हरीश सिंह, दीपक मौर्य,शुभम सिंह,जय प्रकाश सिंह,संजय सिंह,लल्लू सिंह,पिंटू सिंह, श्यामलाल,आनंद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## नियमों को ताक पर रख संचालित हो रहे टैक्सी स्टैंड पर नहीं लगी रोक

**जालौन (उरई)।** परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर और सरकार के निर्देशों के बाद भी अवैध टैक्सी स्टैंड पर रोक नहीं लग पा रही है। शिकायतों के बाद भी अवैध स्टैंड पर रोक नहीं लग पा रही है। नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे से उरई, औरैया, कोंच, बंगरा आदि के लिए ऑटो उपलब्ध रहते हैं। इसके अलावा सवारी को जिस गांव या कस्बे में जाना हो वहां की भी बुकिंग हो जाती है। अवैध रूप से चल आटो के कारण एक ओर जहां प्राइवेट बस संचालकों को नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर परिवहन निगम की बसों को भी नुकसान हो रहा है।

परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर और प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी नगर में धड़ल्ले से अवैध ऑटो स्टैंड चल रहा है।

# एसडीएम ने खाद के भरे नौ नमूने जांच के लिये भेजा प्रयोगशाला



**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

नगर में संचालित खाद की दुकानों पर उप निदेशक कृषि व उप जिलाधिकारी की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम ने खाद के नौ नमूने भरे है जिन्हें जांच के प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। एक दुकान बंद मिलने पर उसके मालिक को नोटिस जारी किया गया है। एसडीएम विनय मौर्य व डीडी कृषि सुशील कुमार उत्तम, लोकेश कुमार की टीम ने नगर में संचालित खाद की दुकान पर छापामारी की। टीम ने बंगरा मार्ग कृषि उत्पादन मंडी समिति के पास संचालित प्रवीण ट्रेडर्स पंकज ट्रेडर्स व कृषक केन्द्र पर छापामारी की। इस दौरान खाद की उपलब्धता देखी गई और स्टाक रजिस्टर से उसका मिलान किया गया। निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक मिला। मौके पर मिले किसानों से खाद की बोरी की कीमत पूंछी तो सही मिली।

टीम ने किसानों को असली खाद मिल रही या नहीं। यह जानने के लिए यूरिया, डीएपी खाद व मोनोजिंक सल्फेट के तीनों दुकानों से तीन-तीन नमूना भरे। निरीक्षण के दौरान टीम को वंदना ट्रेडर्स बंद मिला। एसडीएम ने बताया कि दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। उप कृषि निदेशक सुशील कुमार ने बताया की खाद की दुकानों से खाद के नमूने भरे गये हैं जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**आवश्यक सूचना**

मेरे इस वॉटस ऐप नंबर 8887731252, पर 13,रजब की नज़र के तीन मेसेज प्राप्त हुए (काशान-ए-ताहिर जवाहर नगर नियुतनी हसनगंज) जो मेरे पिता के नाम से पंजीकृत है,नज़र नहीं होती है, 13, रजब की नज़र मेरे दादा मरहूम सय्यद मोहम्मद ताहिर अली के मकान जवाहर भवन नियोतनी हसनगंज पर होती है, जो मेरे चाचा के लड़के मसूद ताहिर, जावेद ताहिर करते है।

**प्रार्थी**
**सय्यद नदीम ताहिर रिज़्वी पुत्र स्वर्गीय सय्यद इफ़्तेखार हैदर रिज़्वी निवासी 337/152 हाता बुरहान साहब मंसूरनगर सआदतगंज लखनऊ।**

# निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन की स्लैब गिरी, कई मजदूर घायल

**बचाव कार्य जारी, घायलों का अस्पताल में चल रहा है उपचार**

**फर्रुखाबाद/कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कन्नौज में निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन की छत की स्लैब शनिवार को अचानक गिर गई। जिसमें कई मजदूर फंस गये।

खबर लिखे जाने तक 23 मजदूरों को निकाला जा चुका था। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के मौके पर पहुंच गयी। स्थानीय प्रशासन रेस्क्यू में जुटा। दबे लोगों को आरपीएफ और जीआरपी की टीम निकाल रही। मलबे से 23 मजदूर निकाले जा चुके। 5 की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। बांकी दबे हुये मजदूरों को निकालने के लिये लखनऊ से एसडीआरएफ बुलाई गयी। वहीं मंत्री असीम अरुण ने कहा कि रेस्क्यू अभियान जारी है, जल्द ही सभी दबे हुये मजदूर बाहर निकाल लिये जायेंगे। मलबे मेंकई मजदूरों के दबे होने की आशंका है।


बचाव कार्य जारी


मौके पर मौजूद डीएम व रेलवे अधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कन्नौज रेलवे स्टेशन पर हुई घटना पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस, प्रशासन एव एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है, घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनका उपचार चल रहा है। किसी भी व्यक्ति की जान की हानि नहीं हुई है।

**सीएम योगी ने लिया संज्ञान**

सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर कार्यवाही के निर्देश दिये और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

**सरकार घायलों को दे मुआवजाः अखिलेश**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज में रेलवे निर्माण की दुर्घटना पर कहा कि है कि राहत कार्य तेज़ किया जाए। सरकार घायलों को अच्छे-से-अच्छा उपचार उपलब्ध कराए और उन्हें यथोचित मुआवजा भी दिया जाए।

**घायलों को दिया जाय मुआवजा**
**अंशू अवस्थी, प्रवक्ता कांग्रेस**

कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन भवन में हुई दुर्घटना दुर्भाग्य पूर्ण है, सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है , सुरक्षा के इंतजामों में घोर लापरवाही है जिसका कारण भ्रष्टाचार है , केंद्र सरकार ने रेल में सुरक्षा के बजट को घटा दिया जिसका खामियाजा उन गरीब मजदूरों को अपनी जान की कीमत देकर चुकाना पड़ रहा ,मै और हमारी पार्टी सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती है, और मृत परिवारों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करती है। और घायलों को मुआवजा दिया जाये।

## घायलों को 2.5 लाख रुपये का दिया जायेगा मुआवजा

रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि कन्नौज स्टेशन पर हुए हादसे के घायलों को 2.5 लाख और मामूली घायलों को 50 हज़ार मुआवजा रेलवे प्रशासन द्वारा दिया जाएगा। रेलवे के चीफ इंजीनियर और एडीआरएम समेत 3 लोगों की टीम इस हादसे की जांच करेगी।

# कड़ाके की ठंड में बौद्ध भिक्षुओं को वितरित किए कंबल




**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बौद्ध भिक्षु संघ ने की मंगल कामना गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के तत्वाधान में गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार बडेपुर छिबरामऊ में बौद्ध भिक्षुओ को संस्था गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के प्रबंधक/सचिव तीर्थराज बौद्ध द्वारा कंबल वितरित किए गए।

सर्वप्रथम भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित किए गए भिक्षु संघ ने त्रिसरण पंचशील कर पूजा वंदना की और कार्यक्रम में उपस्थित सभी उपासको एवं संस्था के लिए मंगल कामनाएं की संस्था के सदस्यों द्वारा बौद्ध भिक्षु संघ का पुष्प देकर जोरदार स्वागत किया गया एवं इस अवसर पर मुख्य अतिथि रवी यादव पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य का संस्था के प्रबंधक द्वारा पंचशील पट्टिका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बौद्ध भिक्षु संघ में बुद्ध दीप बुद्ध प्रिय कमलबोधी संघमित्र धम्म मित्र ज्ञान रतन अमरदीप धम्म रतन धम्म शील विजय रतन अजय रतन व उपासक डॉ. मनोज कुमार शाक्य संतोष प्रिय बौद्ध सुमित कुमार सतीश चंद्र बौद्ध श्रीमती शांति देवी शाक्य सदस्य ग्राम पंचायत देवकीनंदन शाक्य रामचरन शाक्य यश सिंह सोनू शाक्य ईलू शाक्य मोनू शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।



# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुण्यतिथि पर मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**छिबरामऊ कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के थाना बिशनगढ़ के अंतर्गत ग्रार ररूआ मैं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 33 में पुण्यतिथि पर मलयार्पणकर मनाई गई। तहसील क्षेत्र के थाना बिशनगढ़ के अंतर्गत ग्रार ररूआ मैं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 33 में पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय कृषक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एडवोकेट ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बेणीराम की मूर्ति पर माला अर्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला मनीषा के बटेश्वर शाक्य सुखेंद्र सिंह रमेश चंद्र संतोष शाक्य अंकित सविता आशीष कुमार शिवम दुबे अंकित कुमार सिपाही लाल शाक्य वेद प्रकाश दुबे विवेक तिवारी धनीराम अमर सिंह ने स्वर्ग की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दोस्त ने दोस्त को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**बहन से बात करने पर खुन्नस खाएं दोस्त ने की दोस्त की हत्या**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



दोस्त की बहन से बात करने पर शक होने पर दोस्त ने दोस्त को मौत के घाट उतार दिया। थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फूलपुर गांव निवासी वादिनी गुड्डी देवी पत्नी स्व. पप्पू ने अपने पुत्र अंकित की 7 जनवरी को सुबह घर से जाना व वापस न आने के सम्बन्ध में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसके बाद वादिनी को जानकारी होने पर उसकी तहरीर पर कि अंकित के दोस्त उपेन्द्र नें फोन करके बुलाया था। तबसे मेरा पुत्र गायब था। मैनें काफी खोजबीन की परन्तु नहीं मिला। 10 जनवरी को जानकारी होने पर कि उसके पुत्र अंकित (18) की हत्या करके उपेन्द्र ने शव कहीं फेंक दिया है। इसके संबंध में थाना कोतवाली कन्नौज पर मुकदमा पंजीकृत कराया।

प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मुकदमें में वांछित अभियुक्त उपेन्द्र (20) पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम दलेलपुर फूलपुर को मय आलाकत्ल मफलर के गिरफ्तार किया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि मृतक अंकित मेरा दोस्त था। परन्तु मैने उसको अपनी बहन के पास बैठे बाते करते देखा था। तब मुझे शक हुआ कि अंकित का मेरी बहन से कुछ चक्कर चल रहा है। मैंने उसे यह कहकर बुलाया था। कि चलो खेत पर टहल कर आते है। खेत की तरफ जाते समय रास्ते मे पड़ने वाले कुएँ के पास मैने अंकित की गर्दन अपनी मफलर से कसकर उसकी हत्या कर दी थी। तथा उसके शव को छिपाव हेतु कुएँ मे फेक दिया।

## खबरें एक नजर में

### बाइक-कार की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** छिबरामऊ की तरफ से जा रहे बाइक सवार को फर्रुखाबाद तरफ से आ रही कर ने मारी टक्कर घटनास्थल पर बाइक सवार की हुई मौत छिबरामऊ से की तरफ से बाइक फर्रुखाबाद के लिए जा रही थी यूपी 76 ड्ढ 1751 फर्रूखाबाद की तरफ से छिबरामऊ आ रही फोर व्हीलर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मौके पर ही पैर काटकर उसकी मृत्यु हो गई रहागीरों ने किसी तरीके से उसको निकाल और एंबुलेंस को कॉल करके सौसैया हॉस्पिटल भेजने का कार्य किया वही फोर व्हीलर स्वर भी बताया जा रहा है कि गंभीर रूप से घायल है जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर निवासी चंदन सिंह छिबरामऊ से किराने का सामान लेकर अपने गांव जा रहा था वैसे ही उधनपुर के पास सामने से आ रही फोर व्हीलर ने जोरदार टक्कर मारी जिससे चंदन मौके पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय भेजा जहां घायलों का उपचार जारी है।

### मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने दिखाई तर्त्पता

**तिर्वा।** हादसे की जानकारी मिलते ही मेडिकल कॉलेज प्रशासन अलर्ट हो गया। शाम चार बजे के करीब जिला अस्पताल से रेफर होकर तीन मरीज मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उनको तत्काल एम्बुलेंस से नीचे उतारकर वार्ड में ले जाया गया। घायलों के पहुंचते ही मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने तुरन्त बरिष्ठ चिकित्सकों को भी कॉल कर इमरजेंसी में आने को कहा। शाम 07 बजे तक 12 मरीज मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए थे। यहां सभी का एक्सरे व सीटी स्कैन कराया गया।

### अवैध शराब सहित एक युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की और एक युवक को अवैध शराब बिक्री करने ले जाते समय दबोच लिया। कोतवाली पुलिस ने पकड़े गए आरोपित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। शुक्रवार को उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर अनिभोज से मलिकपुर जाने वाले रोड पर छापेमारी की और ग्राम लालपुर निवासी राजू पुत्र राधा कृष्ण को 10 लीटर अवैध शराब की बिक्री करने ले जाते समय गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस में पकड़े गए युवक के विरुद्ध दफा 60 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

### पश्चिमी बाईपास तिराहे पर फव्वारा लगाने का काम शुरू

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर को सुंदर बनाने में नगर पालिका कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। पश्चिमी बाईपास तिराहे से नगर में प्रवेश करते ही लोगों को सुखद एहसास होगा। यहां पर फव्वारा लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया यहां पर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण पहले ही कराया जा चुका है। अब इसके बगल की जगह में पत्थर का शानदार फव्वारा लगाया जाएगा। पास में ही बन रहे टॉयलेट में महिलाओं एवं पुरुषों को आधुनिकतम सुविधाएं मिलेंगी। इसमें बाथरूम सहित महिलाओं और पुरुषों के लिए चार अलग-अलग टॉयलेट सीट एवं यूरिनल पॉट होंगे। हाथ सुखाने के लिए ऑटोमेटिक हैंड ड्रायर भी लगेगा। कम कीमत में महिलाओं को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने की ऑटोमेटिक मशीन के साथ ही बेकार सेनेटरी पैड नष्ट करने की मशीन भी लगेगी। इस टॉयलेट की पूर्वी दीवार पर झरना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा प्रथम चरण में पश्चिमी बाई पास से विशुनगढ़ तिराहे तक डिवाइडर लगाने का काम पूरा हो चुका है। बीच-बीच में पोल लगाकर उन पर लाइट जलना शुरू हो गया है। हर पोल पर तिरंगी झालर भी लपेटी गई है। उन्होंने कहा गणतंत्र दिवस तक यह स्थान अत्यंत आकर्षक दिखाई पड़ेगा।

# प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर निकाली शोभायात्रा



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जय जय श्रीराम के जयघोषों की गूंज रही। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शनिवार को कस्वा में श्रीराम लीला महोत्सव समिति के तत्वावधान में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कि प्रथम वर्ष गांठ के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें एक भव्य विशाल भगवा ध्वज यात्रा निकाली। यात्रा में डीजे की धुन पर युवा थिरकते रहे। और जय श्री राम के नारे लगाएं। यात्रा पठकाना मोहल्ले से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर वापस गंतव्य स्थान पर पहुँची। इस दौरान सैकड़ों की संख्या महिला और पुरूष रहे।

# डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं


ठठिया थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम- एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

**थाना ठठिया पर फरियादियों की सुनी समस्यायें, दिए निर्देश**

थाना समाधान दिवस में पहुँचकर डीएम और एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को थाना ठठिया पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत- प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया। कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना- पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।

### गौवंश का शव नोचकर खा गए कुत्ते का वीडियो वायरल

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** गौवंश का आवारा कुत्तों के द्वारा शव को नोचकर खा जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वारयल हुआ। जिसमें जलालाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे एक आवारा गौवंश पड़ा है। जिसे कुत्तों के द्वारा नोचकर खा लिया गया है। जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोग सरकार के दावों की पोल खोलने लगे और तरह तरह के कमेंट करने लगे। हालाकि समृद्धि न्यूज़ वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता। कस्वा में एक गौशाला संचालित है। जिसमे चारा भी है और पर्याप्त ब्यबस्था भी लेकिन गौशाला में गायों के नाम पर सिर्फ एक गौवंश मौजूद है। ग्रामीणो ने बताया कि इसकी सूचना अधिकारियों को दी गयी थी लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। खुले में घूम रहे मवेशियों की वजह से एक तरफ किसान परेशान है। वहीं दूसरी तरफ इन मवेशियों के लिए बने आश्रय स्थल अनदेखी के चलते कब्रगाह बनते जा रहे हैं। गोशाला के पास जमीन में पड़े गोवंश को कुत्ते नोचकर खा गए है। क्रूरता की हद देखिए। जिम्मेदार अफसर और कर्मचारी गोवंशी की मौत छिपाने के लिए बिना पोस्टमार्टम कराए ही उनके शवों को गोशाला से कुछ दूरी पर फेंक रहे है। इस सम्बंध में खण्डविकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया। तो सम्पर्क नही हो सका। एडीओ पंचायत लक्ष्मीराम राज यादव ने बताया की मामला संज्ञान ने नही है। अगर ऐसा है तो कार्यवाई की जाएगी।

# सात शिकायतों में दो का हो सका निस्तारण

**भूमि विवाद की शिकायतों में जांच के आदेश**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें दो शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।


समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एएसपी अजय कुमार।

जबकि पांच शिकायतें निस्तारित नहीं हो सकी। शनिवार को कोतवाली परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व से संबंधित पांच शिकायतें आई। जबकि दो शिकायत पुलिस से संबंधित आई। जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को पुलिस व राजस्व कर्मियों को सौंपकर अधिकारियों ने निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, मोहन लाल, रवीन्द्र सिंह, नीलम सिंह, ग्रीश कुमार, हरीश कुमार, देवीचरण शाहू सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर बांटा प्रसाद

**भक्तों ने पूजा अर्चना कर मनाई वर्षगांठ**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और रामलाल की प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर नगर के भक्तों ने पूजा अर्चना की और विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जय श्री राम के नारे लगाए।


भगवान श्री राम की पूजा अर्चना करते भक्त।

शनिवार को नगर के मोहल्ला अफसरी में भगवान श्री रामचंद्र के अयोध्या में स्थित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के 01 वर्ष पूर्ण होने पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें रामलाल ने कहा कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का 01 वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर के दर्शन उन्होंने किए हैं। इसके अलावा देश-विदेश के लोग भी भगवान राम के दर्शन कर अपने आप को अभिभूत कर रहे हैं। इससे पहले भक्तों ने श्रीराम की पूजा अर्चना कर गगनभेदी जयकारे लगाए और धूमधाम से वर्षगांठ को मनाया। इस मौके पर सुरेश तिवारी, प्रदीप मिश्रा, राजीव पाल, उपदेश तिवारी, शिवाजी, अतुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कथा समापन के अवसर पर हुआ भंडारा

**कन्याभोज के बाद संतों ने ग्रहण किया भंडारा का प्रसाद**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम कथा एवं शतचंडी यज्ञ के समापन पर विशोखर धाम में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें संत महात्माओं सहित हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

शनिवार को अमोलर स्थित बिसोखर धाम संत सीताराम आश्रम में आयोजित नवदिवसीय श्री राम कथा एवं शतचंडी यज्ञ के समापन अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें कन्याभोज का कार्यक्रम कराया गया।


भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

इसके उपरांत विशाल भंडारा में नगर व क्षेत्र के संत महात्माओं सहित हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर महंत सीताराम महाराज, हरिदास, कथावाचक रामानुज पांडेय, आशुतोष महाराज, घनश्याम पांडेय, प्रभात पांडेय, गौरव वर्मा, अमित ठाकुर, अनिल पांडे, सुरेंद्र सिंह, पीके सिंह, त्रिलोचन गुप्ता सहित भक्त मौजूद रहे।

# दो स्थानों पर रंजिश को लेकर हुई मारपीट में पांच घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर रंजिश को लेकर जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें तीन महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम नवादा निवासी ललित कुमार पुत्र तेजराम वर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 09 जनवरी की शाम लगभग 06 बजे गांव के मिथुन ने रंजिश को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपित ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। वहीं क्षेत्र के ग्राम हरदेपुरवा निवासी गुड्डी देवी पत्नी बृजलाल वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के पिंटू, मुस्कान और मनु ने रंजिश को लेकर 10 जनवरी को दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आई उसकी पुत्री रागिनी, पायल और पुत्र हिमांशु को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सैकड़ो किसान प्रयागराज के लिए रवाना



महापंचायत के लिए रवाना होते किसान।

**महापंचायत में रखेंगे जनपद के किसानों की समस्याएं**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रयागराज महाकुंभ में होने वाली भारतीय किसान यूनियन महापंचायत में शामिल होने के लिए स्थानीय रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी रवाना हुए। शनिवार को महापंचायत में किसानों को रवाना करने के दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर ने कहा कि जनपद के किसानों की समस्याओं एवं विभागों के भ्रष्टाचार, मनमानी करने वालों की शिकायत राष्ट्रीय पदाधिकारी से करेंगे।

कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीर्ष नेतृत्व द्वारा इलाहाबाद में किसानों की महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद कन्नौज से भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होने के लिए प्रयागराज जा रहे हैं।

# उद्घाटन से दो दिन पूर्व नगर मजिस्ट्रेट ने मेले की देखीं व्यवस्थायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मेला रामनगरिया के उद्घाटन में मात्र एक दिन का समय शेष बचा है। जिसको मद्देनजर रखते हुए नगर मजिस्ट्रेट ने मेला रामनगरिया पहुंचकर व्यवस्थायें देखीं तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले के उद्घाटन के समय कोई अव्यवस्था न रहने पाये।

जानकारी के अनुसार शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल ने मेला रामनगरिया का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थायें देखीं। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि मेले का 13 जनवरी को उद्घाटन है। इसलिए कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए। सभी व्यवस्थायें चाक चौबंद कर ली जायें। उद्घाटन के दौरान अव्यवस्थायें मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। बिजली व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, लेट्रीन आदि की व्यवस्था सभी दुरुस्त होनी चाहिए। कल्पवास करने वाले कल्पवासियों को किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट को साधु संतों ने कई व्यवस्थायें बतायीं। जिस पर नगर मजिस्ट्रेट ने मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित को तुरंत व्यवस्थायें दुरुस्त करने के निर्देश दिये। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट के अलावा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, बीडीओ मोहम्मदाबाद नीतेश, कादरीगेट थाना इंचार्ज आमोद कुमार, मेला प्रभारी संजय कुमार राय, मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित मौजूद रहे।



मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते नगर मजिस्ट्रेट

## अतिक्रमणकारियों को आज तक की दी गयी मोहलत

मेला रामनगरिया की व्यवस्थाओं का जायजा करने निकले नगर मजिस्ट्रेट को फुटपाथ पर काफी अतिक्रमण दिखा। जिस पर उन्होंने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि आप लोग कल तक अपना अतिक्रमण हरहालत में हटा लें अन्यथा अतिक्रमण हटाने के दौरान जो भी सामान मिलेगा, उसे कब्जे में ले लिया जायेगा। एक प्रश्न के उत्तर में समृद्धि न्यूज के संवाददाता को नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि अतिक्रमण अभियान लगातार जारी रहेगा, क्योंकि मेले के दौरान जाम की स्थिति उत्पन्न होगी। जिसके मद्देनजर देखते हुए यह अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान कई लोग अपना-अपना सामान हटाते दिखे। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल, थाना प्रभारी अमोद कुमार, पांचाल घाट चौकी मोहित मिश्रा, विवेक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



अतिक्रमण को चेतावनी देती पुलिस

# बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

बिजली का करंट लगने से युवक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिढ़ैल निवासी शिवम पुत्र रामवीर जो की हैंडपंप मरम्मत का कार्य करता है। गांव के ही बुलाकी राम सक्सेना के घर हैडपंप ठीक कर रहा था। हैडपंप का पाइप निकलते समय लोहे का पाइप 11000 की लाइन से छू गया। जिसमें जोरदार झटका व करंट लगने से शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिवम अविवाहित है। उसकी मां नन्हीं देवी एवं भाई विजय सिंह दोनों का बुरा हाल है। सूचना पर राजपूताना चौकी इंचार्ज अच्छे सिंह मौके पर पहुंचे एवं शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शिशु की सर्दी से मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गांव उलियापुर निवासी मोहित के 20 दिन के पुत्र प्रभात की बढ़ती ठन्ड को लेकर अचानक हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डॉ0 अमरेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन उसका शव लेकर घर चले गए।

# ट्रेन से कटकर आवारा गोवंश की मौत

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर आवारा गौवंश की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने अन्य साथियों के सहयोग से जेसीबी को बुलवलाकर गड्ढा खुदवाकर उसे दफन करवा दिया। बताते चलें कि कमालगंज क्षेत्र में बीते करीब एक माह में सैकड़ों गौवंश ट्रेन से कट चुके हैं।

शनिवार सुबह करीब 5.00 बजे कमालगंज क्षेत्र के शेखपुर रूस्तमपुर क्रॉसिंग के पास गुमटी नंबर 137 और 138 के गेटमैन जमील ने बताया सुबह आवारा गोवंश की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। जिसकी सूचना संबंधित अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को दी गई और उत्तर प्रदेश गौ रक्षा महामंत्री अब्दुल जब्बार को सूचना दी। बताया गया कि कानपुर की तरफ जा रही बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन से टकराकर आवारा गोवंश की मौत हो गई है। जिसकी सूचना प्रदेश महामंत्री अब्दुल जब्बार ने जिला अध्यक्ष हरिगिरि महाराज को दी। उसके बाद जिला अध्यक्ष और महामंत्री तत्काल मौके पर पहुंचे एवं ग्राम प्रधान के सहयोग से आवारा गोवंश को उठाकर जेबीसी से जमीन में दफन करवा दिया।



गौवंश के शव को दफनाते प्रधान व हरिगिरि महाराज व अन्य

# महिला के साथ रह रहे मीटर रीडर का फांसी पर झूलता मिला शव

- किराये पर कमरा लेकर अलग रहता था मृतक, पिता ने महिला पर लगाये गंभीर आरोप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

महिला के साथ रह रहे मीटर रीडर का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला शव। परिजनों ने महिला पर गंभीर आरोप लगाये हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र निवासी मीटर रीडर कई महीनों से एक महिला के साथ थाना क्षेत्र के ही एक मकान में किराए पर रहता था। देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला।महिला एंबुलेंस से जिला अस्पताल लोहिया लेकर आई।जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया।मृतक मीटर रीडर के पिता ने महिला पर गंभीर आरोप लगाए है। बताते चलें कि कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला वनखड़िया निवासी जितेंद्र शाक्य 35 पुत्र लालाराम बिजली विभाग में मीटर रीडर था। वह कुछ महीनों से घर पर नहीं रह रहा था। याकूतगंज निवासी एक महिला के साथ मोहल्ला खैरबंद में किराए के मकान में रहता था। शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने कमरे में मफलर से फांसी लगा ली। जब साथ रह रही महिला ने जितेंद्र को फंदे से नीचे उतारा और एंबुलेंस बुलाकर उसे रात डेढ़ बजे जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने जितेंद्र को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना भेज दी। वहीं महिला ने अपस्ताल को खुद को जितेंद्र की पत्नी बताया। शनिवार दोपहर मृतक के पिता लालाराम सहित अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पुत्र के साथ रहने वाले वाली महिला पर गंभीर आरोप लगाए। पिता लालाराम ने बताया कि उनके तीन बेटे और पांच बेटियां हैं। बड़े बेटे अरविंद की मौत दस साल पहले हो चुकी है। मझले बेटे की मौत कोविड में हो गई थी। छोटा बेटा जितेंद्र बचा था। जो बुढ़ापे का सहारा था। अब वह भी चला गया है। कोतवाल फतेहगढ़ सत्यप्रकाश ने बताया कि मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।



रोते बिलखते मृतक के परिजन



# ई-रिक्शा से टकराकर दो बाइक मिस्त्री समेत तीन घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

कार ठीक करने के लिए सामान लेकर जा रहे बाइक सवार मिस्त्री ई-रिक्शा से टकरा गया। जिससे तीन व्यक्ति घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद रोड पर ग्राम बघौना के सामने देसी शराब ठेके के निकट प्रत्यक्षदर्शनों के मुताबिक फर्रुखाबाद से अपाचे बाइक से आ रहे कार मिस्त्री फर्रुखाबाद कोतवाली के मोहल्ला तिकोना चौकी निवासी अमन पुत्र बाबू खान तथा फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र के ही नखास चौकी क्षेत्र के मोहल्ला बंगशपुरा निवासी आजम पुत्र अजीज खान अपनी अपाचे बाइक से नवाबगंज एक कार का सामान लेकर कार संभालने आ रहे थे, तभी प्रत्यक्षदर्शी सूत्रों के मुताबिक सामने चल रहा ई-रिक्शा में मिस्त्री की बाइक पर रखा कार का बोनेट टकरा गया तथा बाइक अनियंत्रित होकर जमीन पर जा गिरी और दोनों बाइक सवार मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं तीसरा व्यक्ति घटनास्थल पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था। जिसके बारे में किसी ने कोई जानकारी नहीं जुटा पाई। काफी जानकारी करने के बाद घायल की अभय राजपूत पुत्र केसराम निवासी मिल्क मौजमुल्लाह थाना नवाबगंज के रूप में हुई। तब हलका इंचार्ज दरोगा हेमंत कुमार ने तथा कांस्टेबिल किरण कुमार ने घायल अभय राजपूत के घर पर सूचना दी, लेकिन तब तक एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गयी और चालक रविंद्र कुमार तथा एमटी देवेश कुमार गंभीर अवस्था में तीनों घायलों को नवाबगंज सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर प्रेम रंजन ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



घटनास्थल पर घायल दो बाइक मिस्त्री व पड़ा एक अन्य घायल

# थाना समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनीं जनता की समस्यायें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना समाधान दिवस के मौके पर तहसीलदार ने थाना पुलिस के साथ जनता की समस्यायें सुनीं।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में कायमगंज तहसीलदार तथा थाना पुलिस ने जनता की समस्याएं सुनीं। जिसमें पुलिस विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं कस्बा से ही जमीनों से संबंधित कई प्रार्थना पत्र आए। जिसमें आसपास की जनता ने भी अपनी-अपनी समस्यायें रखीं। जिसमें दो समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। समस्याओं के लिए राजस्व विभाग तथा पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना कर दी गई। वहीं थाने के एसएसआई रामसिंह, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, समाधान दिवस के प्रभारी भूदेव सिंह तथा तहसीलदार ने समस्याओं का निस्तारण करने के सभी टीमों को निर्देश दिए। इस मौके पर थाने के एसएसआई रामसिंह, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा संतोष कुमार सिंह, दरोगा हेमंत कुमार, समाधान दिवस के डेस्क प्रभारी भूदेव सिंह, तहसीलदार कायमगंज तथा लेखपाल समेत समस्त राजस्व कर्मचारी तथा फरियादी मौजूद रहे।



जनता की समस्यायें सुनते तहसीलदार व अन्य

# प्रसूता की हालत बिगड़ी अस्पताल में मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। जनपद कासगंज के थाना क्षेत्र के विलराम गेट निवासी पूजा उम्र 25 वर्षीय पत्नी सौरभ जो की गर्भवती थी और अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली थी। शनिवार को प्रसव पीड़ा होने पर उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डॉ0 अमरेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन उसका शव घर ले गए। महिला का शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। इधर अस्पताल से मेमो कोतवाली भेजा गया है।

# समाधान दिवस में एसपी ने सुनीं जनता की समस्यायें

- ई-साक्ष्य एप की देखी प्रगति, अब पुलिस नहीं कर सकेगी सबूतों से छेड़छाड़

फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कादरीगेट थाने का निरीक्षण किया तथा लोगों की समस्यायें सुनीं। साथ ही ई-साक्ष्य एप की प्रगति देखी।

जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी ने थाना कादरीगेट पहुंचकर समाधान दिवस के तहत जनता की समस्यायें सुनीं। इस दौरान कई समस्याओं का निस्तारण मौके पर किया गया तथा शेष शिकायतों का निस्तारण करने के संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देश दिये। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने ई-साक्ष्य एप की प्रगति देखी। बताते चलें कि ई-साक्ष्य ऐप भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की ओर से विकसित किया गया है। यह आपराधिक घटनाओं के बाद डिजिटल तरीके से साक्ष्य को रिकार्ड कर संरक्षित की सुविधा देता देता है। इसका उद्देश्य देश में आधुनिक न्याय प्रणाली के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा दोषियों को सजा दिलाना है। इस एप्प की मदद से साक्ष्यों जैसे फोटो, वीडियो, बयानों आदि के साथ छेड़छाड़ और गायब होने की शिकायतें कम होंगी।

इसकी मदद से देश भर के पुलिसिंग अनुसंधान में एकरूपता आयेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस एप के माध्यम से भारतीय न्याय संहिता में अपराध दृश्य, मौके से जब्ती, वादी साक्ष्यों के बयानों का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिकार्डिंग, संग्रह, परिसर की तलाशी का वीडियो का भी प्रावधान है। ई-साक्ष्य ऐप से नये आपराधिक कानून की मदद से अपराधियों को सजा दिलाने में मदद मिलेगी।



जनता की समस्यायें सुनते पुलिस अधीक्षक

# आर्मड फोर्सेस दिवस मनाने के संबंध में हुई बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आर्मड फोर्सेस दिवस 14 जनवरी को मनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान वीर नारियों व वरिष्ठ वीर सैनिकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

कैप्टन उदयराज सिंह चौहान के आवास पर आर्मड फोर्सेस दिवस 14 जनवरी 2025 को मनाने हेतु बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कमान्डर नवीन कटियार ने की। जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी की सहमति से इस आयोजन को भव्य बनाने में सभी अपना सहयोग व सहभागिता करें। इसमें एन.सी.सी. के कैडेट्स व विद्यार्थियों की भी सहभागिता रहेगी। यह आयोजन रैली के रुप में दुर्गा नारायण कालेज से म्युसिपल इंटर कालेज (एमआईसी) पुरानी जीवन बीमा (एलआईसी) कार्यालय भवन से होते हुए कोतवाली फतेहगढ़ चौराहे से सैनिक कल्याण कार्यालय होते हुए पुनः दुर्गा नारायण डिग्री कालेज में एक सभा के रुप में परिवर्तित होगा। जहां वीर नारियों व वरिष्ठ वीर सैनिकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम किया जायेगा। बैठक में कैप्टन उदयराज सिंह चौहान के अतिरिक्त कम से कम 2 दर्जन पूर्व सैनिकों ने अपनी सहभागिता की। इस मौके पर सभी से आग्रह किया गया कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों से पूर्व सैनिकों को लाने का काम करें।



बैठक के दौरान मौजूद पूर्व सैनिक

# कई दलों के कार्यकर्ताओं ने आजाद समाज पार्टी की ली सदस्यता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में विधानसभा 193 अमृतपुर में बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री व मुख्य मण्डल प्रभारी रामगोपाल, छविराम जाटव, अभिषेक आजाद मौजूद रहे। दलों को छोड़कर बहुजन समाज पार्टी, महान दल, सपा, भाजपा आदि दलों को छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष नितिन कुमार गौतम, जिला प्रभारी रामानंद दिवाकर, लीगल सेल जिलाध्यक्ष सूरज, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक गौतम, जिला महामंत्री उमेश कुमार गौतम, जिला उपाध्यक्ष प्रभारी संदीप कुमार, जिला उपाध्यक्ष प्रभारी राजू प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रभारी पंची लाल प्रधान, जिला संगठन मंत्री पंकज गौतम, जिला संगठन मंत्री अतुल कठेरिया, जिला सचिव अमित कठेरिया, विधानसभा प्रभारी रोहित गौतम, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र कुमार गौतम, विधानसभा महासचिव रंजीत गौतम, विधानसभा उपाध्यक्ष हरित गौतम, विधानसभा मीडिया प्रभारी दीपक अंबेडकर, विधानसभा सदर सूरज गौतम, नगर अध्यक्ष सदर यतेंद्र गौतम, विधानसभा सचिव विजय सिंह, विधानसभा सचिव मोहित गौतम, सेक्टर अध्यक्ष आकाश गौतम आदि मौजूद रहे।



विभिन्न दलों को छोड़कर आये कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाते प्रदेश संगठन मंत्री

# सरकारी विद्यालय की भूमि पर दबंग कर रहे है कब्जा


- जिलाधिकारी के यहां मामला विचाराधीन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सरकारी विद्यालय की भूमि पर दबंग भू-माफिया स्टे आदेश होने के बावजूद कब्जा कर रहे है।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर भी पुलिस की कान पर जूं नहीं रेंगी। जिसके चलते कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद है।

जानकारी के अनुसार बढ़पुर ब्लाक के ग्राम बरौन में स्थित सरकारी विद्यालय की भूमि पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व उसके चेहते लोगों ने मिलकर कब्जा करना शुरु कर दिया है। स्थानीय लोगों ने बुराई-भलाई के डर से नाम न छापने की बात कहते हुए बताया कि पहले भी कई बार कब्जा करने का प्रयास किया। जिसको लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई थी। बताते चले कि जिला मजिस्ट्रेट ने 9 अक्टूबर 2024 को न्यायहित में सम्यक विचारोपरान्त उपजिलाधिकारी सदर की आख्या प्राप्त होने तक साक्ष्यकारों के द्वारा मौके पर यथास्थिति बनाये रखे जाने का आदेश दिया था और इस विवाद से संबंधित सुनवाई की तिथि 20 दिसम्बर नियत की थी, लेकिन उसके बावजूद शिक्षामित्र ने अपने परिजनों के साथ मिलकर कब्जा करना शुरु कर दिया। बताया जा रहा है। 1962 में नगला गुलाल निवासी पिन्टू के पूर्वजो ने जूनियर हाईस्कूल विद्यालय के लिए यह भूमि दान में दी थी। शनिवार को तहसीलदार ने पहुंचकर काम रुकवा दिया है।



कब्जा करने के लिए डाली गयी मिट्टी

# भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 42 कार्यकर्ताओं ने किये नामांकन



बैठक को सम्बोधित करते शिव महेश दुबे

## भाजपा कार्यालय पर नवनियुक्त 15 मण्डल अध्यक्षों को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद। भाजपा कार्यालय पर जिला प्रभारी शिवमहेश दुबे व जिला चुनाव प्रभारी डॉ. सुमन चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने घोषित 15 मण्डल अध्यक्षों को सम्मानित किया। शिव महेश दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है, छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी पार्टी के लिए बड़ा महत्व रखता है, क्योंकि 1980 में स्थापित हुई भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के दम पर ही आज देश की नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। केंद्र व प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व की सरकार है। भाजपा का कार्यकर्ता सदैव राष्ट्र हित के लिए कार्यकर्ता है। विषम परिस्थितियों में भी पार्टी का कार्यकर्ता कभी टूटता नहीं है, उसी का परिणाम है की अन्य राजनीतिक दलों की तुलना में भारतीय जनता पार्टी में ही लोकतंत्र कायम है। भाजपा का संगठन चुनाव भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार पर होता है, जहां पर हर कार्यकर्ता को दायित्वों कार्य करने का अवसर मिलता है।

## जिलाध्यक्ष के लिए नामांकन करने वालों के नाम......


सुमन चतुर्वेदी को नामांकन पत्र सौंपते भाजपा नेता

फर्रुखाबाद। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शनिवार को नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हुई। चुनाव प्रभारी डॉ. सुमन चतुर्वेदी के समक्ष जिलाध्यक्ष पद के लिए 42 नामांकन हुए। वहीं प्रांतीय परिषद के लिए 11 नामांकन हुए। कौन–कौन जिलाध्यक्ष बनना चाहता है इसके लिए दावेदारों में अनुज मिश्रा, संदेश राजपूत सोहन लाल दिवाकर, रामवीर सिंह चौहान, अजीत महाजन, आदेश गुप्ता, अभिषेक त्रिवेदी, अतुल दीक्षित, फतेहचन्द्र वर्मा, प्रदीप सिंह, पीयूष द्विवेदी, दिलीप भारद्वाज, जितेन्द्र सिंह, रश्मि दुबे, कुलदीप कुमार दुबे, शैलेन्द्र सिंह राठौर, डीएस राठौर, धीरेन्द्र वर्मा, संजीव गुप्ता, बबिता पाठक, डॉ. वीके गंगवार, मयंक बुंदेला, विनीत कुमार, विमल कटियार, हिमांशु गुप्ता, रुपेश कुमार गुप्ता, सुनील कुमार रावत, सुबोध शर्मा, प्रदीप कुमार पाल, संदीप कुमार शाक्य, डॉ. हेमचंद्र वर्मा, वरुण गंगवार, अवनीश चतुर्वेदी, डॉ. भूदेव सिंह राजपूत, डॉ. प्रभात अवस्थी, आदित्य मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, शैलेन्द्र राजपूत, भाष्कर दत्त द्विवेदी, नवनीत पाल, वीरेन्द्र सिंह राठौर सहित 42 भाजपा नेताओं ने नमांकन किये। जिसमें योग्यता हाईस्कूल, इंटर, बीए, एमए, बीएससी पास दावेदार है। सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित वर्ग से दावेदारों ने अपना नामांकन किया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष भूदेव राजपूत ने दावेदारी की है। वहीं प्रांतीय परिषद के लिए 11 नामांकन हुए। जिसमें अजीत पाण्डेय, डॉ. मुकेश सिंह राठौर, स्वदेश द्विवेदी, मीरा सिंह, ममता सक्सेना, चित्रा अग्निहोत्री, अभिषेक बाथम, श्याम कुमार, वीरेन्द्र कठेरिया, सर्वेश कुशवाहा के अलावा अभिषेक बाजपेयी की दावेदारी हुई है।

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत अंतिम चरण की प्रक्रिया के तहत जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। जिला चुनाव अधिकारी डॉ0 सुमन चतुर्वेदी ने जिलाध्यक्ष पद पर

### प्रांतीय परिषद के लिए 11 लोगों ने की दावेदारी

इच्छुक कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के नामांकन पत्र प्राप्त किए। नामांकन कार्यक्रम के तहत पूरे जनपद से 42 लोगों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र जिला चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। डॉ. सुमन चतुर्वेदी, जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने जनपद के जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, सांसद मुकेश राजपूत, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक, सतपाल सिंह, दिनेश कटिहार के साथ कोर कमेटी की बैठक की। नामांकन प्रक्रिया आरंभ होते ही कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की भीड़ पार्टी कार्यालय में रही। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने जनपद में घोषित हुए 15 मंडलों के अध्यक्षों का माला पहनकर अभिनंदन किया। डा0 सुमन चतुर्वेदी ने बताया कि सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक नामांकन प्रक्रिया रही। जिलाध्यक्ष पद के लिए 42 दावेदार एवं प्रांतीय परिषद के लिए 11 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। यह सभी नामांकन पत्र प्रांतीय नेतृत्व को सौंप दिए जाएंगे। आगामी प्रक्रिया प्रांतीय नेतृत्व द्वारा संपन्न की जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, शरद गंगवार, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, अश्नील दिवाकर, विजय गुप्ता, ममता सक्सेना, अनिल प्रताप सिंह, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# शहर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए शहर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन शहर कोतवाल की अध्यक्षता हुआ। बैठक में व्यापारियों के अलावा अन्य समाजसेवियों ने भी भाग लिया। मेला रामनगरिया व मेले में शाही स्नान एवं कुम्भ मेले के चलते शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें शहर कोतवाल ने कहा कि शहर की गंगा-जमुना तहजीव को सभी मिलकर बनाये रखे। अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी, साथ ही व्यापारी नेताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, अनिल उर्फ लालू कनौजिया, अनुपम रस्तोगी, विक्की अग्रवाल, राजू गौतम, राम मिश्रा, सौरव शुक्ला, पप्पन मियां आदि लोग मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर भाकियू भानू गुट ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश एवं भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। किसानों की समस्याओं को निस्तारण कराने के लिए ज्ञापन सौंपकर कहा कि चार दिन के अंदर समाधान न हुआ तो 15 जनवरी को समीक्षा बैठक होगी, उसके बाद आंदोलन किया जायेगा।

15 जनवरी से होने वाले आंदोलन के लिए मजबूती के साथ तैयारी करें, अधिक से अधिक सदस्य बढ़ाएं। आंदोलन कलेक्ट्रेट में सिर्फ दो दिन चलेगा, यदि दो दिन में प्रशासन ने समस्या का हल नहीं किया तो तीसरे दिन भाकियू भानू गुट व भाकियू अखंड प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट से लखनऊ मुख्यमंत्री आवास कालीदास



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

मार्ग तक प्रदर्शन यात्रा निकाली जायेगी। यह आंदोलन आज तक का सबसे बड़ा निर्णायक आंदोलन होगा। इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार दीक्षित, राष्ट्रीय प्रवक्ता अखंड प्रदेश छविनाथ सिंह, जिलाध्यक्ष भाकियू नरेन्द्र सोमवंशी, देवेंद्र राजपूत, राजवीर सिंह, अमर सिंह, अवधेश सिंह, नरेंद्र सिंह सोमवंशी, धीरेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह राठौड़, लकी, मुन्ना खान, आदित्य राजपूत, अरविंद सिंह चौहान, शिशुपाल सिंह राजपूत, अमरेश कुमार शुक्ला, अंशु सोमवंशी, हरिश्चंद्र पाठक, स्वाति पांडे, नीतू राजपूत आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता की हालत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विवाहिता की तबियत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ उसकी मौत हो गयी। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद कन्नौज के ग्राम तैहसीपुर निवासी सियाराम दोहरे ने अपनी पुत्री 27 वर्षीय पूनम उर्फ प्रीति की शादी थाना मोहम्मदाबाद के ग्राम गोसरपुर निवासी सुरजीत जाटव के साथ हुई थी।

दोनों ने कोर्ट मैरेज की थी। प्रीति लगभग 8 माह की गर्भवती थी। सुरजीत का कहना है कि पत्नी प्रीति की हालत खराब थी। लिहाजा उसका मोहम्मदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बीती रात पूनम उर्फ प्रीति की अचानक मौत हो गयी। मृतका के स्वजनों नें मौके पर आकर


परिजनों को समझाती पुलिस

पति सुरजीत व मां आशा पर हत्या का आरोप लगाया। भाई राजेश की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, फॉरेंसिक टीम व नायब तहसीलदार सनी कन्नौजिया ने जांच के बाद शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# स्वामी विवेकानंद समर्पित काव्यगोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्त पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ।

शनिवार को डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता सभागार में आयोजित काव्यगोष्ठी की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अम्बर ने की। उन्होंने कहा कि लेखनी के महत्व को रेखांकित किया। कहा कि लेखनी होगी तुम्हारी दृष्टि में लोगों, हाथ में गंगाजली हमने उठाई है।

कायमगंज से पधारे मुख्य अतिथि डॉ0 राम बाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों का पुनः उद्धार किया था। स्वामी विवेकीनन्द ने उस यज्ञ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चलाया। भारत की धर्म संस्कृति और दर्शन का


काव्यगोष्ठी में सम्मानित होती युवा कवयित्री

लोहा सारे विश्व के मतमतांताओं ने मना वे विश्व सन्त थे और पुनर्जागरण के अग्रदूत थे। राम अवतार शर्मा इन्दु ने कहा कि कल किरणों की पूंजी थी तो जग मेरा वंदन करता था। कवयित्री प्रीति तिवारी ने कहा पिता यदि राम जैसे है तो मां सीता के जैसी है, पिता सागर की गहराई तो मां गंगा के जैसी है। कवि दिलीप कश्यप कलमकार ने जीवन में कुछ नाम अधूरा रहते हैं, करने हों जो काम अधूरा रहते हैं। युवा कवयित्री सोबिया रहमान ने जल्दी से हो जा बड़ी, तुझे पूरा घर देखना है, क्या करोगी पढ़कर तुझे रोटी सेकना है स्त्री विमर्श की कविता पढ़ी। उपकर मणि उपकार ने कहा कि तस्करों के हाथ ने जबसे उजाले हो गए, रोशनी वालों के भी किरदार काले हो गए गज़ल पढ़ी।

हास्य कवि राम मोहन शुक्ल ने पढ़ा उन्होंने चूम के पत्थर को धूल बना दिया, उन्होंने चूम के कांटों को फूल बना दिया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णकांत अक्षर ने किया। संयोजक कविध्वज मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक मिश्रा, निमिष टंडन, परवाना राही, सुधांशु शर्मा, रीता दुबे आदि मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक सभा में पदाधिकारियों को 50 वोट बढ़वाने की दी गई जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष कमल हसन के निवास पर जिला उपाध्यक्ष प्रभारी चांद खान की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। जिसमें पीडीए को मजबूत करने की चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने पदाधिकारियों को 50-50 वोट बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। साथ ही अल्पसंख्यक सभा का जिला सचिव हनीफ खां को बनाया गया है। जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि जो पदाधिकारी निष्क्रिय है उन्हें पद मुक्त किया जायेगा। सभी कार्यकर्ता प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार वोट बढ़वाने की जिम्मेदारी संभाले, साथ


बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी चांद मोहम्मद खां

ही गांव-गांव जाकर पीडीए को मजबूत करें। इस अवसर पर कमल हसन, मुजाहिद अंसारी, खुर्शीद अहमद, फैजान खान, नईम खान, चांद खान, आरिफ खान, सलमान खान, राजा खान, नफीस खान, मोहम्मद अज्जू, आफताब अली, नसीम खान, इरफान अली, हनीफ अंसारी, रिजवान खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# जयंती पर विशंभर दयाल को किया गया याद


विशंभर दयाल की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते भईयन मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर का जाना-माना आलीशान धर्मशाला अपने आप में एक पहचान था। जो अंग्रेजी हुकूमत के दौरान विशंभर दयाल ने बनवाया था। नुनहाई स्थित इस आलीशान धर्मशाला में प्रमुख मांगलिक व धार्मिक कार्यक्रम होते थे। विशंभर दयाल सक्सेना की जयंती पर भईयन मिश्रा ने अपने साथियों के साथ पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। विशंभर दयाल सक्सेना का जन्म 10 जनवरी 1906 को हुआ था। विशंभर दयाल सक्सेना के न रहने के बाद से इस धर्मशाला पर लोगों की दृष्टि लगी और धीरे-धीरे धर्मशाला पर कब्जा कर लिया गया। धर्मशाला में आए दिन शराब और अन्य गलत कार्य होने लगे। जिससे धर्मशाला का नाम बदनाम हुआ। दरवाजे, खिड़कियां, एंगल, गाटर, पंखा आदि निकाल लिये गये और उन्हें बेंच दिया गया। धर्मशाला में बढ़ती अराजकता पर अंकुश लगाने के लिए जब कोई नहीं आया तो फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष समाजसेवी भईयन मिश्रा ने कमान संभाली और धीरे-धीरे धर्मशाला को कब्जा मुक्त कराया। एक दर्जन लोगों को बाहर

### भईयन मिश्रा ने अराजकतत्वों से धर्मशाला को कराया मुक्त

निकाला गया। काफी कठिनाइयों के बाद धर्मशाला कब्जा मुक्त हुआ। तभी फर्जी मुकदमे खिलवाने का प्रयास किया गया। भईयन मिश्रा ने अपने कुछ साथियों के साथ संकल्प लिया और कई महीनों की मेहनत के बाद धर्मशाला का जीर्णोद्वार कराकर पहले जैसा कर दिया।

पुनः निर्माण के बाद दूसरी वर्ष से धर्मशाला में मांगलिक कार्य होने लगे। 70 वर्ष पूर्व इस धर्मशाला को बहुत अच्छा बनवाया गया था। धर्मशाला के निर्माण के 70 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को विशंभर दयाल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया और उनके कार्यों को देखते हुए इस धर्मशाला को सिंबल देते हुए मांगलिक कार्यों के लिए शुरु कराया गया। अब यह धर्मशाला फ्री में निर्धन बहनों की शादियों के लिए मिलेगा। साफ-सफाई के नाम पर कुछ शुल्क सभी लोगों के सहयोग से रखा गया है। जो श्रद्धानुसार दे सकता है। अब गरीब लोग भी अपने मांगलिक कार्य इस धर्मशाला में निःशुल्क कर सकेंगे। इस कार्य के लिए सभी ने भईयन मिश्रा की सराहना की। प्रत्येक वर्ष विशंभर दयाल के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे और गरीबों को कम्बल, वस्त्र वितरण के साथ भोजन भी कराया जाता है। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विशंभर दयाल सक्सेना की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर सभासद आलोक मिश्रा, असलम अंसारी सभासद, कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ नन्हें पंडित, अतुल शंकर दुबे, प्रबल त्रिपाठी, भप्पू सोनी, अफरोज आलम खान उर्फमल्लू, हाजी शादाब, रईस नवाब, नीशू दुबे, प्रिंस शुक्ला, हर्ष तिवारी, कोमल पांडे, मोहित खन्ना, सुनील मिश्रा, सुबोध अवस्थी, संजीव अग्निहोत्री, संजू तिवारी, अमित मिश्रा राम, अभिनव शुक्ला, सूर्याश तिवारी, अंकित सैनी, संजय गुप्ता, मिन्टी गुप्ता, आलोक मिश्रा, रिंकू दुबे, पवन अग्रवाल, अमित यादव गोल्डी, दिलीप सक्सेना, शालू सक्सेना, मीनू गुप्ता, जावेद खान, शाहिद आदि उपस्थित रहे।

# अध्यात्मिक ज्ञान से ही मावन का विकास सम्भवः भगवताचार्य संतोष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भगवताचार्य संतोष ने भारतीय वैदिक अध्यात्मिक ज्ञान के चिंतन की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि अध्यात्मिक व व्यवहारिक ज्ञान, किताबी ज्ञान दोनों ही मानव जीवन में एक दूसरें के पूरक है। ज्ञान मन, बुद्धि, चिंतन और शरीर को शुद्ध एवं शांति प्रदान करता है।

पहले ज्ञान ऋषियों, मुनियों के आश्रम गुरुकुल के द्वारा मानव जीवन को सफल बनाने के लिए दिया जाता था। जो अध्यात्मक के साथ ज्ञान, विज्ञान और मानव जीवन में व्यवहार की शिक्षा दी जाती थी। वर्तमान समय में शिक्षा पद्धति में व्यवसायिक शिक्षा, नई शिक्षा, कौशल विकास की शिक्षा दी


प्रवचन करते भगवताचार्य संतोष मौजूद भक्तगण

जा रही है, लेकिन मानव विकास चरित्र निर्माण, समाजिक जीवन की व्यवहारिक शिक्षा का आभाव दिखायी दे रहा है। श्रीमद् भागवत कथा में ईश्वरीय ज्ञान के साथ प्राचीन भारत की सभ्यता की शिक्षा मिलती है। जिसको कथाओं में सत्संग में ज्ञान प्राप्त होता है। मानव जीवन इस लोक और परलोक दोनों जीवन बनते है। भगवान के नाम का स्मरण, हरिनाम संकीर्तन और मानव सेवा, परोपकार करने का आवाह्न किया। उन्होंने श्रीमद् भागवत में मानव जीवन की सुख-दुख की अध्यात्मिक एवं मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करते हुए कहा कि मानव जीवन जैसा विचार, जैसी दृष्टि और कर्म करता है वैसा ही उसका स्वरुप बन जाता है। प्रभु की प्राप्ती का सरल उपाय बताते हुए भगवताचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत में भगवान की लीलायें उनकी कथायें प्रेरणादायक है और उनके प्रसंगों से राजा हिमाचल की कथा, शिव-सती, पार्वती की कथा, ध्रुवों के ज्ञान एवं भक्ति के प्रसंग, सती अनुसूइया का प्रसंग, गंगा का अवतरण की कथा के माध्यम से मनुष्य को श्रेष्ठ बनाने का मार्ग दर्शन किया। कथा विराम पर आरती सम्पन्न हुई और प्रसाद वितरित किया गया। सुरेन्द्र सफ्फड़, जितेन्द्र अग्रवाल, पवन अग्रवाल, डा0 मनोज महरोत्रा, गिरधर गोपाल, हर्षित सिगतिया आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**फतेहपुर ,बाराबंकी।** सीएमओ ने शनिवार दोपहर को फतेहपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी अवधेश यादव ने फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे।इस दौरान उन्होने एक्स-रे कक्ष,इमरजेंसी कक्ष,महिला वार्ड, डिस्पेंसरी,कोल्ड चेन कक्ष,शिशु वार्ड,एनवीएसयू,लेबर रूम, औषधि भंडार,अधीक्षक कक्ष, उपस्थिति पंजिका सहित अस्पताल के विभिन्न स्थान ऑन कार्य निरीक्षण कर बारीकी से जानकारी प्राप्त की।सीएमओ ने महिला वार्ड में मौजूद डिलीवरी के लिए भर्ती हुईं श्रद्धा मिश्रा पत्नी शिव पूजन अवस्थी निवासी रामपुर मथुरा से अस्पताल मे मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओ के बारे में जानकारी ली।

# एसडीएम ने गौवंशों को खिलाया चना व गुड़

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर में निनावली रोड़ पर स्थित नगर पंचायत द्वारा निर्मित कान्हा गौशाला का शनिवार को एसडीएम माधौगढ़ मनोज कुमार ने निरीक्षण कर गौवंशो का हाल चाल जाना तथा गुड़ चना खिलाये। सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए शासन के निर्देश पर एसडीएम माधौगढ़ ने नगर पंचायत में स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। जिसमे गौशाला में स्थित गौवंशो की संख्या की जानकारी ली गई। जिसमे चेयरमैन गायत्री वर्मा ने बताया कि वर्तमान में गौशाला में 250 गोवंश मौजूद हैं। एसडीएम ने गौशाला के बाड़ो में मौजूद गौवंशो को देखा तथा सर्दी से बचाव के लिए लगे गर्म हीटर को देखा तथा गौशाला में आग


गाय को गुड़, चना खिलाते एसडीएम व ईओ।

का प्रवंधन देखा। वही गौशाला की व्यवस्था को देख एसडीएम द्वारा संतोष जताते हुए गौशाला की गायों को अपने हाथों से गुड़ व चना खिलाकर प्रणाम किया। निरीक्षण के दौरान गौवंशो को मिलने वाला चारा आदि की व्यवस्थाओं को देखा गया। वही गौशाला के कर्मचारियों द्वारा एसडीएम को प्रत्येक जानकारी उपलब्ध कराई। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनोज कुमार ने नगर पंचायत द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो को भी जाँचा। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्य की सराहना की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनोज कुमार, रामपुरा चेयरमैन गायत्री वर्मा, प्रतिनिधि ओमप्रकाश वर्मा, अधिशासी अधिकारी रामानन्द यादव, लिपिक जितेन्द्र आदि सहित गौशाला के कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवती को सोशल मीडिया पर बदनाम करने में तीन पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी एक युवती के भाई के साले कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला नगला दीना भोलेपुर निवासी आनंद की पत्नी पूजा अहिरवार ने 20 नवंबर को युवती की फोटो फेसबुक पर लगाकर वायरल कर दी और युवती के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी कर उसे बदनाम करने की कोशिश की। जिससे युवती का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। जिससे परेशान युवती ने आनंद की पत्नी पूजा अहिरवार, उसके पिता गिरीश चंद्र व उसकी मां विजय लक्ष्मी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# संस्थाओं का कमजोर होना पूरे राष्ट्र के लिए नुकसानदेह : धनखड़

▸ राजनीति में सामंजस्य केवल एक इच्छा नहीं है, बल्कि एक वांछनीय पहलू है

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को बुद्धिजीवियों की गुटबाजी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी संस्था का कमजोर होना राष्ट्रीय हित में नहीं है।

श्री धनखड़ ने कर्नाटक के बेंगलुरु में सभी राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस समय देश की राजनीति बहुत विभाजनकारी है। राजनीतिक संगठनों में उच्च स्तर पर बातचीत नहीं हो रही है। राजनीतिक विभाजन, खराब राजनीतिक माहौल जलवायु परिवर्तन के उन प्रभावों से कहीं ज्यादा खतरनाक है जिनका हम सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में सामंजस्य केवल एक इच्छा नहीं है, बल्कि एक वांछनीय पहलू है। सामंजस्य अनिवार्य है। अगर राजनीति में सामंजस्य नहीं है, अगर राजनीति विभाजनकारी है, कोई संचार चैनल काम नहीं कर रहा है तो यह राष्ट्र के लिए बहुत नुकसानदेह है। श्री धनखड़ ने कहा कि कोई भी एक संस्था अगर कमजोर होती है, तो इसका नुकसान पूरे देश को होता है। संस्थाओं को मजबूत करना चाहिए। राज्यों और केंद्र को मिलकर काम करना चाहिए। उन्हें तालमेल के साथ काम करना चाहिए। जब राष्ट्रीय हित की बात आती है तो उन्हें एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाना चाहिए। राष्ट्र के सामने आने वाले मुद्दों को नजरअंदाज करने के बजाय बातचीत और चर्चा के जरिए हल करने की जरूरत पर जोर देते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि हम एक ऐसे देश में रह रहे हैं जहां विभिन्न विचारधाराओं का शासन होना निश्चित है। यह समाज में समावेशिता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर बैठे सभी लोगों को संवाद बढ़ाना चाहिए और आम सहमति पर विश्वास करना चाहिए। उन्हें हमेशा विचार-विमर्श के लिए तैयार रहना चाहिए। देश के सामने मौजूद समस्याओं को पृष्ठभूमि में नहीं धकेला जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा कि मैं सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेतृत्व से एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र और माहौल बनाने का आग्रह करता हूं जो औपचारिक, अनौपचारिक संवाद, चर्चा उत्पन्न कर सके। आम सहमति वाला दृष्टिकोण, चर्चा हमारे सभ्यतागत लोकाचार में गहराई से निहित है। उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवियों से मार्गदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। जब सामाजिक वैमनस्य और कोई समस्या हो, तो बुद्धिजीवियों से सामंजस्य की अपेक्षा की जाती है। लेकिन बुद्धिजीवियों के गुट बन जाते हैं। वे ऐसे ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करते हैं जिन्हें उन्होंने पढ़ा नहीं होता। उन्हें लगता है कि अगर कोई खास व्यवस्था सत्ता में आती है, तो ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना पद पाने का 'पासवर्ड' है।

### सेवानिवृत्ति के बाद की भर्ती एक समस्या

उपराष्ट्रपति ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की भर्ती एक समस्या है। कुछ कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। यह अच्छा नहीं है। देश में हर किसी को हक मिलना चाहिए और वह हक कानून में किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई भी उदारता संविधान निर्माताओं की कल्पना के विपरीत है। श्री धनखड़ ने कहा कि लोक सेवा आयोगों में नियुक्ति संरक्षण या पक्षपात से प्रेरित नहीं हो सकती। कुछ प्रवृत्तियाँ दिखाई दे रही हैं। ऐसा कोई लोक सेवा आयोग अध्यक्ष या सदस्य नहीं रखा सकता है जो किसी खास विचारधारा या व्यक्ति से बंधा हो। ऐसा करना संविधान के ढांचे के सार और भावना को नष्ट करना होगा।

# महिला हॉकी इंडिया लीग आईपीएल जैसा ही प्रभाव डालेगी : रानी रामपाल



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल को उम्मीद है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) युवा लड़कियों के लिए ब्रिस्बेन और उसके बाहर 2032 ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का मंच तैयार करेगी।

हाल ही में रोहतक में साई मीडिया से बात करते हुए, रानी को लगता है कि महिला एचआईएल का पहला संस्करण महिला हॉकी को उसी तरह बढ़ाएगा जैसे महिला प्रीमियर लीग ने महिला क्रिकेट के लिए किया था।

रांची में 12 से 26 जनवरी के बीच होने वाली पहली महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब शामिल हैं।

रानी रामपाल पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच के रूप में काम करेंगी। सहायक स्टाफ के रूप में यह उनका पहला कार्यकाल होगा। हरियाणा की 30 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, को लगता है कि एचआईएल सही समय पर आई है जब महिला हॉकी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद बदलाव की कोशिश कर रही है।

# भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को बताया शीशमहल वाला आपदा-ए-आजम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को शीशमहल वाला आपदा-ए-आजम बताया है।

भाजपा ने सोशल मीडिया पर शनिवार को एक पोस्टर जारी कर श्री केजरीवाल को शीशमहल वाला आपदा-ए-आजम बताया। दिल्ली भाजपा की ओर से जारी किया गया यह पोस्टर फिल्म जोधा अकबर का एडिटेड पोस्टर है और इसमें श्री केजरीवाल को शीशमहल वाला आपदा-ए-आजम बताया। इसके अलावा भाजपा ने फिल्म वेडनसडे का एडिडेट वीडियो भी जारी किया है, जिसमें श्री केजरीवाल को महाठग बताया गया है।

इससे पहले भाजपा ने श्री केजरीवाल को लेकर भूलभुलैया फिल्म का एडिटेड पोस्टर जारी किया था, जिसमें श्री केजरीवाल को चुनावी हिंदू बताया था।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। यहां 05 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 08 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### भाजपा का नया गीत 'ईमानदारी की टोपी पहनाकर, घोटालों से चूना लगाकर' हुआ जारी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को शीशमहल आपदा फैलाने का अड्डा नाम से दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये एक नया गीत जारी किया, जिसका बोल ईमानदारी की टोपी पहनाकर, घोटालों से चूना लगाकर है। इस गीत को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने जारी किया। इस मौके पर उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुये कहा कि मुगलों का राज जब दिल्ली में था, तो लोग महल देखने आते थे, लेकिन आप-दा वाले आजम ने दिल्ली वालों के खून पसीने को लूटकर जो शीशमहल बनवाया है, वह दिल्ली के माथे पर कलंक है। उन्होंने कहा कि आज दिल्लीवाले के सामने शीशमहल है, लेकिन उसके बावजूद रोज उसे छुपाने की कोशिश की जाती है।

# नवागत मण्डलायुक्त ने किया पदभार ग्रहण

▸ मण्डलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय का पटलवार निरीक्षण कर अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में ली जानकारी

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**



विंध्याचल मंडल के नवनियुक्त मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने आयुक्त कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने से पहले मण्डलायुक्त ने विंध्याचल धाम पहुंचकर माता विंध्यवासिनी का विधि विधान के साथ दर्शन-पूजन किया। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व आयुक्त कार्यालय में मण्डलायुक्त को गार्ड आफ ऑनर दिया गया। पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि महाकुंभ मेला 13 जनवरी 2025 से प्रारंभ होकर 26 फरवरी 2025 तक चलेगा उसको लेकर तैयारी की जा रही है जिसमें होल्डिंग एरिया के अतिरिक्त घाटों की साफ सफाई, पानी के अंदर बैरीकेटिंग व्यवस्था आदि व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिलाधिकारी से भी वार्ता की गई। उनके द्वारा बताया गया कि महाकुंभ मेला की तैयारी के दृष्टिगत फील्ड में भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त हमारी प्राथमिकता शासन की नीतियां तहत जीरो पावर्टी एक ऐसी योजना है जिसे प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदियनाथ ने पहली बार लान्च किया है इसमें हर गांव के ऐसे गरीब व्यक्ति हैं, कम से कम ऐसे 25 लोगों को लाभान्वित किया जाना है जिससे कि उन्हें गरीबी से उभारा जा सके। इसके लिए उन्हें योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है या नहीं मिल पा रहा है इसे धरातल पर उतरने के लिए गंभीरता के साथ कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री का भी कार्य चल रहा है। किसानों के डाटा को डेटाइज किया जा रहा है तथा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हमारे मंडल में अच्छा हो और गति के साथ कार्य कराया जाएगा। प्रधानमंत्री सोलर ऊर्जा योजना के तहत रिव्यू कर इसको भी अधिकांश लोगों को लाभान्वित कराया जाएगा ताकि उनके बिजली पर खर्च होने वाले पैसों की बचत हो सके। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जितनी भी सरकार की योजनाएं हैं उसको धरातल पर कैसे उतारा जाए और लाभार्थियों को उसका लाभ मिल सके इसके लिए इसके लिए कठिन परिश्रम करते हुए आगे ले जाएंगे। तदुपरान्त मण्डलायुक्त के द्वारा आयुक्त कार्यालय में मण्डलीय अधिकारियों से उनका परिचय प्राप्त करने के उपरान्त कार्यालय का भ्रमण कर पटलवार अधिकारियों-कर्मचारियों से उनके द्वारा सम्पादित किए जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, अपर आयुक्त न्यायिक आशीष शुक्ला, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर शक्ति प्रताप सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग विरेन्द्र कुमार, उप आबकारी आयुक्त श्रीराम पाण्डेय आदि मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# आवंटित दुकानों पर ही लगाएं दुकान, अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई

### बार-बार कहने के उपरांत भी आवंटित दुकानों पर दुकान न लगाकर सड़क के किनारे किया जा रहा अतिक्रमण

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।** बथुआ आयुक्त कार्यालय के सामने नगर पालिका के द्वारा बनाई गई दुकानों को रेहड़ी, पटरी दुकानदारों को आवंटित किया गया था, परंतु उन लोगों के द्वारा बार-बार कहने के उपरांत भी अपने आवंटित दुकानों पर दुकान न लगाकर सड़क के किनारे अतिक्रमण किया जा रहा हैं। अपर जिलाधिकारी वि0्रा0 शिव प्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह व जिला प्रशासन के द्वारा पुनः अतिक्रमण को हटवाया गया। अपर जिलाधिकारी वि0्रा0 ने दुकानदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगे से अपने आवंटित दुकानों पर ही दुकान लगाए, सड़क पर दुकान लगाए जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### बीएसएनएलईयू के चुनाव में वंशराज अध्यक्ष, सचिव राजेश पाल



**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।** अनगढ़ स्थित कार्यालय में बीएसएनएलईयू जिला मिर्जापुर का अधिवेशन व चुनाव केआर यादव सर्किल सेक्रेटरी, आरके मिश्र प्रांतीय अध्यक्ष की देखरेख में हुआ। जिसमें काम0 नागेन्द्र सिंह जिला सचिव निर्वाचित घोषित हुए ।साथ में काम0 बंशराज पाल जिला अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष काम0 आर0 जे0 पाल,संगठन सचिव काम0 राजेश पाल चुने गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में रेलगाड़ी से कट कर विवाहिता ने दी जान



**समृद्धि न्यूज, राजगढ़ (मिर्जापुर)।** चुनार कोतवाली थाना क्षेत्र के चौकी चकगम्भीरा अंतर्गत ग्रामपंचायत धौंहा स्थित 50 वर्षीय विवाहिता ने रेलगाड़ी से कटकर जान दे दी। गांव निवासी अंबिका सिंह पटेल ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम भोजन करने के बाद वह अपने बैठका में सोने चले गए ।उनकी 50 वर्षीय पत्नी भाग मनी देवी और बहू मंशा देवी अपनी आठ माह की पुत्री के साथ अपने अपने रूम में सोने चली गई। देर रात ग्राम प्रधान सतनारायण पाल द्वारा फोन पर सूचना मिली कि एक महिला रेल की पटरी पर मृत्यु पड़ी है ।उसको देखने हेतु पहुंचे जहां पर उन्होंने मृत पड़े शव की पहचान अपने पत्नी 50 वर्षीय भागमनी देवी के रूप में की। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी चक गंभीरा शेषबहादुर ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। मृतका के पति पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अंबिका पटेल की माने तो घर में किसी से कोई भी विवाद नहीं हुआ था ।घर से रेलवे लाइन की दूरी लगभग 2 किलोमीटर के लगभग है ।रात में पता नहीं कब किसी को बिना बताए पत्नी निकल गई ।दोनों बेटे 25 वर्ष मोनू और 18 वर्ष गोलू महाराष्ट्र में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते है।

### मृत युवक के पिता की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौही गांव निवासी विनोद कुमार ने शुक्रवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर अज्ञात बाइक के चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पडताल करने में जुट गयी है। दिए गये तहरीर में बताया है पुत्र 23 वर्ष लक्ष्मण बाइक से बीते 2 जनवरी की शाम 7 बजे हलिया बाजार से वापस घर लौट रहा था की जैसे ही कुंबरा मुर्गी फार्म के पास पहुंचा की तेजगति लापरवाही पूर्वक अज्ञात बाइक चालक बडौही निवासी बबुलेश मेरे पुत्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पुत्र पेड से टकराकर गंभीर रुप से घायल हो गया और पुत्र की उपचार के दौरान मौत हो गयी है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पडताल करने में जुट गयी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की मृत बाइक युवक की पिता की तहरीर पर अज्ञात बाइक के चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पडताल किया जा रहा है।

### दुर्घटनाग्रस्त फैक्ट्री से तीन शव और बरामद

एजेंसी, मुंगेली। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के सरगांव में ग्राम पंचायत रामबोड़ स्थित कुसुम लोहा फैक्ट्री में साइलो के गिरने से राखड़ में दबे एक इंजीनियर का शव मिला है इसके अलावा दो मजदूरों के शवों को सुबह तक ढूंढकर निकाला गया। लगातार 40 घंटे चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीम ने अंजाम दिया। इस तरह से इस हादसे में अब तक चार लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। साइलो के नीचे दबे मिले शवों की पहचान बिलासपुर के सरकंडा निवासी इंजीनियर जयंत साहू के अलावा दो मजदूर अवधेश कश्यप और प्रकाश यादव के रूप में हुई है। तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिम्स, बिलासपुर भेजा गया है। इसके पहले एक मजदूर मनोज धृतलहरे को घायल अवस्था में घटना स्थल से निकाला गया था,जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी।

# कुंभ मेला को लेकर अंतरराज्यीय व अंतरजनपदीय सीमा का निरीक्षण कर एसपी ने दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**



पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने कुंभ मेला के मद्देनजर ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के यूपी एमपी अंतरराज्यीय सीमा व प्रयागराज-मिर्जापुर अंतर्जनपदीय सीमा पर स्थापित अस्थाई पुलिस चौकी और चेकपोस्ट का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने अंतर्जनपदीय सीमा पर बने चेक पोस्ट और मोर्चा घर का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों से कहा कि प्रयागराज जाने वाले प्रत्येक वाहनों की चेकिंग करें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी तरह से लापरवाही नही बरतें। संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के यूपी एमपी सीमा पर भैसोड़ बलाय पहाड़ चेक पोस्ट पर रात्रि में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के लिए प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज को निर्देश दिया। अंतर्राज्यीय सीमा पर बने चेक पोस्ट पर पुलिस सहायता केंद्र का बोर्ड लगाए जाने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने मौजूद पुलिसकर्मियों से सख्त लहजे में कहा कि कुंभ मेला को देखते हुए ड्यूटी में लापरवाही नही बरतें। वाहनों की चेकिंग में सावधानी बरतें। एसपी ने आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त में तेजी लाने का निर्देश दिया।कहा कि यदि सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही पाई गई तो कार्रवाई तय है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अरविंद सरोज एसआई भरत राय, त्रिलोचन प्रताप सिंह काशी सिंह हेड कांस्टेबल मूल चंद वर्मा, इंद्रजीत यादव आदि मौजूद रहे।

### सड़क किनारे झाड़ी में मिला 45 वर्षीय व्यक्ति का शव, सनसनी

**समृद्धि न्यूज, लालगंज (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्गके बसही कलां संपर्क मार्गपर सड़क किनारेझाड़ीमेंशनिवार को शव मिलनेसेसनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचेग्राम प्रधान नेशव मिलनेकी जानकारी पुलिस को दे दीहै। मिर्जापुर-रीवा फोरलेन सेबसही कला गांव संपर्क मार्गपर हाईवेसेचंद मीटर की दूरी पर लगभग 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शवपाया गया। शव सड़क के किनारेपड़ा हुआ था। सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों नेशव को देख शोर मचातेहुए ग्राम प्रधान रहीशअहमद को सूचना दी है। शव की खबर मिलतेही प्रधान मौके पर पहुंचकर शव की पहचान करानेका प्रयास किया, लेकिनआसपास के किसी भी व्यक्ति द्वारा पहचान न होनेपर उन्होंनेतत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। शव मिलनेकी सूचना पर मौकेपर पहुंची पुलिस नेशव को कब्जेमेंलेकर शव की शिनाख्त करानेमेंजुट गई है।



### एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मिला टैबलेट व मोबाइल फोन

**समृद्धि न्यूज, चुनार (मिर्जापुर)।** छात्र-छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत चुनार के समसपुर स्थित एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कालेज एवं एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफपैरामेडिकल के 38 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक अनुराग सिंह द्वारा नि:शुल्क टैबलेट व मोबाइल फोन वितरित किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के चेयरमैन एस के सिंह,प्रधानाचार्य प्रो एस एस गोपी,उपप्रधानाचार्य ऊषा रानी आर,प्रबन्धक पंकज सिंह,विजय बहादुर सिंह,गौतम जायसवालसहित ट्रस्ट के कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में मुख्य अतिथि ने टैबलेट पाने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# हलिया थाना समाधान दिवस पर आये चार मामले, नहीं हुआ निस्तारण



**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**

स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम आशाराम बर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ है। थाना समाधान दिवस पर कुल चार मामले भूमि विवाद से संबंधित मामले आये मौके पर किसी भी मामले निस्तारण नहीं हुआ मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम व पुलिस टीम को रवाना किया गया।एसडीएम आशाराम वर्मा ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलो को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करें मामले की निस्तारण में किसी भी प्रकार लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान अशोक दुबे,लेखपाल कृष्ण चंद्र मिश्रा, संजीव उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# वन एवं वनजीवों के सुरक्षार्थ के लिए वेटनरी शिविर का आयोजन

▸ पशुपालकों को दी जाने वाली स्कीम और सरकार की ओर से दी जाने वाली गाइडलाइंस के बारे में दी जानकारी

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**



वन एवं वनजीवो के सुरक्षार्थ के लिए पशुपालन विभाग की ओर से परसिया कला में पशुपालकों को सरकार की योजनाओं और नई गाइडलाइन की जानकारी देने के लिए कैंप पशु डॉक्टर कमलेश कुमार की अगुवाई में लगाया गया।

पशु डॉक्टर ने पशुपालन विभाग कैंप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सरकार की ओर से शुरू किए गए प्रोग्राम इंफॉर्मेशन नेटवर्क फॉर एनिमल प्रोडक्टिविटी एंड हेल्थ के तहत पशुपालकों को दी जाने वाली स्कीम और सरकार की ओर से दी जाने वाली गाइडलाइंस के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पशुओं की नस्ल बदलने के लिए उत्तम दर्जे के सीमन से मुफ्त गर्भधान की स्कीम की शुरू हो रही है। जिसके लिए पशुपालकों को अपना आधार कार्ड और मोबाइल नंबर विभाग के पास रजिस्टर कराना होगा। इसके साथ साथ इन स्कीमों का लाभ लेने के लिए पशुओं के कान में 12 नंबरों का वीआइडी टैग भी लगाना अनिवार्य होगा। बरसात के मौसम को देखते हुए पशुओं को गलघोटू की बीमारी से बचाने के लिए वैक्सीन करने का काम मुकम्मल हो चुका है। मुंह और खूर की बीमारी की रोकथाम के लिए पशुओं को वैक्सीन करने का काम जोर शोर से विभाग की ओर से किया जा रहा है। इस दौरान रेंजर अवध नारायण मिश्रा,वन्यजीव रक्षक शीतला बक्स सिंह, अरविंद कुमार, रामदास आदिवासी, पशुधन प्रसार अधिकारी विपुल राय व अन्य लोग मौजूद रहे।

### नवागत एसपी ने विंध्याचल पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**विन्ध्याचल (मिर्जापुर)।** महाकुंभ मेला को लेकर नवागत पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने शनिवार को विन्ध्याचल पहुंच कर विंध्यधाम का सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विंध्यधाम में दर्शन पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सतर्कता बरतने के लिये आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने विंध्याचल में कंट्रोल रूम, ड्यूटी प्वाइंट, सीसीटीवी कैमरे को चेक किया। श्रद्धालुओं के ठहरने और पार्किंग स्थल को लेकर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए।